CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स


अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 24°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 1 अगस्त 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 200 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 6 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



स्कूलों के विलय पर योगी सरकार का यूटर्न

पेज 2



ओवल टेस्ट: गिल ने तोड़ा गावस्कर का रिकॉर्ड

खेल टाइम्स



सियाम की परछाइयां: मंदिर, युद्ध और वैश्विक शतरंज

सम्पादकीय



हो सकता है, भारत को तेल बेचे पाक: ट्रम्प

पेज़ 12

# मालेगांव विस्फोट मामले में साध्वी प्रज्ञा समेत सभी आरोपी बरी

मुंबई, वार्ता



- एनआईए कोर्ट का फैसला, विस्फोट में छह लोग मारे गए थे और 101 अन्य घायल हुए थे, कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं
- फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे पीड़ित परिवारों के वकील

**सितम्बर** 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में गुरुवार को मुंबई की एक विशेष अदालत ने पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। इस विस्फोट में छह लोग मारे गए थे और 101 अन्य घायल हुए थे।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के मामलों की सुनवाई के लिए नियुक्त विशेष न्यायाधीश एके लाहोटी ने अभियोजन पक्ष के मामले और की गई जांच में कई खामियां बताईं। उन्होंने कहा कि आरोपियों को संदेह का लाभ मिलना चाहिए। विस्फोट के सभी छह पीड़ितों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये और सभी घायलों को 50-50 रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। पीड़ित परिवारों के वकील एडवोकेट शाहिद नदीम ने कहा कि बम विस्फोट की पुष्टि कोर्ट ने कर दी है। हम इस बरी करने के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे। हम स्वतंत्र रूप से अपील दायर करेंगे। 29 सितम्बर 2008 को मुंबई से लगभग 200 किलोमीटर दूर मालेगांव शहर में एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल पर बंधे विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से छह लोगों की मौत हो गई थी। धमाके में 100 से अधिक घायल हुए थे। न्यायाधीश ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि मामले को संदेह से परे साबित करने के लिए कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं है। मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधान लागू नहीं होते। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल प्रज्ञा ठाकुर के नाम पर पंजीकृत थी, जैसा कि अभियोजन पक्ष ने दावा किया है। यह भी साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट कथित तौर पर बाइक पर लगाए गए बम से हुआ था। अदालत ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। कोई भी धर्म हिंसा का समर्थन नहीं कर सकता। अदालत केवल धारणा और नैतिक -**शेष पृष्ठ दो पर**

# लैंडस्लाइड से केदारनाथ यात्रा रुकी गाजियाबाद में सोसाइटी का बेसमेंट धंसा

**नई दिल्ली।** यूपी के गाजियाबाद में रात भर की बारिश में पूरा शहर जलमग्न हो गया।

## 2500 लोग फंसे

क्रॉसिंग रिपब्लिक के पास सुशांत एक्वापोलिस सोसाइटी का बेसमेंट करीब 15 फीट धंस गया। बेसमेंट में खड़ी 4 गाड़ियां मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गईं।

दूसरी तरफ, उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में मुनकटिया के पास बुधवार को लैंडस्लाइड हुई। इससे केदारनाथ जाने वाला पैदल रास्ता बंद हो गया, यात्रा 4 दिन के लिए स्थगित कर दी गई। सड़क के अचानक बंद होने से गौरीकुंड में लगभग 2,500 तीर्थयात्री फंस गए हैं।

## दिल्ली-एनसीआर में मध्यम बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली।** दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अगले दो दिन के दौरान हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार लोनी देहात, हिंडन वायुसेना स्टेशन, गाजियाबाद, इंदिरापुरम, छपरौला, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद और बल्लभगढ़ के इलाकों में बारिश का अनुमान है। सुबह न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा और दिन का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। पिछले कई दिनों में राजधानी में हुई भारी बारिश से दिल्लीवासियों को अनेक स्थानों पर जलभराव और यातायात जाम की समस्या का सामना करना पड़ा।

## लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्षी दलों ने बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण मामले को लेकर गुरुवार को भारी हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दो बार के स्थगन के बाद चार बजे तीसरी बार जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की, विपक्षी दलों के सदस्य हंगामा और नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोंबीच आ गए। हंगामे के बीच ही वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिकी टैरिफ पर संसद में बयान दिया और कहा कि भारत और अमेरिका के बीच वार्ता जारी है, लेकिन भारत अपने घरेलू उद्योगों की रक्षा करेगा।

## मुंबई एयरपोर्ट पर आठ करोड़ की ड्रग्स जब्त


**मुंबई।** मुंबई कस्टम डिपार्टमेंट के एविएशन अधिकारियों ने 8 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की है। यह कार्रवाई 29 और 30 जुलाई को हुई। इसमें 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कस्टम ऑफिसर ने छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बैंकॉक से आई फ्लाइट नंबर वीजी-760 से तीन संदिग्ध पैसेंजर्स को रोका था। इनके सामान की जांच के दौरान 1. 990 किग्रा गांजा मिला, जिसकी बाजार में करीब 2 करोड़ रुपये की कीमत है। मुंबई एयरपोर्ट के ही एक दूसरे मामले में बैंकॉक की फ्लाइट नंबर 6ई1060 से एक पैसेंजर के पास 6.22किग्रा गांजा बरामद किया। इसकी बाजार कीमत 6 करोड़ रुपये है।

## सेना उप प्रमुख सुब्रमणि सेवानिवृत

**नई दिल्ली।** सेना उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि 39 वर्ष की उल्लेखनीय सेवा के बाद गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। सेना में उनकी विशिष्ट यात्रा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से शुरू हुई और दिसम्बर 1985 में उन्हें गढ़वाल राइफल्स में कमीशन दिया गया। असाधारण शैक्षणिक क्षमता वाले अधिकारी के रूप में उन्होंने किंग्स कॉलेज, लंदन से स्नातकोत्तर की डिग्री और मद्रास विश्वविद्यालय से रक्षा अध्ययन में एम.फिल की डिग्री प्राप्त की।

# बचकानी हठ पर उतरे ट्रम्प, टैरिफ की जिद के साथ बोले- 'भारत-रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें'

वाशिंगटन, वार्ता



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने इंडिया को डेड इकोनॉमी बताया
- कहा: मुझे क्या, आज से 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा

**भारत पर** 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत और रूस को डेड इकोनॉमी बताया। उन्होंने कहा कि भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या। एक दिन पहले ट्रम्प ने भारत पर 1 अगस्त से 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। अभी अमेरिका की तरफ से भारतीय सामानों पर औसतन करीब 10 प्रतिशत टैरिफ लगता है। इसके बढ़ने से अमेरिकी बाजार में भारतीय सामान के दाम बहुत बढ़ जाएंगे।

डेड इकोनॉमी उस स्थिति को कहते हैं जब किसी देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह ठप हो जाए या बिल्कुल सुस्त पड़ जाए। इसमें व्यापार, उत्पादन, नौकरियां और लोगों की कमाई लगभग रुक सी जाती है। विकास रुक जाता है और लोग आर्थिक तंगी में फंस जाते हैं। डेड इकोनॉमी कोई आधिकारिक आर्थिक टर्म नहीं है। ये एक बोलचाल का शब्द है, इसलिए इसे मापने का कोई सटीक पैमाना भी नहीं है। हालांकि इसे समझने के लिए कुछ आर्थिक संकेतकों का इस्तेमाल किया जा सकता है-जैसे जीडीपी, महंगाई, बेरोजगारी दर और व्यापार घाटा। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर 30 जुलाई को ऐलान किया कि भारतीय सामानों पर अमेरिका में 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। रूस से व्यापार के चलते भारत पर टैरिफ के अलावा पेनल्टी भी लगेगी। हालांकि ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि पेनल्टी कितनी होगी। उन्होंने कहा कि 25 प्रतिशत टैरिफ और पेनल्टी दोनों 1 अगस्त, 2025 से लागू होंगे। ट्रम्प के 29 जुलाई को किए गए सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा था कि भारत हमारा दोस्त है, लेकिन हमने पिछले कई सालों में उनके साथ ज्यादा कारोबार नहीं किया, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं, शायद दुनिया में सबसे ज्यादा।

## ट्रम्प ने सही कहा इंडियन इकोनॉमी मर चुकी: राहुल



- इकोनॉमी को पीएम मोदी ने मारा, ये बात पीएम और वित्त मंत्री को छोड़कर सबको पता है

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी (मृत अर्थव्यवस्था) बताने पर कहा- मुझे खुशी हुई कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने फैक्ट बताया है। राहुल ने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि भाजपा ने अडानी की मदद के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। ट्रम्प सही कह रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री को छोड़कर सभी जानते हैं कि भारत की इकोनॉमी डेड है।

## सरकार राष्ट्रीय हितों की रक्षा करेगी: पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को संसद में कहा कि भारत के निर्यात पर सीमा शुल्क लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ताजा घोषणाओं की सरकार समीक्षा कर रही है और वह राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगी। श्री गोयल ने अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार के संबंध में राष्ट्रपति ट्रम्प की घोषणाओं पर राज्य सभा में स्वत: दिए गए एक वक्तव्य में कहा कि सरकार अपने देश के किसानों, मजदूरों और सूक्ष्म, लघु तथा मझोले उद्यमों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## मोदी दोस्त बनाते हैं, बदले में क्या मिला, टैरिफ मुद्दे पर पीएम जवाब दें: प्रियंका

**नई दिल्ली।** संसद मानसून सत्र के 9वें दिन बिहार वोटर वेरिफिकेशन और अमेरिका के टैरिफ लगाने वाले मुद्दे पर विपक्ष ने हंगामा किया। लोकसभा और राज्यसभा 3-3 बार स्थगित हुईं। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को भारत पर 1 अगस्त से 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। इस पर विपक्ष ने सदन और संसद के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने टैरिफ पर जो कहा उसे सबने देखा है। प्रधानमंत्री मोदी हर जगह जाते हैं, दोस्त बनाते हैं और फिर हमें बदले में यही मिलता है।

## भारतीय सरकारी तेल रिफाइनरियों ने रूस से तेल खरीद पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** भारतीय सरकारी रिफाइनरियों ने पिछले हफ्ते रूस से तेल खरीदने पर रोक लगा दी है, क्योंकि इस महीने छूट कम हो गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने मास्को से तेल खरीदने के खिलाफ चेतावनी दी है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है और समुद्री मार्ग से आने वाले रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। रायटर्स के दावे के अनुसार देश की सरकारी रिफाइनर कंपनियों-इंडियन आयल कार्पो. , हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन , भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन और मैंगलोर रिफाइनरी पेट्रोकेमिकल लि. ने पिछले हफ्ते रूस से कच्चे तेल की खरीद नहीं की है। हालांकि संघीय तेल मंत्रालय ने रायटर्स के टिप्पणी का तुरंत जवाब नहीं दिया। रिफाइनर नियमित डिलीवरी के आधार पर रूसी तेल खरीदते हैं। निजी रिफाइनर रिलायंस इंडस्ट्रीज और नायरा एनर्जी भारत में रूस से तेल खरीदने वाली सबसे बड़ी कंपनियां मानी जाती हैं।

# भारत-अरब अमीरात व्यापक रणनीतिक साझेदारी की मजबूती को प्रतिबद्ध

- पीएम मोदी ने शेख मोहम्मद बिन जायद से की फोन पर बात

**नई दिल्ली।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात ने द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि पीएम मोदी ने बुधवार देर रात संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से टेलीफोन पर बात की। दोनों नेताओं ने भारत और अमीरात के बीच द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत करने प्रतिबद्धता दोहराते हुए द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति का सकारात्मक मूल्यांकन किया।

# किसान संपदा का बजट 6,520 करोड़ हुआ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना-(पीएमकेएसवाई) के लिए 1920 करोड़ रुपये के अतिरिक्त कुल 6520 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी है।

सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की यहां हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि आज 15वें वित्त आयोग 2021-22 से 2025-26 की अवधि में चल रही पीएमकेएसवाई के लिए 1920 करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय के साथ ही इस अवधि के लिए कुल 6520 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी गई है।

## सरकार ने दी रेलवे की 11,169 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश भर में आवागमन एवं माल परिवहन के बुनियादी ढांचे के विस्तार को गति देने के लिए गुरुवार को छह राज्यों में विभिन्न रेल खंडों पर अतिरिक्त लाइनों के निर्माण के लिए कुल 11,169 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं को मंजूरी दी।

# तेलंगाना में दलबदलू विधायकों को SC का अल्टीमेटम

शाह टाइम्स ब्यूरो



- अदालत ने विधायकों की अयोग्यता पर तेजी से निर्णय लेने का निर्देश विधानसभा अध्यक्ष को दिया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना में दलबदल करने वाले भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों की अयोग्यता पर तेजी से निर्णय लेने का निर्देश विधानसभा अध्यक्ष को दिया है।

कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि यह फैसला तीन महीने के भीतर हो जाना चाहिए, वरना लोकतंत्र को नुकसान पहुंच सकता है। कोर्ट का यह आदेश तब आया है जब कांग्रेस में शामिल हुए 10 बीआरएस विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर सात महीने बाद भी कोई फैसला नहीं हुआ। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यदि स्पीकर समय पर कार्रवाई नहीं करते तो यह 'ऑपरेशन सफल, मरीज मृत' वाली स्थिति होगी। कोर्ट ने कहा कि यह मामला 10वीं अनुसूची से जुड़ा है, जिसमें दलबदल की स्थिति में स्पीकर को त्वरित फैसला लेना होता है। कोर्ट ने स्पीकर से कहा कि वे विधायकों को प्रक्रिया में देरी नहीं करने दें और यदि ऐसा होता है, तो उनके खिलाफ प्रतिकूल निष्कर्ष निकाल सकते हैं। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि राजनीतिक दलबदल देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा हैं। अगर इसे रोका नहीं गया तो यह पूरी प्रणाली को अस्थिर कर सकता है। कोर्ट ने संसद से भी आग्रह किया कि वह विचार करे कि क्या दलबदल मामलों में स्पीकर को ही निर्णय देने का मौजूदा तंत्र उचित है या इसमें बदलाव की जरूरत है।

# कबूतरों को दाना चुगाने पर बॉम्बे हाईकोर्ट की रोक

मुंबई, वार्ता



- कहा: यह सेहत के लिए भी खतरा
- बीएमसी को दाना डालने वालों पर एफआईआर करने की परमिशन दी

**बॉम्बे हाईकोर्ट** ने कहा कि कबूतरों के झुंड को दाना डालना सार्वजनिक रूप से परेशानी पैदा करने वाला है। यह मुद्दा जन स्वास्थ्य से जुड़ा है और सभी उम्र के लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर और संभावित खतरा है।

जस्टिस जीएस कुलकर्णी और जस्टिस आरिफ डाक्टर की बेंच ने पशु प्रेमियों की दायर याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने मुंबई नगर निगम को दाना डालने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा कोर्ट ने बीएमसी को शहर के कबूतरखानों में कबूतरों के जमावड़े को रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने और कड़े उपाय लागू करने का निर्देश भी दिया। दरअसल, 3 जुलाई को इसी मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बीएमसी को किसी भी पुराने विरासती कबूतरखाने को ध्वस्त करने से रोक दिया था, लेकिन कहा था कि दाना डालने की अनुमति नहीं दे सकती। पल्लवी पाटिल, स्नेहा विसारिया और सविता महाजन ने याचिका में दावा किया था कि बीएमसी का यह काम पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का उल्लंघन करता है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि अनुमति न मिलने के बावजूद लोग कबूतरखानों में कबूतरों को दाना डालना जारी रखे हुए हैं। अब यह स्थिति और भी जटिल हो गई है, क्योंकि पिछले आदेश में याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था। नगर निगम के अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोका जा रहा है। कानून की अवहेलना की जा रही है। हम बीएमसी को ऐसे किसी भी व्यक्ति और समूहों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति देते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी-ट्रम्प दोस्ती का खामियाजा देश भुगत रहा: अजय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर 25 परसेंट टैरिफ लगाने की कड़ी निदा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दोस्ती का खामियाजा देश भुगत रहा है। राय ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा- ट्रम्प ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ ठोक दिया, साथ ही पेनल्टी भी लगा दी। नरेंद्र मोदी की 'दोस्ती' का खामियाजा देश भुगत रहा है। पीएम मोदी ने ट्रम्प का प्रचार किया और लपक-लपककर गले मिले। फोटो खिचवाकर सोशल मीडिया में ट्रेंड कराया था। आखिर में ट्रम्प ने भारत पर टैरिफ ठोक दिया। भारत की विदेश नीति पूरी तरह फेल हो चुकी है।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का समय बढ़ाने की गुजारिश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की तिथि को 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 अगस्त तक करने की मांग की है, ताकि अधिक से अधिक किसानों को लाभ मिल सके। शाही ने बताया कि उन्होंने नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर उत्तर प्रदेश के किसानों से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसलों के बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 अगस्त करने का आग्रह किया, ताकि अधिका. धिक किसान इसका लाभ ले सकें। कृषि मंत्री ने बताया कि जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए कीटनाशकों के स्थान पर जैव कीटनाशकों को प्रोत्साहित करने पर विस्तार से चर्चा की।

# करोड़ों सनातनियों से माफी मांगे कांग्रेस: योगी

## मुख्यमंत्री ने माले गांव विस्फोट में सभी आरोपियों के बरी होने पर दी प्रतिक्रिया

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माले गांव विस्फोट में सभी आरोपियों के बरी होने के बाद कांग्रेस पर निशाना साधते हुए माफी मांगने की मांग की है।

योगी ने गुरुवार को अपने ट्वीट में लिखा- मालेगांव विस्फोट प्रकरण में सभी आरो. पियों का निर्दोष सिद्ध होना 'सत्यमेव जयते' की सजीव उद्घोषणा है। यह निर्णय कांग्रेस के भारत विरोधी, न्याय विरोधी और सनातन विरोधी चरित्र को पुनः उजागर करता है, जिसने 'भगवा आतंकवाद' जैसा मिथ्या शब्द गढ़कर करोड़ों सनातन आस्थावानों, साधु-संतों और राष्ट्रसेवकों की छवि को कलंकित करने का अपराध किया है। कांग्रेस को अपने अक्षम्य कुकृत्य को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करते हुए देश से माफी मांगनी चाहिए।

महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट केस में एनआईए स्पेशल कोर्ट ने साध्वी प्रज्ञा समेत सातों आरो. पियों को बरी कर दिया है। इस केस में सात मुख्य आरोपी थे। इनमें पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, कर्नल प्रसाद पुरोहित, रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर चतुर्वेदी, समीर कुलकर्णी और सुधाकर धर द्विवेदी शामिल थे। वहीं मुख्यमंत्री योगी लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा है कि जनप्रतिनिधियों एवं शहीदों के गांवों की सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता पर रखें। योगी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सड़क, दीर्घ सेतु, लघु सेतु, आरओबी और आरयूबी, धर्मार्थ स्थलों की सड़कें, फ्लाईओवर निर्माण से सम्बन्धित प्रस्तावों पर जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए वरीयताक्रम के आधार पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

■ जनप्रतिनिधियों एवं शहीदों के गांवों की सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता मिले

### गुलामी के युग में भी भक्ति और शक्ति से तुलसीदास ने जाग्रत रखी जनचेतना

**चित्रकूट।** धार्मिक नगरी चित्रकूट में संत तुलसीदास के जयंती समारोह (तुलसी जयंती) में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 500 वर्ष पूर्व जब इस गांव की स्थिति शायद साधनों के अभाव और कठिनाइयों से ग्रस्त रही होगी, ऐसे समय में एक दिव्य आत्मा ने जन्म लिया और बाल्यावस्था में ही प्रभु श्रीराम के चरणों में स्वयं को समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि उस कालखंड में जब अकबर का साम्राज्य विस्तार पर था और दरबार में जगह पाने की होड़ थी, तब तुलसीदास जी ने रामबोला के रूप में खुद को किसी दरबारी की सेवा में नहीं बल्कि केवल प्रभु श्रीराम की भक्ति में समर्पित किया।

# ट्रम्प की चुनौती को आत्मनिर्भरता में तब्दील करे मोदी सरकार: मायावती

लखनऊ, वार्ता



आयात शुल्क पर अमेरिका द्वारा 25 फीसदी की बढ़ोतरी को देश की अर्थव्यवस्था के लिए नयी चुनौती बताते हुए बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने उम्मीद जाहिर की कि केन्द्र सरकार इस चुनौती को आत्मनिर्भरता में तब्दील करने में सफल होगी और राष्ट्र हित से कोई समझौता नहीं करेगी।

सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- मित्र देश बताने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारतीय आयात पर कल दिनांक 1 अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क तथा रूस से तेल आयात करने पर पेनाल्टी लगाने की भी नई उभरी चुनौती को केन्द्र सरकार इसे अवसर एवं आत्मनिर्भरता में बदलकर देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं होने देगी, तथा इसको लेकर देश को दिए गए इस आश्वासन पर कि किसान, छोटे व मंझोले उद्योग और राष्ट्रहित से कोई समझौता नहीं करेगी, इस पर सरकार खरी उतरकर दिखाएगी भी, ऐसी देश को आशा। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्या वाला अधिकतर ग़रीबों और मेहनतकश लोगों का देश है, जिसे हर हाथ को काम देने वाली श्रम शक्ति के बल पर देश को आगे बढ़ाने की नीति बनाकर उस पर सही से अमल किया जाए, तो देश निश्चय ही आत्मनिर्भरता के साथ-साथ 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' वाला सुखी व सम्पन्न देश बन सकता है, जिसमें ही संविधान के मानवतावादी एवं कल्याणकारी उद्देश्य के हिसाब से जन व देशहित पूरी तरह से निहित है व यह सुरक्षित भी रह सकता है। गौरतलब है कि अमेरिका ने भारत पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है और रूस से सैन्य उपकरण तथा तेल खरीदने पर जुर्माना लगाने की बात भी कही है।

# विदेश नीति व्यक्तिगत संबंधों पर नहीं होनी चाहिए: सैलजा

चंडीगढ़, वार्ता



कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ और दंडात्मक शुल्क पर कहा कि आज एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि भाजपा सरकार की तथाकथित 'व्यक्तिगत कूटनीति' और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मौन रहकर सम्मान पाने की रणनीति पूरी तरह विफल रही है।

सांसद सैलजा ने गुरुवार को कहा कि भारत की चुप्पी ऐसे ही रही, तो आने वाले समय में अमे. रिका भारत पर व्यापारिक मोर्चे पर दबाव बनाएगा। हमारी विदेश नीति व्यक्तिगत संबंधों पर नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और राष्ट्रीय हितों पर आधारित होनी चाहिए। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि कांग्रेस स्पष्ट करना चाहती है कि राष्ट्रहित केवल विदेशी नेताओं के साथ मंच साझा करने या भव्य शोभायात्राओं से सुरक्षित नहीं होता, बल्कि एक निडर, संतुलित और दूरदर्शी विदेश नीति से ही हमारे हित सुरक्षित हो सकते हैं। यह वही नीति है जिसे भारत ने इंदिरा गांधी के नेतृत्व में दृढ़ता के साथ अपनाया था, जब भारत ने न केवल अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा की, बल्कि विश्व मंच पर सम्मान भी अर्जित किया।

■ अमेरिका भारत पर व्यापारिक मोर्चे पर दबाव बनाएगा

## मर्जर का काम एक सप्ताह में कर लिया जाना है पूरा

# स्कूलों के विलय पर योगी सरकार का यू टर्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि एक किमी से अधिक दूरी वाले विद्यालयों का विलय नही होगा, वहीं जिन उच्च प्राथमिक स्कूलों की दूरी तीन किमी से अधिक होगी, उनका भी विलय नही होगा।

सिंह ने गुरुवार को यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि इसके साथ ही जिन स्कूलों में छात्रों की संख्या 50 या इससे अधिक है, उनका भी विलय नही होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में उत्तर प्रदेश में अति न्यून संख्या वाले विद्यालयों की निकटस्थ विद्यालयों के साथ ही पेयरिग की जा रही है। एक सप्ताह में मर्जर का काम पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अफवाह फैलाई जा रही है कि बच्चों की शिक्षा को सरकार खत्म कर रही है, यह गलत है। विद्यालयों की पेयरिग उत्तर प्रदेश निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिक. ार नियमावली-2011 (यथा संशोधित 2017) के अनुसार प्राथमिक विद्यालयों की पेयरिग आबादी से 1 किमी की दूरी के अन्तर्गत तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों की पेयरिग आबादी से 3 किमी के अन्तर्गत किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यालयों की पेयरिग करते समय यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि छात्र-छात्राओं की विद्यालय तक सुगम पहुंच को अवश्य ध्यान में रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि विद्यालय तक पहुंचने में किसी प्रकार का अवरोध यथा-रेलवे कॉसिंग, नदी-नाले, हाई-वे आदि संबंधी प्रतिकूल स्थिति न हो। मंत्री ने कहा कि पेयरिंग का उद्देश्य बच्चों के उन्नत भविष्य के लिए बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है। कोई भी विद्यालय बंद नहीं किया जा रहा है। उक्त के दृष्टिगत विद्यालयों का यू-डायस कोड भी यथावत रखा गया है। यदि किसी जिले में पेयरिग के संबंध में विसंगति की स्थिति है, तो इसे दूर किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में निरन्तर समीक्षा की जा रही है तथा छात्र हित में आवश्यकतानुसार पूर्व विद्यालय में पुनः संचालन के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही शिक्षकों एवं रसोईयों के पद कम अथवा समाप्त नहीं किए जा रहे हैं। पेयरिग का उद्देश्य यह भी है कि 50 तक के छात्र नामांकन वाले विद्यालयों में 3 शिक्षक (शिक्षामित्र सहित) की तैनाती सुनिश्चित करायी जा रही है, जिससे कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित हो सके।



■ एक किमी से ज्यादा दूरी वाले और 50 से ज्यादा विद्यार्थियों वाले स्कूलों का नहीं होगा विलय

### बीएचयू के नए कुलपति बने प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के नए कुल. पति के रूप में प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी की नियुक्ति की गई है। उपसचिव श्रेया भारद्वाज द्वारा इस संबंध में एक पत्र जारी किया गया है। नई दिल्ली के शास्त्री भवन से बीएचयू के रजिस्ट्रार को नियुक्ति से संबंधित जानकारी प्रेषित की गई है। प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी वर्तमान में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिग विभाग में अपनी सेवाएंदे रहे हैं। वे इससे पहले आईआईटी रुड़की के निदेशक भी रह चुके हैं।



सेंसेक्स 80695.15
निफ्टी 24768.35

सोना रु. 100502
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 115500
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में गिरावट, निफ्टी 24800 अंक से नीचे उतरा

मुंबई, वार्ता



अमेरिका के भारत पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क और जुर्माना लगाने की घोषणा के बाद गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली हावी रही, हालांकि रुपए में आई मजबूती ने बाजार को ज्यादा नहीं गिरने दिया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 296.28 अंक यानी 0. 36 प्रतिशत टूटकर 81,185.58 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 86.70 अंक (0.35 प्रतिशत) नीचे 24,768.35 अंक पर रहा। लगातार दो दिन की तेजी के बाद बाजार में गिरावट आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क और रूस से सैन्य उपकरण और तेल खरीदने के कारण जुर्माना लगाने की घोषणा की थी। इसके बाद सुबह शेयर बाजारों में बिकवाली शुरू हो गई। सेंसेक्स 786.36 अंक लुढ़ककर 80,695.50 अंक पर खुला और नीचे 80,695.15 अंक तक उतर गया। एफएमसीजी कंपनियों हिंदुस्तान यूनिलि. वर और आईटीसी के साथ इटरनल कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंकों के शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स इससे ज्यादा नहीं टूटा। दोपहर बाद यह हरे निशान में भी गया, लेकिन आखिरी घंटे में मुनाफा वसूली से फिर तेजी से गिरा। बुधवार की तुलना में 300 अंक से अधक चढ़कर एक समय यह 81,803.27 अंक पर भी पहुंच गया था।

अमेरिकी डॉलर की तुलना में रुपए में सात दिन बाद लौटी तेजी से बाजार की गिरावट सीमित रही। सेंसेक्स में हिंदुस्तान यूनिलिवर का शेयर 3.48 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। इटरनल में 1.40 प्रतिशत और आईटीसी में 1.01 प्रतिशत की तेजी रही। टाटा स्टील में 2.20 फीसदी की गिरावट रही। सनफार्मा का शेयर 1.69 फीसदी, अडानी पोर्ट्स का 1.50 और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.39 प्रतिशत की गिरावट में रहा। निफ्टी-50 भी पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले 212.80 अंक नीचे 24,642.25 अंक पर खुला। इसका दिन का निचला स्तर 24,642.25 अंक रहा, जबकि ऊपर यह 24,956.50 अंक तक मजबूत हुआ।

### आईसीएआई ने विवादों का त्वरित समाधान करेगा अंतर्राष्ट्रीय एडीआर केंद्र

**नई दिल्ली।** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान (आईसीएआई) ने विवादों के त्वरित समाधान के लिए आईसीएआई अंतर्राष्ट्रीय एडीआर केंद्र (आईआईएसी) की स्थापना की घोषणा की है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बुधवार शाम यहां उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) भारत में कोई बाहर से आयी हुई सोच नहीं है, भारतीय सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। आईसीएआई अंतर्राष्ट्रीय एडीआर केंद्र की शुरुआत के रूप में हम देश को त्वरित, न्यायपूर्ण और कम खर्चीले विवाद समाधान के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। आईसीएआई के अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने कहा कि मौजूदा उभरती कारोबारी पारिस्थितिकी में प्रभावी विवाद समाधान कोई प्रक्रियात्मक औपचारिकता नहीं है, यह एक रणनीतिक आवश्यकता है और आईआईएसी का लक्ष्य विश्वसनीयता और दक्षता के साथ इन आवश्यकताओं की पूर्ति करना है।

# यूपी मार्ट पोर्टल से एमएसएमई सेक्टर को मिलेगी नई उड़ान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को नई ऊर्जा देने की दिशा में एक और क्रांतिकारी कदम बढ़ाया है। उद्योग स्थापित करने के इच्छुक उद्यमियों के लिए अब मशीनरी की तलाश और सही सेवा प्रदाताओं तक पहुंच बनाना पहले जैसा मुश्किल नहीं रहेगा।

सरकार ने इसके लिए 'यूपी मार्ट पोर्टल' विकसित किया है, जो एक समर्पित और बहुउद्देशीय प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवा कॉन्क्लेव का उद्घाटन करने के साथ ही यूपी मार्ट पोर्टल की भी शुरुआत की। इसका उद्देश्य स्टार्टअप्स के लिए आवश्यक उपकरणों तक पहुंच को आसान बनाना है। सीएम युवा योजना के नोडल अधिकारी और ज्वॉइंट कमिश्नर इंडस्ट्रीज सर्वेश्वर शुक्ला के अनुसार इस पोर्टल पर राज्य भर के मशीनरी सप्लायर, फ्रेंचाइज़ी ओनर, सर्विस प्रोवाइडर और तकनीकी विशेषज्ञ एकत्रित होंगे। कोई भी उद्यमी यहां लॉग-इन करके अपने व्यवसाय की जरूरत के अनुसार मशीनरी की खोज कर सकेगा और ऑनलाइन संपर्क एवं कोटेशन प्राप्त कर सकेगा। उन्होंने बताया कि यूपी मार्ट पोर्टल का उद्देश्य उद्यमियों के समय, श्रम और संसाधनों की बचत करना है। इससे 'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' को भी बढ़ावा मिलेगा और राज्य में उद्योगों की स्थापना की रफ्तार तेज होगी। सरकार का यह डिजिटल नवाचार राज्य के युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करेगा और प्रदेश की औद्योगिक विकास यात्रा को नई दिशा देगा। राज्य के मशीनरी आपूर्तिकर्ताओं के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। वे पोर्टल पर अपना ऑनलाइन पंजीकरण कर, प्रदेश भर के ग्राहकों तक अपनी पहुंच बना सकेंगे। इससे उनका व्यापार बढ़ेगा और एमएसएमई सेक्टर में मांग और आपूर्ति का संतुलन बेहतर होगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**मालेगांव...**

साक्ष्य के आधार पर किसी को दोषी नहीं ठहरा सकती। इसके लिए ठोस सबूत होना जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने साबित किया कि मालेगांव में विस्फोट हुआ था, लेकिन यह साबित नहीं कर पाया कि उस मोटरसाइकिल में बम रखा गया था। अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि घायलों की संख्या 101 नहीं, बल्कि केवल 95 थी। कुछ मेडिकल प्रमाणपत्रों में भी हेराफेरी की गई थी। कोर्ट ने कहा कि श्रीकांत प्रसाद पुरोहित के आवास में विस्फोटकों के भंडारण या संयोजन का कोई सबूत नहीं मिला। पंचनामा करते समय जांच अधिकारी की ओर से घटनास्थल का कोई स्केच नहीं बनाया गया था। घटनास्थल से कोई फिंगरप्रिंट, डंप डेटा या अन्य कोई जानकारी एकत्र नहीं की गई थी। नमूने गड़बड़ थे, इसलिए रिपोर्ट निर्णायक और विश्वसनीय नहीं हो सकी। विस्फोट में कथित रूप से शामिल बाइक का चेसिस नंबर स्पष्ट नहीं था। अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर सका कि विस्फोट से ठीक पहले वह साध्वी प्रज्ञा के पास थी। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में यूएपीए लागू नहीं किया जाएगा, क्योंकि नियमों के अनुसार मंजूरी नहीं ली गई थी। इस मामले में यूएपीए के दोनों मंजूरी आदेश दोषपूर्ण हैं। अभियोजन पक्ष ने अभिनव भारत संगठन को एक सामान्य संदर्भ के रूप में इस्तेमाल किया था। इस बात का कोई सबूत नहीं है कि अभिनव भारत के धन का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिए किया गया था। हमने एडीजी एटीएस को आरोपी सुधाकर चतुर्वेदी के घर में विस्फोटक रखने के मामले की जांच शुरू करने का आदेश दिया है। इससे पहले सुबह सातों आरोपी दक्षिण मुंबई स्थित सत्र न्यायालय पहुंचे, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। आरोपी जमानत पर बाहर थे। मामले के आरोपियों में प्रज्ञा ठाकुर, पुरोहित, मेजर (सेवा. निवृत्त) रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी शामिल थे। उन सभी पर यूएपीए और भारतीय दंड संहिता तथा शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आतंकवादी कृत्य करने का आरोप लगाया गया था। अभियोजन पक्ष का दावा था कि स्थानीय मुस्लिम समुदाय को आतंकित करने के इरादे से दक्षिणपंथी चरमपंथियों ने विस्फोट की योजना बनाई थी। फैसले के बाद साध्वी प्रज्ञा ने कहा कि मैंने शुरू से ही कहा था कि जिन्हें भी जांच के लिए बुलाया जाता है, उनके पीछे कोई न कोई आधार जरूर होना चाहिए। मुझे जांच के लिए बुलाया गया और मुझे गिरफ्तार करके प्रताड़ित किया गया। इससे मेरा पूरा जीवन बर्बाद हो गया। मैं एक साधु का जीवन जी रही थी, लेकिन मुझ पर आरोप लगाए गए और कोई भी हमारे साथ खड़ा नहीं हुआ। मैं जिंदा हूं, क्योंकि मैं एक संन्यासी हूं। उन्होंने एक साजिश के तहत भगवा को बदनाम किया। आज भगवा की जीत हुई है, हिंदुत्व की जीत हुई है और ईश्वर दोषियों को सजा देगा। हालांकि, भारत और भगवा को बदनाम करने वालों को आपने गलत साबित नहीं किया। लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित ने कहा कि मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे उसी दृढ़ विश्वास के साथ अपने देश और अपने संगठन की सेवा करने का मौका दिया, जैसा मैं इस मामले में फंसने से पहले कर रहा था। मैं इसके लिए किसी भी संगठन को दोष नहीं देता। जांच एजेंसियों जैसे संगठन गलत नहीं हैं, बल्कि संगठनों के अंदर के लोग ही गलत कर रहे हैं। मैं आपको व्यवस्था में आम आदमी का विश्वास फिर से बहाल करने के लिए धन्यवाद देता हूं।

# पर्यावरण की अलख जगाने के लिए राजभवन कर्मियों की साइकिल यात्रा

लखनऊ, वार्ता

धरती को हरा भरा रखने के संकल्प के साथ राजभवन के कर्मचारियों ने बाराबंकी जिले तक 110 किमी साइकिल चलाई और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण का महत्व समझाया।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से राजभवन से बाराबंकी जिले के लिए 30 जुलाई से शुरू हुई 'एक पेड़ मां के नाम 2-0' साइकिल रैली दो दिनों में लगभग 110 किलोमीटर की यात्रा पूर्ण कर आज राजभवन में आकर समाप्त हुई। राजभवन के अधिकारियों व कर्मचारियों की यह साइकिल रैली लखनऊ से प्रारंभ होकर बाराबंकी जिले के देवा व बंकी होते हुए आज दूसरे दिन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, हरख पहुंची। विद्यालय की प्रभारी साधना सिंह के साथ शिक्षा विभाग और प्रशासन के अधिकारी एवं विद्यालय के विद्यार्थियों ने रैली दल का पारंपरिक स्वागत किया तथा पौधरोपण, स्वच्छता एवं संवाद सत्र में भाग लिया। इस दौरान तीन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कुल 600 पौधों का सामूहिक वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, छात्राओं से संवाद और हस्ताक्षर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। विद्यालय परिसरों में नीम, जामुन, मौलश्री, सहजन, छितवन, बॉटल ब्रश, अमरूद आदि प्रकार के पौधे लगाए गए। राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विद्यालय की छात्राओं से उनके कक्षाओं में जाकर संवाद किया। छात्राओं के अनुशासन, शिक्षामें रुचि और आत्मविश्वास की सराहना की गई। अधिकारियों ने बालिकाओं को जीवन में आगे बढ़ने, पर्यावरण संरक्षण करने तथा स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। विद्यालयों में पर्यावरण, स्वच्छता और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें छात्राओं, शिक्षकों एवं अधिका. रियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# खेतों में काम कर रहे किसान की गोली मारकर हत्या

## गांव अंती में दिनदहाड़े सनसनीखेज वारदात, बदमाशों की तलाश में पुलिस ने चार टीमें की गठित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** गुरुवार दोपहर थाना खतौली क्षेत्र के गांव अंति में खेत में मजदूरों के साथ काम कर रहे एक किसान को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी, जिससे घायल किसान ने इलाज के दौरान दम तोड दिया। किसान की मौत से गांव में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। मृतक किसान की पहचान 50 वर्षीय संजय पुत्र चतर सिंह निवासी अंति के रूप में हुई है, जो अपने खेत में मजदूरों के साथ कार्य कर रहा था। इस दौरान खेत के आसपास चार संदिग्ध बदमाशों की मौजूदगी की सूचना मजदूरों ने संजय को दी। बदमाशों की जानकारी मिलते ही किसान अपनी लाइसेंसी बंदूक लेकर अकेले ही





खेतों की ओर बढ़ गया। कुछ देर बाद किसान के चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन और मजदूर खेतों की ओर दौडे, लेकिन तब तक बदमाश गोली मारकर फरार हो चुके थे। किसान के पैर में गोली लगी थी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया था। परिजनों ने आनन-फानन में घायल किसान को बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**मौके पर पहुंचे अधिकारी, चार टीमें गठित:** घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी ब्रजेश कुमार शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की बारीकी से जांच की। इसके बाद एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत भी गांव पहुंचे और परिजनों से वार्ता कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। एसपी सिटी ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए चार टीमें गठित की गई हैं जो गांव के आसपास के जंगलों और लिंक रोड पर कॉम्बिंग ऑपरेशन चला रही हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कोतवाल ब्रजेश कुमार शर्मा ने भी कहा कि, एक सप्ताह के अंदर घटना का दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया जाएगा।

**पुलिस पर लापरवाही का आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश:** घटना के बाद से गांव में आक्रोश और भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना की सूचना तुरंत 112 नंबर पर दी गई थी, लेकिन पुलिस घंटों बाद मौके पर पहुंची।

इसके अलावा स्थानीय चौकी इंचार्ज पर ग्रामीणों ने अभद्रता और धमकी देने के भी आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सूचना देने के बावजूद घंटों तक ड्रोन कैमरा नहीं लाया गया, जिससे बदमाशों की तलाश में देरी हुई। वहीं, मृतक किसान के बेटों और ग्रामीणों ने बदमाशों की तलाश करते हुए एक जगह हवाई फायरिंग भी की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला।

**कड़ी निगरानी और सख्त कार्रवाई की मांग:** परिजनों और ग्रामीणों ने एसपी सिटी से लिखित शिकायत कर चौकी प्रभारी पर कार्रवाई की मांग की है।

साथ ही गांव में पुलिस की सतत गश्त और निगरानी की भी मांग की गई है। इस घटना के बाद से पूरे गांव में हड़कंप और भय का माहौल है। लोग अब खेतों में काम करने से डर रहे हैं।

# सोनीपत मे काम करने गए चौरावाला के युवक की मौत

■ एक बिल्डिंग में फेबरिकेशन का काम करते समय हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** दूसरे राज्य मे कार्य करने गये मिस्त्री का पैर बिल्डिंग से लगी पैड से फिसल गया। और वह हाईटेंशन लाइन पर गिरकर झूलस गया। गंभीर हालत मे उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गयी। युवक की मौत से परिवार मे मातम छा गया है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी 23 वर्षीय अब्दुल सलाम एल्यूमिनियम फेब्रिकेटर का कार्य करता है। बुधवार को अब्दुल सलाम हरियाणा के सोनीपत मे एक बिल्डिंग मे कार्य रहा था की अचानक उसका पैर फिसल गया। और वह गुजर रही हाई टेंशन लाइन से टकराकर नीचे



गिर गया। गंभीर रूप से घायल अब्दुल सलाम को रोहतक स्थित अस्पताल मे ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गयी। अब्दुल सलाम की मौत से पिता मौ. अरदास, माता खातून, भाई अब्दुल कलाम, मो. निस, मोहिन बहन बिलकिस, आसमीन का रोरो कर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने ठेकेदार नदीम पर अब्दुल सलाम को सुरक्षा उपकरण आदि प्रदान न करने के आरोप लगाये हैं।

# गंगाजल लेने गए लापता मोहित का नहीं लगा सुराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी क्षेत्र की मांढी की धर्मशाला के निकट रहने वाले मोहित शर्मा एक साडी के शोरूम पर काम करता है। 20 जुलाई को मोहित कांवड मेला के दौरान गंगाजल लेने हरिद्वार गया था। 22 जुलाई को मोहित का मोबाइल बंद आया तो परिजनों ने उसकी चिंता हुई, इससे पहले युवक परिजनों से लगातार बात कर रहा था। काफी प्रयास के बाद भी जब मोबाइल पर सम्पर्क नहीं हुआ तो परिवार के लोग नई मंडी कोतवाली पहुंचे और उन्होने पुलिस को बताया कि मोहित शिवरात्रि से पहले घर वापस नहीं लौटा है और उसका फोन भी बंद आ रहा है। परिजनों ने उसके साथ अनहोनी की अशंका जताते हुए पुलिस से कॉल डिटेल व उसकी लोकेशन निकलवाने की मांग की।

नई मंडी पुलिस ने तुरंत ही इस मामले में कार्यवाही करते हुए कॉल डिटेल निकलवाई तो मोहित का फोन हरिद्वार में बंद होना पाया गया। परिजनों ने हरिद्वार थाने पहुंचकर मोहित के बारे में जानकारी हासिल करने की कोशिस की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस व परिजन आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रहे है, लेकिन कांवडियां मोहित नहीं मिला।



मुजफ्फरनगर: बिजली की दरों में बढ़ोतरी के विरोध में ज्ञापन देते व्यापारी।

# रिश्वत मांगने वाले वाणिज्य कर अधिकारी हिमांशु लाल निलंबित

■ मंत्री कपिल देव अग्रवाल के हस्तक्षेप के बाद हुई कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उद्यमी से पचास लाख की रिश्वत मांगने वाले वाणिज्य कर अधिकारी हिमांशु सुधीर लाल को राज्य कर आयुक्त ने निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए हैं जिसके बाद अब उद्यमियों ने लाल के साथ जुडे अन्य अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग भी शुरू कर दी है।

दरअसल बुधवार को वाणिज्य कर अधिकारी पर एक व्यापारी से 50 लाख की रिश्वत मांगने का आरोप लगा था। इससे आक्रोशित आईआईए चेयरमैन ने आवाज उठाई तो उन्हें भी नोटिस देकर आतंकित करने की कोशिश की गई। आईआईए से जुडे उद्यमियों ने पूर्व राष्ट्रीय महासचिव अश्विनी खंडेलवाल, पूर्व केंद्र कार्यकारिणी सदस्य नीरज केडिया, पूर्व चेयरमैन अशोक अग्रवाल, पवन कुमार गोयल, मनोज अरोरा, पूर्व अध्यक्ष विपुल भटनागर की अगुवाई में व्यापारियों से अवैध वसूली करने और उन्हें धमकाने के विरोध में जीएसटी कार्यालय पर प्रदर्शन किया था। यह मामला गरमाया तो राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने भी विभागीय अधिकारियों से बात कर कार्रवाई के लिए कहा। सहारनपुर अपर आयुक्त की संस्तुति के आधार पर राज्य कर आयुक्त ने प्रथम दृष्टया आरोप को सही मानते हुए वाणिज्य कर अधिकारी हिमांशु सुधीर लाल को निलंबित कर दिया है। उन्हें निलंबित करते हुए झांसी से सम्बद्ध किया जाता है। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने निलंबन की पुष्टि करते हुए कहा कि भाजपा राज में भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई होने तक वो अधिकारियों के सम्पर्क में रहे।

# टीचर्स सेल्फ केयर टीम का बेमिसाल काम

## बीते पांच साल में 376 परिवारों को 158 करोड़ की मदद देकर बनाया रिकॉर्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दिवंगत शिक्षको के परिवार के लिए टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने 49 लाख रुपए से अधिक की मदद की। उच्च प्राथमिक विद्यालय रोनी हरजीपुर, ब्लॉक चरथावल जिला मुजफ्फरनगर में कार्यरत संजीव कुमार शर्मा का पिछले वर्ष नवम्बर के महीने में आकस्मिक निधन हो गया था। वह टीचर्स सेल्फ केयर टीम की सदस्य थे और वे खुद लगातार दूसरे शिक्षकों के परिवारों को सहयोग कर रहे थे। इस माह जुलाई में उनके परिवार का सहयोग हुआ और प्रदेश के चार लाख से ज्यादा शिक्षकों और कर्मचारियों ने मात्र 15 रुपए के सहयोग से उनके परिवार को सीधे उनके बैंक अकाउंट में 49 लाख रुपए से अधिक की आर्थिक मदद पहचाने का काम किया है। स्वर्गीय संजीव कुमार शर्मा के परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं जो अभी पढ़ रहे हैं। प्रदेश के शिक्षकों और कर्मचारियों ने दोनों बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद के साथ 49 लाख रुपए से अधिक की सहयोग राशि भेजी है ताकि उनकी आगे की पढ़ाई और घर का खर्च आसानी से चल सके।

टीचर्स सेल्फ केयर टीम के प्रदेश संगठन मंत्री और कोर टीम सदस्य डॉक्टर फर्रुख हसन ने बताया कि टीचर्स सेल्फ के टीम की स्थापना जुलाई 2020 में विवेकानंद ने हम साथियों के साथ की थी। आज मात्र पांच साल में इस संस्था से उत्तर प्रदेश के चार लाख छह हजघर से ज्यादा शिक्षक और कर्मचारी जुडे हुए हैं जो अपने दिवंगत साथी के परिवार को सीधे उनके अकाउंट में हर महीने आर्थिक मदद करते हैं। इस महीने प्रदेश के विभिन्न जिलों के 20 दिवंगत शिक्षक परिवारों को सीधे उनके अकाउंट में लगभग 10 करोड रुपए की मदद भेजी गई है। एक परिवार के अकाउंट में प्रत्येक सदस्य द्वारा मात्र 15 रुपए का सहयोग किया जाता है जिससे परिवार को लगभग 50 लाख की धनराशि सिर्फ दस दिन में मिल जाती है। टीचर्स सेल्फ केयर टीम अपने सदस्यों की सहायता से 376 शिक्षक परिवारों की लगभग 158 करोड रुपए से ज्यादा की मदद कर चुकी है। भारत के इतिहास में किसी भी संस्था द्वारा अपने साथियों के सहयोग से इतनी बडी सहायता पहली बार की गई है। टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने पिछले हफ्ते 26 जुलाई को अपना पांचवा स्थापना दिवस बाबा साहब भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी लखनऊ में मनाया था। जिसमें केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, राज्य मंत्री कपिल देव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। उन्होंने टीचर सेल्स केयर टीम की प्रशंसा की थी और कहा कि जल्द इस संस्था का कार्य गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल होगा। पीड़ित परिवार से जुडे आशीष शर्मा और पुत्री आयुषी शर्मा ने उत्तर प्रदेश के शिक्षकों और कर्मचारियों का आभार जताया है। मुजफ्फरनगर जिले के अब तक सात दिवंगत शिक्षक परिवारों की लगभग तीन करोड रुपए से ज्यादा की मदद टीचर्स सेल्फ केयर टीम द्वारा की जा चुकी है। जो कि एक रिकॉर्ड है।

# भ्रष्ट अधिकारी के निलंबन पर आईआईए ने जताया मंत्री कपिल का आभार

■ उद्यमियों के प्रतिनिधि मण्डल ने आवास पर पहुंचकर किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, के चेयरमैन अमित जैन ने जीएसटी के भ्रष्ट अधिकारी के विरुद्ध किए गए मजबूत प्रतिरोध और भ्रष्ट अधिकारी को सक्रिय सेवा से हटाने में हासिल की गई सफलता को लेकर मंत्री कपिल देव अग्रवाल को श्रेय देते हुए कहा कि हम अपने चुने हुए प्रतिनिधि राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल का तहे दिल से आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने अपने बयान में कहा कि कपिल देव अग्रवाल न केवल मुजफ्फरनगर बल्कि समूचे उत्तर प्रदेश के उद्योगों के लिए एक खढ़ सहारा रहे हैं। मुजफ्फरनगर में व्यापारिक/उद्योगिक सुगमता को बढ़ावा देने के उनके लगातार प्रयासों के कारण वह राज्य विधानसभा में मुजफ्फरनगर के सबसे विश्वसनीय और पसंदीदा प्रतिनिधि बने हैं।

अमित जैन ने मीडिया को बताया कि जब उन्हें भ्रष्ट जीएसटी अधिकारी द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न के बारे में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा जानकारी उपलब्ध कराई गई, तो उन्होंने तत्परता से प्रधान सचिव एम. देवराजन और आयुक्त नितिन बंसल को निर्देशित किया कि इस भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि उत्तर प्रदेश के व्यापारिक माहौल को नुकसान न पहुंचे। कहा कि उनकी त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के परिणामस्वरूप भ्रष्ट अधिकारी को तुरंत निलंबित कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के नेतृत्व के साथ निरंतर संवाद बनाए रखा और हमें देर रात तक हुए निर्णयों की जानकारी देते रहे।

आईआई चेयरमैन ने कहा कि हम कपिल देव अग्रवाल का दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने हर बार की तरह उद्योगों के साथ खड़े होकर भ्रष्टाचार के खिलाफ मजबूत और निर्णायक कदम उठाए हैं।

# सुमित बजरंगी के घर दबिश पर भड़के समर्थक

**मुजफ्फरनगर।** छत्रपति शिवाजी सेना के प्रदेश संगठन मंत्री सुमित बजरंगी के आवास पर पुलिस दबिश के विरोध में देर रात शिवचौक पर उनके समर्थकों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शिवाजी सेना के अलावा बजरंगी दल और कई हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता शामिल हुए। इस घटना की शुरूआत दो दिन पूर्व सुमित बजरंगी द्वारा सोशल मीडिया पर डाले गए एक वीडियो से हुई। वीडियों में प्रस्तावित सांस्कृति कार्यक्रम पर यादे रफि पर सवाल उठाते हुए उसे लव जिहाद को बढ़ावा देने वाला बताया गया था। प्रदर्शन की सूचना पर नगर मजिस्ट्रेट पंकज सिंह राठौर व सीओ सिटी राजू साव पहुंचे और उन्होने प्रदर्शनकारी को समझाया।

# डीएम-एसएसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनो अधिकारियों ने रसोईघर, सुरक्षा उपकरण, बैरकों को चेक करने के साथ बंदियों से भी उनकी समस्याओं तथा उनका हाल जाना। डीएम व एसएसपी ने संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

गुरूवार की शाम जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने जिला जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनो अधिकारियों ने सुरक्षा उपकरणों को चेक करने के साथ यहां की साफ-सफाई, रसोईघर व महिला व पुरूष के बैरकों का निरीक्षण किया। उन्होने बंदियों से उनके मेन्यू के हिसाब से खाने के बारे में जानकारी लेते हुए उनका हाल भी जाना और पुरूष व महिलाओं को जेल से मिलने वाली सुविधाओं की भी जानकारी ली। इसके बाद कारागार परिसर व कार्यालय का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों के रखरखाव, मुलाकाती रजिस्टर का अवलोकन किया। डीएम व एसएसपी ने यहां लगी जैमर प्रणाली सीसीटीवी कैमरे भी चैक किए और अस्पताल का निरीक्षण करते हुए उपलब्ध दवाईयों की जानकारी लेकर ओपीडी की भी छानबीन की और यहां आने वाले मरीजों को इलाज देने की जानकारी ली गई। जिला कारागार में तैनात पुलिस बल को डयूटी के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।




मुजफ्फरनगर: जिला जेल का निरीक्षण कर बाहर आते डीएम व एसएसपी।

# बिजली की दरों में बढ़ोतरी पर भड़का व्यापार मंडल

## जीएसटी अधिकारी के रिश्वत मांगने पर भी जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश में हो रही लगातार बिजली कटौती और विद्युत दरों में प्रस्तावित बढोतरी के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। प्रदर्शनकारी व्यापारियों ने बिजली संकट, स्मार्ट मीटरों की अनियमितता, फिक्स चार्ज समाप्त करने और ऊर्जा मंत्री की विवादित टिप्पणी को लेकर गहरी नाराजगी जाहिर की। साथ ही उन्होने जीएसटी विभाग में वाणिज्य कर अधिकारी द्वारा उद्यमी से रिश्वत मांगने पर नाराजगी जताते हुए उनके निलंबन किए जाने पर भी खुशी का इजहार किया।

जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक अशोक कंसल, जिला महामंत्री श्याम सिंह सैनी, नगर अध्यक्ष अजय सिंघल, नगर महामंत्री प्रवीण खेडा सहित दर्जनों पदाधिकारियों ने अपने हस्ताक्षर से भेजे ज्ञापन में कहा कि प्रदेश में लगातार हो रही बिजली कटौती के कारण व्यापारिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। व्यापारियों और आम नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है। उन्होंने मांग की है कि बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल की जाए। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा प्रस्तावित दरों में लगभग 45 प्रतिशत तक बढघेतरी की योजना का विरोध करते हुए मंडल ने कहा कि इससे मध्यम वर्गीय और निम्न आय वर्ग के उपभोक्ताओं की आर्थिक स्थिति और कमजोर होगी। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में फिक्स चार्ज में भी भारी वृद्धि प्रस्तावित है, जो पूरी तरह से अनुचित है। मंडल ने फिक्स चार्ज को समाप्त करने की भी मांग की गई साथ ही कहा गया कि वर्तमान में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर 4 से 5 गुना अधिक रीडिंग दे रहे हैं, जिसे विद्युत विभाग के कई अधिकारियों ने भी गलत ठहराया है। ज्ञापन में हाल ही में ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा द्वारा व्यापारियों (बनियो) को लेकर की गई कथित टिप्पणी पर भी तीखी आपत्ति जताई गई। इस दौरान अशोक कंसल, श्याम सिंह सैनी, अजय सिंघल, प्रवीण खेडा, राकेश गर्ग, सरदार सुलखन सिंह, दिनेश बंसल, संजय मित्तल, हिमांशु कौशिक, अलका शर्मा, अंजू शर्मा, अन्नपूर्णा अग्रवाल, अनिशा भटनागर, धर्मपाल कपूर, अनिल तायल आदि मौजूद रहे।

# 25 हजार का इनामी मुठभेड़ में घायल

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल पुलिस व बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में मुकीम उर्फ काला गैंग का एक सदस्य पुलिस की गोली से घायल हो गया ऐसा पुलिस का कहना है।

एसपी क्राइम इंदू सिद्धार्थ ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस की गोली से घायल हुए बदमाश का नाम प्रवीण उर्फ कुक्कू है और उस पर करीब उन्नीस अपराधिक मामले दर्ज है। बदमाश डकैती व लूट, हत्या में लिप्त रहा है और एसओजी टीम व चरथावल पुलिस ने मुठभेड के दौरान उसको गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से हथियार बरामद होना भी बताया है।

# टीचर की स्कूटी में लगी आग

## स्कूल जाते हुई घटना, स्कूटी हुई राख, दमकल विभाग मौके पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गुरूवार की सवेरे सिविल लाइन क्षेत्र के अंसारी रोड पर कॉलेज जा रहे एक टीचर की इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी में अचानक ही आवाज होने के बाद आग लग गई अध्यापक व छात्र ने किसी तरह दूर जाकर अपनी जान बचाई। सूचना के बाद सिविल लाइन थाना की पुलिस व दमकल विभाग की गाडी मौके पर पहुंची और काफी समय बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने पर स्कूटी राख में तब्दील हो चुकी थी।

नगर कोतवाली क्षेत्र के शाहबुद्दीनपुर रोड के रहने वाले फरदीन अहमद नई मंडी कोतवाली क्षेत्र स्थित एक स्कूल में टीचर है। गुरूवार की सवेरे वह अपने चचेरे भाई सैयद उमरेश जोकि उस स्कूल



का छात्र है, के साथ इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी से जा रहे थे जैसे ही वह शाहबुद्दीनपुर रोड से चलकर अंसारी रोड पर पहुंचे तो अचानक स्कूटी से धुंआ निकलने लगा उन्होने नीचे उतरकर देखा तो धुंआ ओर बढ़ गया इतना ही नहीं एक तेज आवाज हुई और आग की लपटे उठने लगी। कुछ ही देर में आग की लपटों ने पूरी स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया और वह धूं-धूं कर जलने लगी। आग की लपटे उठने से पहले ही दोनो दूर जाकर खडे हो गए थे और तुरंत ही टीचर व पास खडे दूसरे व्यक्ति ने इसकी जानकारी फायर बिग्रेड व स्थानीय पुलिस को दी। सिविल लाइन पुलिस के साथ दमकल विभाग भी मौके पर पहुंचे और उन्होने आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। आग बुझने पर स्कूटी पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। लोगों का कहना था कि यदि जरा भी चूक हो जाती तो बड़ा नुकसान हो सकता था।

# मल्हूपुरा के सरकारी स्कूल में चोर होने की सूचना से मचा हड़कंप

■ मौहल्लेवासियों की भीड़ स्कूल में घुसी, खबर निकली अफवाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मौहल्ला मल्हुपुरा में उस वक्त हडकंप मच गया जब क्षेत्र में यह अफवाह फैल गई कि एक पेड़ पर चोर बैठे है। कुछ ही देर में यहां सैकड़ों लोगों की भीड़ इक्ट्ठा हो गई, भीड़ मोबाइल टॉर्च व लाठी, डंडों के साथ क्षेत्र स्थित सरकारी स्कूल के अंदर घुस गई और चोर की तलाश शुरू की। पूरे स्कूल को भीड़ ने छान मारा, लेकिन यहां कोई नहीं मिला जिसके बाद लोगों को लगा कि यह अफवाह उडाई गई थी।

सिविल लाइन क्षेत्र के मौहल्ला मल्हुपुरा में काफी पुराना सरकारी स्कूल है। हाल में इस स्कूल में काफी पेड़ लगे हुए है रात्रि में लोगों में यह अफवाह फैल गई कि चोर स्कूल के पेड पर छिपे बैठे है। शोर होते ही यहां भीड़ इकट्ठा हो गई और उन्होने स्कूल में घुसकर चोर को तलाशना शुरू कर दिया, लेकिन यहां कुछ नहीं मिला। लोगों का कहना है कि इससे पहले यहां घटना घट चुकी है, इसलिए क्षेत्रवासी सतर्क रहते है। मौहल्ले लोगों का मानना है कि मंगलवार की रात को करीब तीन बजे मेनुदीन के मकान में चोर घुस गए थे और नींद खुलने पर चोरों ने मेनुदीन पर डंडों से हमला कर दिया था उस दिन एक युवक ने फरार होने की कोशिश की, जबकि दूसरा साथी दीवार पर बैठा निगरानी कर रहा था और उसका दूसरा साथी घर के अंदर घुसकर सामान चोरी कर रहा था। घटना के दिन डायल 112 की गाडी मौके पर पहुंच गई थी, लेकिन आश्वासन देने के बाद पुलिस वापस लौट गई थी। कुल मिलाकर इस फर्जी घटना से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

शिवा ग्रुप ऑफ कॉलेज
COURSE OFFERED
D. PHARMA (डी. फार्मा) C.C.-1491
POLYTECHNIC
(ELECTRICAL, CIVIL, MECHANICAL, FASHION DESIGNING)
(डिप्लोमा) C.C.-1183
ITI (आई0टी0आई) C.C.-3978
(ELECTRICIAN, FITTER, COPA, FASHION DESIGING)
इण्टर कॉलेज (PCM, PCB, COMM., ART) C.C. 1339
पता:- NEAR NH-58, जौली रोड, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर
Ph. 9690731170, 9411449915, 9927075234, 8077158717

# पानीपत खटीमा राजमार्ग पर भारी वाहनों की लगी लंबी लाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** जनपद बिजनौर में हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहे कावडियो की सुरक्षा एवं श्रावण मास के अंतिम सोमवार को मंदिरो में होने वाले जलाभिषेक एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु मीरापुर बायपास हाईवे से बडे वाहनों के आगमन पर रोक लगाए जाने के कारण क्षेत्र में ट्रैकों की लंबी-लंबी लाइन लग गयी। जिसे देखकर राहगीर कहते सुने गए कि मामला क्या है। और कोतुल का विषय बना रहा।

जानकारी के मुताबिक श्रवण माह का अंतिम सोमवार एवं हरिद्वार से श्रद्धालु कावड़ियों के द्वारा गंगाजल लेकर बिजनौर मार्ग से आने के कारण कावडियो की सुरक्षा एवं श्रावण मास के अंतिम सोमवार को मंदिरों में होने वाले जलाभिषेक को मध्य नजर रखते हुए मीरापुर से होकर बिजनौर गुजरने वाले बड़े वाहनों पर रोक लगा दी गई है जिसके कारण सड़कों के किनारे ट्रैकों की लंबी-लंबी लाइन लग गई तो वही जानसठ कस्बे में कोतवाली के निकट खतौली तिराहे पर पुलिस ने बैरियर लगाकर ट्रैकों को रोका तथा खतौली मार्ग से उन्हें भेजा गया जिसके कारण जानसठ में भी पीमोड़ा पुलिया से लेकर खतौली तिराहे तक काफी लंबी तर्को कि लाइने लगी रही। डीएसपी जानसठ यतेन्द्र नागर ने बताया कि जनपद बिजनौर मे श्रावण मास के अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओं के द्वारा जलाभिषेक किया जाता है उसको मध्यनजर गुरुवार से सोमवार की दोपहर तक श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु इस मार्ग से बडे वाहनों पर प्रति. बंध लगाया गया है। हालांकि मात्र 4 घंटे रात्रि में 12 से 4:00 बजे बीच केवल आवश्यक सामग्री की गाड़ियों को ही जाने दिया जाएगा।

## बस के खिलाफ कार्यवाही होने से डग्गामार बसों के स्वामियों मे मचा हड़कंप

**चरथावल।** गत दिवस चरथावल क्षेत्र मे स्कूली छात्रों को छत पर बिठाकर यात्रा कराने की खबर सोशल मीडिया पर वायरल होने से क्षेत्र सहित जिले मे हड़कंप मच गया था बस की छत पर सवार होकर स्कुल जाने वाले छात्र अपनी जान जोखिम मे डालकर बस की छत पर यात्रा करते नजर आ रहे थेस जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा घटित हो सकता है बताते चले की इस बस पर परिवहन विभाग द्वारा विभागीय कार्यवाही करते हुए पंद्रह हजार रुपए का जुर्माना वसुला था।

प्रदेश मे जहाँ भाजपा की सरकार बनने पर डग्गामार वाहनों पर रोक लगी थी और प्रदेशवासियो को डग्गामार वाहन से बड़ी निजात मिली थी जिससे प्रदेश मे होने वाले हादसों मे बहुत बड़ी कमी आयी थी और असमय सड़क हादसों का शिकार होने वाले प्रदेशवासियो को राहत मिली थी स लेकिन जहाँ पुरे प्रदेश मे डग्गामार वाहनों पर रोक लगी है वही चरथावल क्षेत्र मे ज्यो की त्यों डग्गामार बसे दोड़ती नजर आ रही है स और अपनी छतो पर सवारिया चढ़ाकर सड़को पर दोड़ रही है जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा घटित होने की आशंका बनी रहती है स इस बस के खिलाफ परिवहन विभाग द्वारा विभागीय कार्यवाही होने से चरथावल क्षेत्र मे अन्य डग्गामार बसों के स्वामियों मे हड़कंप मचा हुआ है।

# पिंटू ठाकुर फिर बने भाकियू 'अ' के ब्लाकाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के नये जिला अध्यक्ष अक्षय त्यागी उर्फ अक्षु ने आज बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना तहसील परिसर में अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव राजपुर छाजपुर के निवासी पिंटू ठाकुर को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का बुढ़ाना ब्लाक का नया अध्यक्ष एक बार फिर बनाते हुए उनको हाथों हाथ नियुक्ति पत्र सौंपकर कहा कि आपको सहर्ष अवगत कराया जाता है कि भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक में आपकी मेहनत व आस्था को देखते हुए आपको ब्लॉक अध्यक्ष बुढाना के पद पर मनोनीत किया जाता है। आपसे अपेक्षा है कि आप संगठन की नीतियों को जन जन तक पहुंचाकर आप किसान हित में संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करते रहेंगे।

में आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। जिला अध्यक्ष श्री त्यागी ने नये ब्लाक अध्यक्ष पिंटू ठाकुर से ये भी कहा कि वे दस दिन के भीतर भीतर अपनी ब्लाक की पूरी कार्यकारिणी का गठन कर उनको भी अवगत कराएं और ऐसे लोगों को जिम्मेदारी दें जो भाकियूअ के लिए तन मन धन से समर्पित हो और किसानों की लड़ाई लड़ने में होने वाले आंदोलनों में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले। जिस पर ब्लाक अध्यक्ष पिंटू ठाकुर ने विश्वास दिलाया कि वे संगठन को मजबूती देने का काम करेंगे।

## सर्पदंश से महिला की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**मोरना।** खादर क्षेत्र के गांव भुवापुर मे साफ सफाई कर रही महिला को ज़हरीले सांप ने डस लिया जिसके बाद महिला को तांत्रिक के पास ले जाया गया हालत में सुधार न होने पर मेरठ ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

मोरना ब्लॉक् क्षेत्र के गांव भुवापुर निवासी 50 वर्षीय रामी देवी बुधवार की सुबह घर मे सफाई कर रही थी। तभी डिब्बे के पास छिपे बैठे सांप ने उनके हाथ में डस लिया। सांप को देख महिला ने शोर मचा दिया। महिला को झाड़ फूंक वाले तांत्रिक के पास ले जाया गया। हालत बिगड़ती देख महिला को मेरठ अस्पताल मे ले जाया गया।

गुरुवार की सुबह उपचार के दौरान महिला की मौत हो गयी। महिला की मौत से परिवार में को. हराम मच गया। बेटा सोनू व प्रवीण बेटी सोनम मिथिलेश का रो रो कर बुरा हाल है।

## दोनों तरफ से सहयोग का दिया गया आश्वासन

**बुढ़ाना।** कस्बे के कई व्यापारियों ने बृहस्पतिवार के दिन व्यापारी नेता राजेश संगल के नेतृत्व में बुढ़ाना की नई उपजिलाधिकारी अपूर्वा यादव से मुलाकात करते हुए पहले उनको बुकें भेंट की फिर उसके बाद सभी का परिचय हुआ। इस दौरान यहां पर व्यापारियों में मुख्य रूप से दिनेश संगल, अनुराग सिंघल, अमरीश बंसल, संजय जांगिड, पंकज गोयल और दीपांशु सिंगल सहित अन्य कई व्यापारी उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2024 में गांधी इंटर कॉलेज चरथावल से उत्तीर्ण की थी। जिसका अनुक्रमांक 1240488877 है। उसकी मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गई है किसी अन्य द्वारा इसका प्रयोग अवैध होगा।

**उजैफ पुत्र फुरकान**
**मौहल्ला शेखजादगान शर्की**
**चरथावल, मुजफ्फरनगर**

# जिला अस्पताल में हुआ विदाई समारोह



**मुजफ्फरनगर।** गुरूवार को जिला चिकित्सालय परिसर में एसएलटी सहित दो कर्मचारियों का सेवानिवृत्त सम्मानजनक हुआ। एसएलटी असरफ हुसैन पैथोलोजी में काफी समय से तैनात थे और इलेक्ट्रीशन सुनिल कुमार शर्मा भी कई वर्षो से जिला अस्पताल में अपनी सेवा दे रहे थे। आज उनके रिटायर्डमेंट के समय जिला अस्पताल का समस्त स्टाफ ने उनका फूल माला पहनाकर विदाई समारोह किया गया। सीएमएस व वरिष्ठ फिजीशन डॉक्टर योगेन्द्र तीरखा ने भी उनको फूल माला पहनाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला चिकित्सालय परिवार ने दोनो को गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इस दौरान डॉक्टर पीके त्यागी, डॉक्टर संजीव गुप्ता, डॉक्टर संदीप रंजन, मेटन नीलम रानी, सरिता चौधरी, फार्मासिस्ट हारून, कमल वत्स, नीरज उदेशिया, एओ कंचन वाला, निसार अली, ललित मोहन शर्मा, वरिष्ठ फार्मासिस्ट अनिल कुमार उपस्थित रहे।

## अपहृत पुत्री की बरामदगी को मां ने लगाई गुहार

**भोपा।** महिला ने गांव निवासी युवक पर पुत्री को बहका फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते बरामदगी की गुहार लगाई है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि मंगलवार की सुबह वह अपने खेतों पर काम करने के लिए गये हुए थे। और अव्यस्क पुत्री घर पर अकेली थी तभी गांव निवासी युवक मौका देखकर उसे बहका फुसलाकर ले गया। पीड़ित मां ने अनहोनी की आंशका जताते हुए हुए पुलिस से पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है।

थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।शीघ्र ही युवती को बरामद किया जायेगा।

# दर्जनों युवा किसानों ने थामा भारतीय किसान यूनियन टिकैत का हाथ



**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत में आस्था रखने वाले किसान मजदूर एकता यूनियन के दर्जनों पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं को जिला कार्यालय महावीर चौक मुजफ्फरनगर पर जिला अध्यक्ष चौधरी नवीन राठी ने सदस्यता ग्रहण कराई।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत किसानों के लिए संघर्ष कर उन्हें न्याय दिलाने वाला एकमात्र संगठन है आज किसान मजदूर एकता यूनियन से जावेद खान व मुकेश कटारिया सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं और पदाधिकारीयों ने भारतीय किसान यूनियन टिकैत में आस्था व्यक्त करते हुए सदस्यता ग्रहण की गई। इस अवसर पर चौधरी नवीन राठी ने फूल मालाओं से स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय किसान यूनियन टिकैत में शामिल होने पर सभी भाइयों का तहे दिल से स्वागत है और संगठन को भी इससे बल मिलेगा उन्होंने सभी को आश्वस्त कराया कि नाजायज रूप से किसी का भी उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी शक्ति सिंह ने बताया कि संगठन में शामिल होने वालों में शरीफ पहलवान शाहनवाज नसीम अहमद इस्लाम अहमद सोहित शेरपुर जाकिर सोमपाल विक्की शकील खान मनोज सत्यम मोनू व अंकुर राठी सुमित चौधरी हैप्पी बालियान मनीष अहलावत हेमेंद्र चौधरी व साजिद कुरैशी मौजूद रहे।

**Name Change**

I, PARAMJEET KOUR (Old name), legal father/mother of No. 14942350A R/0 vill. Saifpur, Post Behsuma, Teh. Mawana, Distt. Meerut, State U.P Pin 250404 have Changed my name from Paramjeet Kour to Paramjeet Kaur vide affidavit dated 28.07.2025

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र निशान्त सिंह व उसकी पत्नी पारूल सन्धु बुरी संगत में पड गये है। काफी समझाने पर भी गलत संगत छोडने को तैयार नही है। वह अपना अच्छा व बुरा व परिवार का अच्छा बुरा नही समझ रहे हैं। इसलिए मैंने इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वंय जिम्मेदार होंगे।

**राजेन्द्र सिंह पुत्र विक्रम सिंह**
**निवासी म.न-229, लिंक रोड,**
**द्वारिकापुरी थाना नई मंडी**
**तहसील सदर**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# चकबंदी विभाग में भ्रष्टाचार को लेकर भड़के विधायक

**बुढ़ाना।** तत्कालीन उप जिला अधिकारी मोनालिसा जौहरी के विरुद्ध जांच करवाकर उनका तबादला करवाने वाले रालोद विधायक राजपाल सिंह बालियान की नजरें अब चकबंदी विभाग में पनप रहे भ्रष्टाचार पर टिक गयी है। आज बृहस्पतिवार के दिन उन्होंने बुढ़ाना के डाक बंगले पर हुई रालोद की बैठक में कई कार्यकर्ताओं के समक्ष साफ कहा कि उनको घबराने की जरुरत नहीं है। वे सब जानते हैं कि चकबंदी विभाग हमारे किस किस कार्यकर्ता का उत्पीडन कर रहा है। उन्होंने बैठक के माध्यम से चकबंदी विभाग को खुली चेतावनी देते हुए कहा कि बुढ़ाना की चकबंदी विभाग में भ्रष्टाचार अधिकारी और कर्मचारी या तो बाज आ जाएं नहीं तो उनका इलाज कराया जाएगा क्योंकि उनको हर दूसरे तीसरे दिन भोले भाले किसानों से जो कि साथ साथ रालोद के भी कार्यकर्ता हैं शिकायत मिल रही है कि चकबंदी में तैनात कुछ अधिकारी और कर्मचारियों ने विभाग में जबरदस्त भ्रष्टाचार फैला रखा है। बिना रिश्वत किसी भी किसान का काम नहीं होता। एक छोटे से काम के लिए चक्कर पर चक्कर कटवाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के एक गांव मोरकुक्का चकबन्दी में पूरा भ्रष्टाचार चल रहा है। अगर इसमें एसीओ चकबंदी, कानूनगो और लेखपाल की जरा सी भी संलिप्तता पाई गयी तो किसी की भी खैर नहीं। इसकी वह जांच करवाएंगे। इस दौरान यहां बैठक में मुख्य रुप से युवा रालोद जिला अध्यक्ष गज्जू पठान, सुरेंद्र सहरावत, हाजी जमशेद अली जोला, स्वर्णकार समाज बुढ़ाना के अध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा और शकुल सहरावत आदि रालोद कार्यकर्ताओं की उपस्थित देखने को मिली।

## जौला में हुआ किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम

# गन्ने की फसल के प्रति किसानों को किया जागरुक



**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव जौला और गांव टोडा में गन्ना किसानों के लिए किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गन्ना संस्थान मुजफ्फरनगर से पधारे वैज्ञानिक डाक्टर एसपी सिंह एवं डाक्टर रामबरन सिंह ने किसानों को गन्ने की उन्नत खेती, रोग प्रबंधन एवं वैज्ञानिक विधियों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

इस अवसर पर वरिष्ठ महा प्रबन्धक गन्ना ललित तोमर, विकास परिषद बुढाना से धर्मपाल सिंह, डेवलपमेंट हेड डाक्टर विकास बालियान, अपर प्रबंधक गन्ना अनिल सिंह, गन्ना अधिकारी कमल मलिक एवं फील्ड सुपरवाइज़र आकाश सहरावत भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य बिंदु गन्ने की उन्नत प्रजातियाँ एवं उनकी विशेषताएं, गन्ने में लगने वाले प्रमुख कीट एवं रोग तथा उनका समुचित नियंत्रण, गन्ने में उपयोग की जाने वाली दवाइयों का सही समय एवं विधि, गन्ना बुवाई का उपयुक्त समय एवं वैज्ञानिक विधि रही। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को आधुनिक ख़ृषि पद्धतियों की जानकारी दी गई। किसानों ने इस जानकारी को अत्यंत उपयोगी बताया और ऐसी गतिविधियों को भविष्य में भी जारी रखने की अपेक्षा जताई। यहां पर युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा मंदवाडा भी मौजूद रहे।

# जंगल मे चरने गई चार भैंस लापता, चोरी की आशंका से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** क्षेत्र मे जहां जंगली चोरो द्वारा टड्बवैल चोरी के आतंक से किसान भयभीत हैं। वहीं बुधवार को भुवापुर के जंगल मे चारा चरने गयी चार भेंस लापता हो गयी।भैंस के मालिकों ने तहरीर देकर भैंसो की बरामदगी की मांग पुलिस से की है। घटना को लेकर क्षेत्र मे हड़कंप मच गया है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव भुवापुर निवासी सतेन्द्र व धीरसिंह मिलकर अपने पशुओं को गांव के जंगल मे प्राख़तिक घांस चराते हैं। बुधवार को सतेन्द्र पशुओं को चराने गया था। शाम के वक़्त वापस लौट जाने के समय पांच भैंस लापता हो गयी। जिसके बाद भेंसो की तलाश शुरू कर दी गयी। किन्तु उनका कोई पता न चल सका। देर शाम एक भैंस हाँफ्ती अवस्था मे घर पहुंची जिसके पैर मे पतली रस्सी बंधी हुई थी।पीड़ित सतेन्द्र ने बताया की एक भैंस दुधारू हैं और तीन ग्राभिन हैं। जिनकी कीमत लगभग चार लाख है। थानाध्यक्ष जोगिंदर सिंह ने बताया की भेंसो की तलाश जारी है। आसपास लगे सीसी टी वी कैमरो को खंगाला जा रहा है।

# संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का समापन



**बुढ़ाना।** शासनादेश अनुसार आज बृहस्पतिवार के दिन खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता कार्यक्रम के साथ ही संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का समापन किया गया। जिसमें बच्चों के बीच निबंध एवं पेंटिंग कराई गई।

इसके बाद सहायक अध्यापिका अनुराधा द्वितीय द्वारा बच्चों को संचारी रोग नियंत्रण संबंधी गतिविधि कराई गई। उन्होंने बताया कि शिक्षा से जोड़ने एवं आम जनमानस को संचारी रोग से बचने के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है और बच्चों के द्वारा संचारी रोग के लक्षण तथा उपाय बताकर सभी बच्चों को जागरूक के किया गया है। अंत में स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत स्कूल में संचारी रोग कार्यक्रम बनाने का मुख्य उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों को संचारी रोगों के बारे में शिक्षित करना, उन्हें रोकने और नियमित करने के उपाय सीखना तथा एक स्वस्थ स्कूल वातावरण बनाना है।

इसका मतलब है कि जागरूकता बढ़ाना छात्रों और कर्मचारियों को विभिन्न संचारी रोगों, उनके लक्षण ऑन और फैलने के तरीकों के बारे में जानकारी देना जिससे कि छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ स्कूल वातावरण बनाना जहां वे संचारी रोगों से सुरक्षित रह सकें और अपने स्कूल, घर आसपास पड़ोस की सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा।

# श्री 1008 पार्श्वनाथ निर्वाण महोत्सव श्रद्धाभाव से मनाया



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, जैन मंडी में गुरुवार को श्रावण शुक्ल सप्तमी के पावन अवसर पर भगवान श्री पार्श्वनाथ का निर्वाण महोत्सव बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर सुबह सर्वप्रथम भक्तों ने पारसनाथ भगवान का जलाभिषेक कर निर्वाण दिवस की शुरुआत की।इसके पश्चात विधिपूर्वक शांति धारा संपन्न हुई। शांतिधारा का सौभाग्य सौधर्म इंद्र सुभाष चंद्र मनीष कुमार जैन टिकरी वाले को प्राप्त हुआ। द्वितीय शांतिधारा सुनील कुमार व पीयूष कुमार जैन टिकरी वाले द्वारा की गई। इस अवसर पर प्रथम बड़ा निर्वाण लाडू का चढ़ावा राजरानी जैन एवं अरविंद जैन पेंट वाले द्वारा अर्पित किया गया। महाआरती का सौभाग्य प्रदीप कुमार जैन टिकरी वाले को प्राप्त हुआ।

भक्ति नृत्य और पूजन के साथ श्रद्धालुओं ने निर्वाण कांड का पाठ करते हुए निर्वाण लाडू चढ़ाकर कल्याणक महोत्सव को भव्य रूप दिया। विधानाचार्य अशोक जैन शास्त्री खतौली के सान्निध्य में सभी मांगलिक अनुष्ठान संपन्न हुए। उन्होंने बताया कि भगवान पार्श्वनाथ, जो जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर हैं, ने झारखंड राज्य स्थित तीर्थराज सम्मेद शिखरजी से श्रावण शुक्ल सप्तमी के दिन मोक्ष पद की प्राप्ति की थी।

यही कारण है कि देशभर के जैन श्रद्धालु इस दिन को निर्वाण महोत्सव के रूप में मनाते हैं। कार्यक्रम में विशेष रूप से अनुपम जैन आढ़ती, हंस कुमार जैन, प्रवीण जैन, सुशील जैन महलका, विशाल कुमार जैन रेलवे रोड, अरुण जैन, आदिश जैन, संजीव जैन (प्रधानाचार्य), पीयूष, तुषांग जैन, रोहित जैन, डॉ. ज्योति जैन, नीलम, स्वाति, सरिता, रेखा, दीपा जैन सहित बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं मौजूद रहीं। सभी श्रद्धालु भक्ति भाव से अभिषेक, शांतिधारा, पूजन और महाआरती करते हुए भावविभोर हो गए और पुण्य अर्जित किया। समारोह के अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा बड़ा पुत्र गौरव शर्मा व ख्याति दुबे की शादी 11 नवम्बर 2017 को बिना दान दहेज के सम्पन्न हुई थी लेकिन कुछ दिन पश्चात ही दोनों के बीच विवाद हो गये थे। मेरा बडा पुत्र गौरव शर्मा व उसकी पत्नी ख्याति दुबे मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने में नही है। इसलिए मैंने इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वंय जिम्मेदार होंगे।

**रमेश पुत्र सीताराम निवासी ग्राम**
**अलीपुर कलां लालूखेडी थाना**
**तितावी जिला मुजफ्फरनगर**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरे तीन लडके आनन्द कुमार, निखिल कुमार व प्रवीण कुमार व पुत्रवधू साक्षी पत्नी आनन्द कुमार व शिवानी पत्नी प्रवीण कुमार मेरे व मेरी पत्नी के कहने सुनने से बाहर है तथा आये दिन मेरी सम्पत्ति को हडपने की गरज से मेरे व मेरी पत्नी के साथ लडाई झगडा, गाली-गलौच व मारपीट करते रहते है इसलिए मैंने इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरी पत्नी की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वंय जिम्मेदार होंगे।

**शिवकुमार पुत्र दयाचन्द**
**निवासी ग्राम शाहडब्बर थाना**
**बुढाना जिला मुजफ्फरनगर**

# होली चाइल्ड स्कूल में कार्यशाला का आयोजन



**मुजफ्फरनगर।** होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जडौदा, मुजफ्फरनगर के सभागार में पोजिटिव पेरेटिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों ने बढ-चढकर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यवक्ता संजय आहूजा, पूजा आहूजा, रीटा दहिया, आदित्य दहिया प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया एवं अभिभावकों ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

मुख्य वक्ता के रूप में लाइफ प्रशिक्षक एवं सफलता कोच संजय आहूजा ने अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप जिस व्यवहार को बच्चों को दिखायेगें, वही बच्चा दोहरायेगा, इसलिए आप बच्चों की खूबिया देखे अच्छे व्यवहार की तारीफ करें, उनकी गलतियों को नजरअंदाज करें, उनके व्यवहार में बुराईयाँ न देखे। हमें बच्चों को नहीं बल्कि वातावरण को सुधारना है। बच्चे के व्यवहार को बदलने की अपेक्षा बच्चे के वातावरण को बदले बच्चा अपने आप सुधर जायेगा। प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया ने कहा कि आपका बच्चा आपकी भावनाओ को आइने की तरह प्रतिबिम्बित करता है अतः स्वयं दूसरों के साथ अच्छा व्यवहार करें आपका बच्चा भी अच्छा व्यवहार ही सीखेगा। पूजा आहूजा ने अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अभिभावक घर पर बच्चों को समय दे, बच्चे के सम्पर्क में रहे, बच्चे के व्यवहार को सुधारने के लिए बच्चों के साथ अपनी भागीदारी अवश्य रखे। वातावरण को बदले तो बदलाव जरूर आयेगा। बच्चे के व्यवहार में यदि परिवर्तन चाहते है तो उसके वातावरण को बदले, बच्चे का व्यवहार जरूर बदलेगा। आप इस ओर एक कदम जरूर उठाये क्योंकि वातावरण हमारे जीवन में अत्यन्त गहरा प्रभाव डालते है।

# भूमि अधिग्रहण प्रस्ताव के खिलाफ ग्रामीणों ने बनाई रणनीति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ग्राम शेरनगर के ग्राम सभा कार्यालय के सभा कक्ष में ग्राम प्रधान ग्राम शेरनगर से मौखिक इजाजात लेने के उपरान्त आवास विकास परिषद उत्तर प्रदेश की प्रस्तावित आवासीय योजना एवं मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकारण की प्रस्तावित 21 हैक्टेयर कृषि भूमि में प्रस्तावित आवासीय योजना के विरूद्ध संघर्ष कर रहे ग्रामवासियों के करीब 50 कार्याकर्ताओं की एक बैठक ग्राम शेरनगर निवासी किसान सुकेश कुमार की अध्यक्षता में मुजफ्फरनगर विकास प्राधि कारण द्वारा अधिग्रहण सम्बन्धित नवीन प्रस्ताव पर विचार करने एवं आवास विकास परिषद तथा एम.डी.ए. के उपरोक्त प्रस्तावित योजना पर विचार करने हेतु तथा आगे की कार्य योजना बनाने हेतु एक बैठक हुई।

किसान सुकेश कुमार की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की हो रही बैठक में उक्त दोनो योजनाओ के विरूद्ध घोर अकोश एवं विरोध प्रकट किया गया तथा आगे के लिए कार्य करने हेतु ग्रामवासियों में से 11 व्यक्तियों की एक वर्किंग कमेटी का चयन किया गया तथा यह निर्णय किये गये कि उपरोक्त दोनो आवासीय योजनाओं का विरोध करते हुए माननीय उच्च अधिकारियों एवं माननीय जनप्रतिनिधियों के समक्ष शान्तिपूर्ण एवं गरिमापूर्ण तरीके से अपना घोर विरोध प्रकट करना तथा यह बताना कि उपरोक्त गाँव के प्रभावित समस्त किसान अपनी कृषि भूमि का इंच भाग भी किसी भी कीमत पर एवं किसी भी सूरत में देने को तैयार नहीं हैं।

**संबंध विच्छेद**

मेरा पुत्र अंकित व पुत्र वधु मेरे कहने सुनने में नहीं है गलत संगत के कारण व गलत कार्यो में लिप्त होने के कारण मैने उन्हे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। वह अपने क्रियाकलापों व किसी भी अपराधिक घटना में लिप्त रहते है तो उसमें मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। इस कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे।

**विजय पाल पुत्र होशियार सिंह**
**निवासी-108 लद्दावाला**
**मुजफ्फरनगर**

**किराए पर हॉल उपलब्ध है**

डॉ. हारून की कोठी के सामने, सुजडू मैन रोड पर 2600 स्क्वायर फुट तैयार हाल किराय के लिए उपलब्ध है। स्कूल, पॉली-क्लिनिक, अस्पताल, शापिंग सेंटर, शौ-रूम कोचिंग सेंटर आदि के लिए उपयुक्त

**सम्पर्क करें**
**हुसैन अहमद**
**7669895967**
**9886045547**

# सड़क हादसे में चाचा भतीजे की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक सड़क हादसे में चाचा भतीजे की दर्दनाक मौत हो गयी। इस घटना को लेकर पूरे गांव जौला में शोक की लहर दौड़ गयी। समाचार लिखे जाने तक सैंकड़ों आक्रोशित ग्रामीणों को बुढ़ाना पुलिस समझाने में लगी थी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला निवासीगण लगभग 23 वर्षीय चाचा अब्दुल पुत्र इरपफान अहमद और उसका लगभग 25 वर्षीय भतीजा सलमान पुत्र तोहिद अली आज बृहस्पतिवार की देर रात गांव जौला में ही एक भयंकर सड़क हादसे में मौत के मुंह में समा गये। एक बाइक पर सवार दोनों चाचा-भतीजे कार की जोरदार टक्कर लग जाने से मौके पर ही मौत के मुंह में समा गये। घटना का पता चलने पर ग्रामीणों का मौके पर पहुंचते ही



हंगामा शुरु हो गया। घटना की सूचना पर तुरंत एसपी देहात आदित्य बंसल, सीओ गजेंद्र पाल सिंह, कोतवाल आनंद देव मिश्र, क्राइम इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह, गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी इंचार्ज ललित कुमार कसाना, एसएसआई ललित कुमार शर्मा मय पुलिस बल के घटनास्थल पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को शांत कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने लगे तो ग्रामीणों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। उक्त घटना गांव के पास की ही कांधला रोड की बताई गयी है। इस घटना की सूचना से गांव जौला में मातम फैल गया। गुस्साए ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और रोड पर हंगामा शुरू कर दिया और सड़क जाम करने की कोशिश की लेकिन पुलिस बल के समझाने पर ग्रामीण फिर मान गये। बताया गया है कि उक्त घटना की सूचना पर गांव मे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। देर रात समाचार लिखे जाने तक बुढ़ाना पुलिस और गांव के जिम्मेदार लोगों में बातचीत चल रही थी और एक शव सीएचसी तो दूसरा शव गांव में ही मौजूद था।

# हल्की बारिश ने खोली दभेड़ी के विकास कार्यों की पोल

**बुढ़ाना।** जरा सी बारिश ने बुढ़ाना ब्लाक के कई गांवों के विकास कार्यों की पोल खोलकर रख दी। इन गांवों के हाल बंद से भी बद्तर हैं। विकास कार्यों में खर्च होने वाली रकम इन प्रधानों ने कहां कहां पर लगाई है यह भी जांच का विषय है। गांव रसूलपुर दभेडी और रालोद विधायक राजपाल सिंह बालियान के गांव गढ़ी नौआबाद के विकास कार्यों की पोल खोलती आज की हल्की सी बारिश ने ग्रामीणों का भी जीना मुहाल कर दिया। अब ग्रामीण उस घड़ी को कोस रहे हैं जब चुनाव मे इन उम्मीदवारों को जिताया था और आज ये प्रधान अपने द्वारा कराए गये विकास कार्यों को देखकर खडदू उतारने वाले ग्रामीणों के सामने आने से बच रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट नेता दीपांशु बालियान ने आज बृहस्पतिवार के दिन सोशल मीडिया पर जो अपनी पोस्ट वायरल की है उसमें ग्राम प्रधान की पोल साफ तरीके से खुलती हुई नजर आ रही है। पोस्ट में लिखा है कि मैं सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बताना चाहता हूं कि गांव गढ़ी नोआबाद में कुछ दिन पहले तालाब की खुदाई कराई गई थी लेकिन पानी की निकासी न होने के कारण गांव की सड़कों पर पानी इकठ्ठा हो जाता है। गांव के सभी आदमियों को बड़ी ही दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मेरी सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों से यही अपील है कि विधायक से मिलकर गांव के तालाब के पानी की निकासी का समाधान कराएं। दूसरी तस्वीर गांव रसूलपुर दभेडी की सामने आई है। जिसमें बताया गया है हल्की सी बारिश ने पूरे गांव की गलियों को जलमग्न करके रख दिया है। स्कूली बच्चे भी घर से स्कूल और स्कूल से घर तक पैदल आने जाने में कितनी एनर्जी वेस्ट कर रहे हैं इसके फोटो भी ग्रामीणों के द्वारा आज ही सोशल मीडिया पर वायरल किए गये। गांव की गलियों में पानी भरा है और लोगों को आने जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यही हाल गांव मंदवाडा का है। इस गांव के मुख्य और गलियों से लगे मार्ग भी जरा सी बारिश में क्षतिग्रस्त हो गये। ग्रामीण बहुत दुखी हैं। विकास का पैसा इस गांव के प्रधान ने किस तरीके से डकारा है अगर जांच हो जाए तो बहुत बड़ा घोटाला सामने आएगा। गांव वालों का साफ तौर पर कहना था कि ऐसे प्रधान सत्ताधारी लोगों से मिलकर अपना बचाव कर ही लेते हैं लेकिन पांच साल तक पिसना जनता को पड़ता है।

कुल मिलाकर काफी गांवों के विकास कार्यों का पैसा प्रधानों ने किस मध्य खर्च किया इसका हिसाब कोई भी अधिकारी लेने वाला नहीं है। तत्कालीन डीएम अरविंद मलप्पा बंगारी ने तो एक प्रधान को भ्रष्टाचार के आरोप में निलम्बित ही कर दिया था बाकी का भी नंबर आता लेकिन उनका तबादला हो गया। अब डीएम उमेश मिश्रा से ग्रामीणों को पूरी आस है कि वे इस अभियान को जारी रखते हुए भ्रष्ट ग्राम प्रधानों का इलाज अच्छे से करेंगे ताकि अन्य प्रधान विकास कार्यों का पैसा ना डकार सके।

## पति-पत्नी का विवाद बना जंग का अखाड़ा

**खतौली।** खतौली की शराफत कॉलोनी एक बार फिर घरेलू विवाद की हिंसा का गवाह बन गई, जब पति-पत्नी के बीच का मामूली झगड़ा देखते ही देखते जंग का मैदान बन गया। लाठी-डंडों से हुई मारपीट में दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना के दौरान कालोनी में अफरातफरी मच गई और मासूम बच्चों की चीख-पुकार से माहौल और भी भयावह हो गया। जब शराफत कॉलोनी निवासी रुबीना मुजफ्फरनगर से अपने घर शराफत कालोनी में आई थी जिसके बाद उसके पति शादाब और ससुराल वालों से किसी बात को लेकर कहा. सुनी शुरू हो गई। गुस्से में आकर पत्नी रुबीना ने पति शादाब के सिर पर किसी भारी वस्तु से वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। इसके बाद ससुराल पक्ष के अन्य लोगों ने भी रुबीना पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया, जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पीड़िता रुबीना ने कोतवाली पहुंचकर अपने पति शादाब और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों के खिलाफ तहरीर दी है। तहरीर में रुबीना ने आरोप लगाया कि उसे लगातार मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना दी जा रही है। दो दिन पूर्व भी पति-पत्नी के बीच मारपीट हो चुकी है, जिसकी जानकारी स्थानीय लोगों को भी थी, लेकिन कोई सुलह नहीं हो सकी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार झगड़े के दौरान कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई थी। मासूम बच्चे चिल्लाते रहे और घरों से महिलाएं सहमी नजर आईं। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और मेडिकल परीक्षण के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# फायरिंग के आरोपियों की अभी तक नहीं हुई गिरफ्तारी

**चरथावल।** मलहुवाला कब्रिस्तान के मैदान पर हुई फायरिंग के जहाँ दो आरोपी पुलिस द्वारा गिर"तार कर जेल भेज दिए गए है वही बाकि आरोपी अभी भी बाहर ही घूम रहे है।

बताते चले की चरथावल के युवा लड़को के एक ग्रुप और हेबतपुर के एक ग्रुप मे पिछले काफ़ी दिनों से टशन चली आ रही है इसी टशन मे चरथावल के लड़को और हेबतपुर के लड़को मे इस्टाग्राम पर विवाद हो गया था स विवाद के बाद हेबतपुर के लड़को द्वारा अपने गेंग को इकठ्ठा कर चरथावल के मलहुवाला मैदान पर पहुंचकर खुलेआम हथियार लहराकर अंधाधुंध फायरिंग कर दी थी स फायरिंग मे मौजूद आम आदमी भी जहाँ बाल बाल बच गए और इधर उधर भागकर जान बचाई थी स फायरिंग की वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थी जिसके बाद क्षेत्र मे हड़कंप मच गया था और दीनदहाड़े हुई फायरिंग की घटना से चरथावल पुलिस की मुशतैदी की पोल खुल गयी थी। पुलिस द्वारा जहाँ दो नामजद और आधा दर्जन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया थास जिसमे चरथावल पुलिस द्वारा फायरिंग के दो आरोपियों को जेल भेज दिया गया वही बाकि आरोपी अभी भी बाहर ही घूम रहे हैस और वह अन्य किसी घटना को भी अंजाम दे सकते है ।

## पति व देवर पर लगाया मारपीट का आरोप

**मीरापुर।** कस्बे के सब्जी मंडी के पीछे रहने वाली एक महिला ने अपने पति व देवर पर मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। मीरापुर सब्जी मंडी क्षेत्र की निवासी तरन्नुम ने पति खालिद पुत्र इब्राहीम और देवर शाहनजर पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि 27 जुलाई 2025 की शाम लगभग 4 बजे दोनों ने मोबाइल की किश्त के 2000 मांगने पर पहले गाली-गलौच की। जब तरन्नुम ने विरोध किया तो दोनों ने लाठी-डंडों से बुरी तरह से पीटा, जिससे उसके हाथों और पैरों में गंभीर चोटें आईं। महिला का कहना है कि उसे दोनों से जान का खतरा है। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और चिकित्सकीय परीक्षण हेतु पीड़िता को स्थानीय अस्पताल भेजा गया है।

# भाजपा नेता प्रतोष त्यागी की तेरहवीं में उमड़ा सैलाब

**बुढ़ाना।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रतोष त्यागी की तेर. हवीं रस्म कार्यक्रम में उनके मौहल्ला मंडी स्थित आवास पर सैंकड़ों लोगों की भीड़ जुटी। जिन्होंने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके कार्यों को याद किया।

इस दौरान रालोद विधायक राजपाल सिंह बालियान, पूर्व केंद्रीय मंत्री के भाई विवेक बालियान, पूर्व विधायक उमेश मलिक, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष हरेंद्र त्यागी, त्यागी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी, बार संघ मुजफ्फरनगर के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी, डीसीडीएफ के पूर्व चौयरमेन सुबोध त्यागी, बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र त्यागी, भाजपा नेता आदेश त्यागी, नीरज शर्मा, पुष्पेन्द्र त्यागी, संजीव त्यागी पुरा, जिला पंचायत सदस्य डाक्टर विपिन त्यागी, एडवोकेट अभिनव त्यागी, अंकुर त्यागी, सुनील त्यागी सोहंजनी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रघुनंदन त्यागी, भाजपा नेता नितिन मलिक, मुनेश त्यागी, विकास त्यागी, निर्दोष त्यागी और आकाश त्यागी के अलावा सैंकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि बीती 19 जुलाई को भाजपा नेता प्रतोष त्यागी का लंबी बीमारी के चलते जनपद मेरठ के एक निजी हस्पताल में निधन हो गया था। आज उनकी तेरहवीं थी।

# शाहपुर कस्बे में स्ट्रीट लाइटें खराब

**शाहपुर।** कस्बे के बसी रोड पर पिछले एक सप्ताह से स्ट्रीट लाइटें खराब होने के कारण पूरी सड़क अंधेरे में डूबी हुई है। रात के समय इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों व बदमाशों की आवाजाही भी बढ़ गई है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि सड़क के दूसरी ओर घना जंगल भी है, जिससे किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने कई बार नगर पंचायत से लाइट दुरुस्त करवाने की मांग की, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। क्षेत्रवासी प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि जल्द से जल्द स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत करवाई जाए, ताकि रात्रि के समय लोगों को सुरक्षा और सुविधा मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### दुष्कर्म के आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मोरना।** भोपा थाना क्षेत्र के गांव व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी 17 वर्षीय बेटी की गुमशुदगी की सूचना देते हुए बताया कि बुधवार की दोपहर उसकी पुत्री मेंहदी लगवाने के लिए अपने चाचा के घर गई थी। लेकिन देर शाम तक वह घर वापस नहीं लौटी।परिजनों द्वारा आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि थाना क्षेत्र के गांव रहकड़ा निवासी हसन अली पुत्र शम्सुद्दीन उर्फ शंभु उसकी पुत्री को बहका -फुसलाकर कार में बैठाकर कहीं ले गया।पुत्री के साथ अनहोनी करने की आंशका जताते हुए पिता ने कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को कार सहित हिरासत में ले लिया तथा युवती को मेडिकल के लिए भेजा है।

### डयूटी पर गया व्यक्ति दो दिन से लापता

**मोरना।** क्षेत्र के गांव मोरना से एक व्यक्ति डडूटी पर जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन दो दिन बीत जाने बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। लापता व्यक्ति के भाई ने अनहोनी की आशंका के चलते तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। थाना भोपा क्षेत्र के गांव निवासी धर्मवीर सिंह ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि उसका 50 वर्षीय छोटा भाई भंवरसिंह मंगलवार की सुबह 10 चीनी मिल मोरना में डयूटी के लिए कहकर गया था तथा उसके बाद गंगदासपुर दवाई लेने का बोलकर गया था। तब से वह घर वापिस नहीं आया है। परिवारवालों ने जान पहचान व रिश्तेदारी में काफी तलाश किया परन्तु उसका कोई पता नहीं चल सका। पीडित ने किसी अनहोनी की आशंका को लेकर थाने पर तहरीर देकर उसके भाई को तलाशने की गुहार पुलिस से लगाई है।

### कानूनगो सहन्सरपाल को दी भावभीनी विदाई

**बुढ़ाना।** तहसील बुढ़ाना क्षेत्र में तैनात कानून-गो सहन्सर पाल आज बृहस्पतिवार के दिन सेवानिवृत्त हो गये। उनकी सेवानिवृत्ति पर तहसील परिसर में स्थित बार एसोसिएशन के सभागार में बिदाई पार्टी दी गयी और नम आंखों से उनकी बिदाई की गयी। उनको अन्य तहसील कर्मियों ने अंगवस्त्र, रामायण, छाता और अन्य उपहार देकर सम्मानित भी किया और उनके कार्यों का बखान किया। तहसील कर्मी मौहम्मद नूर आलम मंसूरी ने कहा कि सेवानिवृत्ति होकर भी सेवा करते रहें यह बहुत बड़ी बात है। अपने दायित्वों से सेवानिवृत्त होते हैं अपने कर्मो से नहीं हमारा एक कर्म ऐसा है जो हमे जीवन पर्यन्त बोध कराता है वह है परिवार व समाज। उस उत्तरदायित्व का निर्वहन करके नए समाज का निर्माण करते हैं। कानूनगो साहब आज आप सेवानिवृत्त हुए आप आज यहां अपनी यादें व कार्य करने की शैली छोडकर जा रहे हैं। अच्छे कार्यो को ग्रहण करके आगे चलने की हमारी परंपरा रही है। यहां अनिल मलिक, कैलाश चंद, मुकेश शर्मा, अध्यक्ष लेखपाल ओमप्रकाश, लेखपाल गौरव कुमार, लेखपाल मोहित, लेखपाल निशा, बिजेंद्र लेखपाल, लेखपाल सविता, अब्दुल कलाम, मोहम्मद नूर आलम मंसूरी एडवोकेट और नितिन आदि तहसीलकर्मी मौजूद रहे।

### पंचायत सचिव के साथ की अभद्रता,कार्रवाई की मांग

**भोपा।** भोपा थाना क्षेत्र के गांव रूडकली तालाब अली के ग्राम पंचायत सचिव इंद्रकुमार ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि गांव निवासी युवती की चार माह पूर्व पंचायत सहायक के पद पर नियुक्ति की गई थी।किन्तु उसके द्वारा एक भी दिन भी उपस्थिति नही की गयी।न ही कोई संबंधित विभागीय कार्य किया गया।बृहस्पतिवार को इन्द्र कुमार ऑफिस में बैठकर शासकीय कार्य कर रहा था।तभी पंचायत सहायक अपने पिता के साथ वहां पहुंची और आते ही दोनों गाली गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने लगे तथा पंचायत सहायक का मानदेय दिलाने का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर आरोपी सरकारी रजिस्टर छीन कर ले गए तथा देख लेने की धमकी दी ग्राम पंचायत सचिव ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# एसपी देहात ने किया विवेचकों का अर्दली रूम

**बुढ़ाना।** एसपी देहात आदित्य बंसल द्वारा बीती बुधवार की देर रात बुढ़ाना कोतवाली में सभी विवेचकों का अर्दली रूम किया गया। जहां उन्होंने सभी विवेचकों को समय से और निष्पक्ष तरीके से विवेचनाओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही के भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बताया जाता है कि एसपी देहात द्वारा बुढाना कोतवाली मे विवेचकों का अर्दली रूम किया गया। अर्दली रूम के दौरान उनके द्वारा बुढ़ाना कोतवाली में लम्बित विवेचनाओं, महिला सम्बन्धी अपराधों, प्रार्थना पत्र, वांछित और वारंटी अभियुक्तों को पकड़ने के निर्देश देते हुए कहा सभी विवेचक लंबित विवेचनाओं के निष्पक्ष निस्तारण व अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करें। अवैध मादक पदार्थों, अवैध शराब, जुआ, सट्टे की खाईबाड़ी, शातिर अपराधियों व हिस्ट्रीशीटरों का भी सत्यापन करें। उन्होंने आम जनता से शालीन व्यवहार करने और महिला सम्बन्धी अपराधों की जांचकर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने और कोतवाली क्षेत्र में नियमित रूप से पैट्रोलिंग करने के लिए भी निर्देशित किया। उनके द्वारा गैंगस्टर अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों में धारा 14 (1) गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही कर अपराधियों की संपत्ति के जब्तीकरण की कार्यवाही करने के लिए भी निर्देशित किया। यहां सीओ गजेंद्र पाल सिंह, कोतवाल आनंद देव मिश्र भी मौजूद रहे।

# आयुर्वेद पद्धति जनक महर्षि चरक की जयंती मनाई

**मीरापुर।** भगवंत आयुर्वेदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल में 29 जुलाई को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के जनक महर्षि चरक की जयंती पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षकों, छात्रों एवं संस्थान के पदाधिकारियों ने आचार्य चरक को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।

कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि महर्षि चरक ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो योगदान दिया है, वह आज भी मार्गदर्शक है। उन्होंने छात्रों को सेवाभाव, नैतिकता और आयुर्वेद के वैज्ञानिक ख्रष्टिकोण को अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर अनुराग विजय अग्रवाल, असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. पुष्पानील वर्मा, सीए दुश्यंत कुमार, डीन अजय सिंह और डॉ. आदित्य शर्मा



की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने आचार्य चरक की शिक्षाओं को आज के संदर्भ में प्रासंगिक बताते हुए छात्रों को उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर विशाल कुमार ने की, जबकि कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार शर्मा ने चरक संहिता में वर्णित चिकित्सा सिद्धांतों एवं प्रकृति परीक्षण की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आचार्य चरक ने हजारों वर्ष पूर्व जिन औषधियों और उपचार पद्धतियों का वर्णन किया था, वे आज भी वैज्ञानिक कसौटी पर खरी उतरती हैं। महर्षि चरक द्वारा रचित 'चरक सं. हता' को चिकित्सा विज्ञान का स्तंभ माना जाता है, जिसमें मानव शरीर, रोग, निदान व प्राकृतिक उपचार का गहन विश्लेषण किया गया है। शिक्षकगण डॉ. शमशेर, डॉ. विवेक अहलावत, डॉ. नीरज घायलान, डॉ. निशा यादव, डॉ. निष्ठा जैन, डॉ. प्रीति सिंह, डॉ. राहुल जैन, डॉ. कपिल चौधरी, डॉ. सिमरन जीत, डॉ. राशि गर्ग एवं योगेंद्र कुमार सहित अनेक व्यक्ति उपस्थित रहे।

# नवागत तहसीलदार अरविंद कुमार का अधिवक्ताओं से हुआ आत्मीय परिचय

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** तहसील बार एसोसिएशन खतौली के अधिवक्ता भवन में गुरुवार को नवागत तहसीलदार अरविंद कुमार के सम्मान में स्वागत एवं परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन उपाध्याय ने की, जबकि संचालन पूर्व महासचिव सचिन आर्य एडवोकेट ने किया।कार्यक्रम की शुरुआत में अधिवक्ता समाज की ओर से तहस. ीलदार अरविंद कुमार का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर महासचिव प्रदीप कुमार ने भी तहस. ीलदार का स्वागत किया और अधिवक्ताओं से परिचय करवाया। अपने संबोधन में तहसीलदार अरविंद कुमार ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में अधिवक्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय ही न्याय प्रणाली की आधारशिला है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वादकारियों को त्वरित और पारदर्शी न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने अधिवक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा जताई और न्यायालय की कार्यप्रणाली को सुचारू बनाए रखने के लिए साझा प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन उपाध्याय ने कहा कि खतौली तहसील की यह परंपरा रही है कि नवागत अधिकारियों का अधिवक्ताओं से परिचय कराया जाता है, जिससे प्रशासन और अधिवक्ता समुदाय के बीच बेहतर तालमेल बन सके। उन्होंने तहसीलदार के समक्ष अधिवक्ताओं से जुड़ी कुछ मांगें भी रखीं और न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावी बनाने में सहयोग का भरोसा जताया। महासचिव प्रदीप कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि



अधिवक्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है, क्योंकि वे न केवल वादकारियों की आवाज होते हैं, बल्कि न्यायपालिका की रीढ़ भी हैं। उन्होंने आग्रह किया कि वादों का निस्तारण नियत तिथियों पर सुनिश्चित हो और न्याय प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचंद्र सैनी, वरिष्ठ अधिवक्ता भूदेव आर्य, जगदीश आर्य, छतरपाल सिंह, जितेंद्र त्यागी, कोषाध्यक्ष सावन कुमार, राजवीर सिंह, नवाब सिंह, राजेंद्र सिंह, राजग्रही यादव, प्रमोद शर्मा, सुभाष कुमार, मूलचंद सिंह, दिमाग सिंह, राजेश कुमार, योगेश खारी, लाल सिंह, दिनेश कौशिक, अमित त्यागी, रामकुमार, गंगा शरण, मुकेश शर्मा, जगबीर सिंह, शांतनु सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# फर्जी गोली कांड में आरोपियों के घर पुलिस की दबिश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** पटोली गांव के चर्चित फर्जी गोली कांड की परतें लगातार खुल रही हैं। घटना मे शामिल वार्ड ब्वाय व मुख्य आरोपी को पुलिस जेल भेज चुकी है वहीं पुलिस ने भाकियू नेता सहित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास करते हुए गांव मे दबिश दी है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव पटोली निवासी आफताब द्वारा जेल मे बंद दुष्कर्म के आरोपी अपने भाई मुजम्मिल को बचाने के लिए पीड़िता पक्ष के व्यक्तियों को जानलेवा हमले मे फंसाने के लिए गोली मारने का नाटक रचा गया।जिसमे भोपा अस्पताल के स्टाफ को श्वित देकर फर्जी मेडिकल रिपोर्ट भी बनवा ली गयी। किन्तु पुलिस ने दोबारा मेडिकल कराकर नाटक का खुलासा करते हुए।

ड्रामेबाज युवक आफताब व अस्पताल के वार्ड ब्वाय खालिद को गिरफ्तार कर बुधवार को मेरठ स्थित भ्र्ष्टाचार कोर्ट मे पेश कर दिया।तथा भाकियू नेता व क्षेत्र के गांव बेहड़ा थ्रू के पूर्व प्रधान पुष्पेंद्र उर्फ़ बिट्टू राठी की गिरफ्तारी के प्रयास मे दबिश दी है। भाकियू द्वारा अपने नेता के खिलाफ कार्रवाई के विरोध मे बुधवार को थाने पर धरना भी दिया गया।भाकियू नेता का इस ड्रामे मे क्या किरदार है यह तस्वीर अभी साफ नहीं हो सकी है। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया की भाकियू नेता पुष्पेन्द्र राठी भी घटना की साजिश करने मे शामिल है। वहीं मौके पर फायर झोककर दहशत फेलाने के आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पुलिस घटना की गहनता से जांच मे जुटी हुई है।

वहीं रिश्वत लेकर अस्पताल के ड्रेसिंग रूम मे गोली का घाव बनाकर फर्जी मैडिकल रिपोर्ट बनाने के बाद बदनाम हुए भोपा अस्पताल मे स्टाफ के बीच कानाफुसी जारी है।प्रकरण मे जहां वार्ड ब्वाय खालिद पर कार्रवाई के बाद अस्पताल मे खामोशी सी छाई है।अस्पताल व विभाग की छवि को नुकसान पहुँचाने मे शामिल अन्य किस आरोपी पर विभागीय कार्रवाई होगी इसकी प्रतीक्षा जारी है। सूत्रो की माने तो डेमेज कंट्रोल को लेकर स्टाफ मे बड़ा बदलाव हो सकता है।

# मंदिर से लौट रहे युवक के साथ मारपीट, मुकदमा दर्ज

**मोरना।** मंदिर से लौट रहे युवक के साथ गैर संप्रदाय के युवकों द्वारा मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है।पुलिस ने आरोपीयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी अमन ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि बीते मंगलवार को वह अपने दोस्त के साथ बाइक द्वारा शुकतीर्थ स्थिति हनुमानधाम में पूजा कर वापस लौट रहा था रास्ते में गैर सम्प्रदाय के तीन व्यक्तियों द्वारा उनको धक्का देकर गिरा दिया। तथा मारपीट करते हुए बलकटी से सिर पर वार कर घायल कर दिया। जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपी अब्दुल वली, हारुन व फरीद निवासी मोरना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# रेलवे स्टेशन व बस अड्डे पर चला जागरूक अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** थाना एएचटीयू टीम ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंण्ड पर मानव तस्करी, बालश्रम एवं भिक्षावृत्ति रोकने के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया।

अवगत कराना है कि राज्य बाल संरक्षण आयोग, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देश के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दु सिद्धार्थ के कुशल नेतृत्व में गुरूवार को थाना एएचटीयू टीम ने रेलवे स्टेशन/बस स्टैंण्ड पर मानव तस्करी, बालश्रम एवं भिक्षावृत्ति रोकने के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान थाना एएचटीयू के प्रभारी सर्वेश कुमार ने पुलिस टीम के साथ लोगों को जानकारी दी कि भीख मांगना या मंग. वाना दोनों अपराध है, और ऐसे लोगों पर कडी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

उन्होने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं व स्कालरशिप के बारे में भी लोगों को जागरूक करते हुए बच्चों को स्कूल में दाखिल कराने के लिए जानकारी दी।टीम ने मोटरसाइकिल मिस्त्री की दुकान, होटल ढाबा की चेकिंग की तथा आर्य समाज रोड से बाल श्रम करते हुए 06 नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू किया गया जिनको उनके परिवारी जनों को सुपुर्द किया गया एवं सेवा योजको के विरूद्ध श्रम परिवर्तन अधिकारी द्वारा वैधानिक कार्यवाही की गई। पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र सिविल लाईन के अन्तर्गत मीनाक्षी चौक पर 02 नाबालिग बच्चों को भिक्षावृति करते हुए पाया गया जिन्हे बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया साथ ही परिजनों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, स्कालरशिप आदि के बारे में जागरूक करते हुए निर्देशित किया गया कि बच्चों से भिक्षावृति न करायें।

# किसानों की समस्याओं को लेकर की गई चर्चा



**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव डुंगर में आज बृहस्पतिवार के दिन भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के ग्राम डूंगर के ग्राम क्षेत्र के अध्यक्ष चौधरी अनिल मलिक और भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के सचिव रामकुमार के आवासों पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की बेठकें हुई। जिसमें किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई और गांव राजपुर छाजपुर से लेकर गांव खेडा मस्तान कट के लिए भी जोरदार चर्चा की गई।

जिसमें मुख्य रूप से भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष पहलवान सुधीर पंवार माजरा, बुढाना तहसील क्षेत्र के अध्यक्ष ठाकुर अमित सिंह, बुढाना ब्लॉक क्षेत्र के अध्यक्ष प्रवीण पंवार, बुढाना तहसील क्षेत्र के उपाध्यक्ष ठाकुर कपिल सिंह, बुढाना तहसील क्षेत्र के उपाध्यक्ष जाबिर राणा और समस्त टीम व ग्राम डूंगर के जिम्मेदार किसान भी उपस्थित रहे।

# श्रावण मास में किए मंदिर के दर्शन



**शाहपुर।** कस्बे के देवो के देव महादेव के भक्त एवं प्रमुख समाजसेवी कमल वर्मा और अमन मित्तल ने श्रावण मास में ज्योतिर्लिंग त्र्यंबकेश्वर मंदिर के परिवार सहित दर्शन किए। संग में बाबा के अनन्य भक्त गोविंद वर्मा, प्रिया वर्मा, नित्या वर्मा, मुद्रिका वर्मा, स्नेहा मित्तल, कुंज मित्तल ने बाबा का आशीर्वाद लिया तथा देश में अमन-चैन की प्रार्थना की। इस दौरान कमल वर्मा ने शाह टाइम्स संवाददाता को बताया कि श्रावण मास में शिव जी की पुजा का विशेष महत्व है, ऐसा विश्वास है कि इस महीने में जल अर्पित करने से भगवान शिव जल्दी प्रसन्न होते हैं और भक्तों को मनोवांछित फल देते हैं। महाराष्ट्र के नासिक जिले में त्र्यंबक गाँव में स्थित है जो 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक यह 10 वे नंबर पर आता है।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बाइक सवार दो लोगों को चोर समझ कर की धुनाई





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के शिवाला मार्ग पर कैराना कोर्ट में पेशी कर लौट रहे बाइक सवार दो लोगों को दर्जनों लोगों ने चोर समझकर पकड़ लिया। लोगों की भीड़ में दोनों के साथ जमकर मारपीट की। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने दोनों लोगों को छुड़ाया और दो लोगों को हिरासत में लिया है। पीड़ित दोनों लोगों ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव हुरमजपुर निवासी सुधीर गुरुवार को भभीसा निवासी अपने दोस्त दुष्यंत के साथ बाइक पर सवार होकर कैराना कोर्ट में गया था। कोर्ट से काम निपटाकर दोनों बाइक सवार अपने घर लौट रहे थे। पीड़ित ने कस्बे के कैराना बाईपास रोड पर मदीना मस्जिद के पास बाइक रोक ली, ओर पास ही एक खोखे से बीड़ी का बंडल खरीदकर बीड़ी पीने लगे। आरोप है कि इस दौरान दर्जनों लोग हाथों में लाठी डंडे ओर धारदार हथियार लेकर मौके पर पहुंचे, ओर दोनों युवकों को चोर-चोर कहकर पकड़ लिया। भीड़ ने दोनों के साथ मारपीट की, ओर बाइक पर डालकर जन्नत कॉलोनी में ले गए। आरोप है कि इस दौरान सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई, ओर लोगों ने मुहल्ले में भी उनके साथ मारपीट की गई, लेकिन किसी ने उनकी एक बात नहीं सुनी। लोगों की भीड़ दोनों से उनके आधार कार्ड मांगते रहे, ओर पीड़ित अपने आप को भभीसा ओर हुरमजपुर निवासी बताते रहे। इस दौरान किसी ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने काफी मशक्कत कर दोनों पीड़ितों को भीड़ के चंगुल से छुड़ाया। पुलिस ने दोनों पीड़ितों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने कई आरोपी हिरासत में लिए है ओर उनके कब्जे से धारदार हथियार भी बरामद किए। डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद पीड़ित सुधीर ने थाने में तहरीर देकर कारवाई किए जाने की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर मिली है पुलिस जांच का उचित कार्रवाई की जाएगी।

# अलग-अलग गांव में दो युवकों की दुखद मौत






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव के दो युवकों की हादसे के दौरान मौत हो गई युवकों की दुरूखद मौत से परिजनों में को. हराम मचा हुआ है। शव पोस्टमार्टम से से आने के बाद गमगीन माहौल में दोनों युवकों का अंतिम संस्कार कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान निवासी रोशन का तीस वर्षीय पुत्र राहुल एक सप्ताह पूर्व हरियाणा के सनौली से बाइक पर सवार होकर अपने खेतों में डालने के लिए दवाई लेने के लिए गया हुआ था। वापस आते समय यमुना ब्रिज पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने राहगीरों की मदद से उपचार के लिए कैराना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। गंभीर हालात के चलते चिकित्सकों ने दिल्ली सफदरजंग के लिए रेफर कर दिया था। एक सप्ताह बाद घायल युवक की दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में दुरूखद मौत हो गई। गुरुवार को शव पीएम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में दाह संस्कार कर दिया। दुसरी और गांव मलकपुर निवासी शौकीन का 18 वर्षीय पुत्र दानिश हरियाणा के सोनीपत में वेल्डिंग का कार्य करने के लिए गया हुआ था। विगत दिवस बुधवार को कार्य करते समय उपरी मंजिल से गिरकर घायल हो गया था चिकित्सकों ने उपचार के दौरान मृतक घोषित कर दिया था। सोनीपत पुलिस पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया था। गुरुवार को शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है। दो युवकों की दुरूखद मौत से क्षेत्र में शौकरू की लहर दौड़ी हुई है।

# पुरानी पेंशन बहाली को माध्यमिक शिक्षक संघ ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (चेतनारायण गुट) ने पदाधिका. रियों ने गुरूवार को पुरानी पेंशन की बहाली के लिए मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन डीआईओएस को दिया।

दिए ज्ञापन में मांग करते हुए संगठन ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पूर्व में सांसद रहते हुए प्रधानमंत्री भारत सरकार को पुरानी पेंशन बहाली के लिए पत्र लिखते हुए पेंशन बहाली की मांग को जोरदार रूप से उठाया था। पुरानी पेंशन किसी भी शिक्षाक, कर्मचारी के रिटायरमेंट के बाद के जीवन की बैसाखी होती है और इसके बिना शिक्षक, कर्मचारी का जीवन यापन संभव नहीं है। जो कर्मचारी, शिक्षक अपना पूर्ण जीवन सेवा में दे देता है। सेवानिवृत्ति के बाद पुरानी पेंशन मिलना उसका अधिकार होता है। सभी शिक्षक, कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली के लिए मुख्यमंत्री से मांग की।

कहा कि पुरानी पेंशन बहाली की मांग को राज्य सरकार स्वीकार करते हुए शिक्षकों के हित में निर्णय ले। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार, महामंत्री नीरज कुमार बेनीवाल, मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र हुड्डा, नीरज शर्मा, विनोद त्रिपाठी, संजय कुमार, संजेश कुमार, संजय यादव, नवाब मलिक, निखिल तायल, संदीप कुमार, नीरज कुमार, विनय गुप्ता, रंजीत यादव, रामकुमार सिंह आदि अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# झमाझम बरसात से सड़कों पर जलभराव





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर एवं क्षेत्र में झमाझम बरसात से लोगों को गर्मी से राहत मिली तो कई जगहों पर जल भराव एवं सड़कों पर कीचड़ फैलने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रशासन एवं देहात क्षेत्र के लोगों ने विकास खंड से संबंधित अधिकारियों को शिकायत कर निस्तारण की मांग की है। बुधवार की देर रात्रि नगर एवं क्षेत्र में झमाझम बरसात शुरू हो गई। बरसात होने से नगर एवं क्षेत्र के लोगों को गर्मी से राहत मिली। बरसात होने से ग्रामीण क्षेत्र के कई स्थानों पर जलभराव एवं सड़कों पर कीचड़ फैल गया।

नगर के सरकारी अस्पताल, नगर पालिका मार्ग, घसौली मार्ग, विकासखंड कॉलोनी सहित आदि कई स्थानों पर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। जलभराव होने से वह सड़कों पर कीचड़ फैलने से स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नगर के लोगों ने वीडियो,फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए पालिका प्रशासन से निस्तारण की मांग की। देहात क्षेत्र के लोगों ने ग्राम प्रधानों सहित विकासखंड से संबंधित अधिकारियों को शिकायत कर निस्तारण की मांग की है। खबर लिखे जाने तक नगर एवं क्षेत्र में झमाझम बरसात का दौर जारी रहा।

## यूपीआईटीएस का 25 सितंबर को आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जैस्मिन, उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, शामली द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25.9.2025 से 29.9.2025 के मध्य इण्डिया एक्सपों सेन्टर एण्ड मार्ट ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले तृतीय यूपीआईटीएस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश के ओ.डी.ओ.पी. उद्यमियों तथा एम.एस.एम.ई महिला/युवा उद्यमियों का प्रतिभाग किया जाना है। जनपद शामली से 4 एम.एस.एम.ई महिला युवा उद्यमियों का प्रतिभाग किया जाना है।

## एक नजर

### दो एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**शामली।** 31.7.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना आदर्शमंडी कांधला पुलिस द्वारा वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 2 एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमंडीध्कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार राजवीर पुत्र मंगलू गडरिया निवासी जनकपुरी थाना सिविल लाइन जनपद मुजफ्फरनगर व नफीस पुत्र समेदीन निवासी मौहल्ला सुभाष नगर थाना कांधला जनपद शामली है।

### एक अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध हथियार बरामद

**शामली।** 30.7.2025 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्त मुस्तकीम पुत्र जीवन निवासी ग्राम लिलौन थाना कोतवाली शामली जनपद शामली है।

### जय माता दी सेवा समिति ने लगातार चौथे माह बांटी पौष्टिक आहार किट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** जय माता दी सेवा समिति द्वारा टीबी मरीजों की मदद के लिए चलाए जा रहे सेवा अभियान के तहत वृहस्पतिवार को एक बार फिर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थानाभवन पर 25 मरीजों को पौष्टिक आहार की किट वितरित की गई। समिति द्वारा यह सेवा कार्य लगातार चौथे महीने किया गया, जिससे टीबी से पीड़ित रोगियों को पोषण और स्वास्थ्य लाभ मिल सके। कार्यक्रम के दौरान थाना भवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. सुशील कुमार अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। उन्होंने मरीजों को नियमित रूप से दवा लेने और पौष्टिक भोजन करने की सलाह दी।सेवा कार्य में समिति के अध्यक्ष ललित अरोरा, सचिव अमित अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनोज भटनागर तथा कार्यकारिणी सदस्य अभय तिवारी और अंश गोयल ने सक्रिय भागीदारी निभाई। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह सेवा अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय-समय पर राहत मिलती रहे और वे जल्द स्वस्थ हो सकें।

# आईआईए का भव्य कार्यक्रम, विशाल गुप्ता बने नए अध्यक्ष





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन शामली चैप्टर के अधिष्ठापन समारोह में विशाल गुप्ता को इस सत्र की जिम्मेदारी देते हुए मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने अध्यक्ष पर मना. नीत किया है।

बुधवार देर रात्रि शहर के कैराना रोड़ स्थित एक बारातघर में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन शामली चौप्टर का बहुप्रतीक्षित अधिष्ठापन समारोह हुआ। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी व आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल जी उपस्थित रहे।

पूर्व अध्यक्ष आशीष जैन ने सभी पुराने पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए की। तत्पश्चात भारत मित्तल ने पूर्व कार्यकाल की उपलब्धियों का संक्षिप्त प्रस्तुतिकरण किया और सभी पूर्व कार्यकारिणी सदस्यों को स्मृति चिह्व भेंटकर सम्मानित किया गया। अधिष्ठापन की प्रक्रिया के अंतर्गत राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल एवं कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी द्वारा फ्लैग एक्सचेंज की परंपरा निभाई गई और विशाल गुप्ता को नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उन्होंने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि महासचिव तुषार कुच्छल,

शिशिर जैन सचिव, आकाश गुप्ता कोषाध्यक्ष चुने गए। 12 नए सदस्यों को औपचारिक रूप से सदस्यता ग्रहण कराई गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा कि आज के दौर में उद्योगों को अत्याधु. निक तकनीक, उपकरणों और ऑटोमेशन की दिशा में निरंतर अग्रसर रहना होगा। उन्होंने एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया और राज्य सरकार से आग्रह किया कि वह औद्योगिक नीति की समीक्षा करे ताकि नए उद्योगों को प्रोत्साहन मिल सके। कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि व्यापार में आने वाली समस्याओं को परेशानी नहीं, बल्कि चुनौती समझकर उसका समाधान खोजा जाए। उन्होंने सभी उद्योगपतियों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनके साथ हर कदम पर खड़ी है और उद्योगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस अवसर पर अशोक बंसल, अनुज गर्ग, अशोक मित्तल, सुधीर बंसल, सुधीर धीमान, भारत मित्तल, मोहित जैन, राजकुमार गर्ग, सचिन श्याम, संजय अग्रवाल, अंशुल मित्तल, निखिल ऐरन, मुकेश कुमार, वेदप्रकाश आर्य, अपूर्व जैन, प्रवीण गोयल, सचिन गर्ग मौजूद रहे।

## मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कार्यक्रम में आईआईए के नवनियुक्त अध्यक्ष विशाल गुप्ता ने कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी को तीन सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में 6 डिफेंस कॉरिडोर स्वीकृत हुए हैं जो हमारे सबसे नजदीक लगभग 250 किलोमीटर दूर अलीगढ़ में स्थापित हो रहा है। हम शामली के लिए एक डिफेंस कॉरिडोर की मांग की। कहा कि एक डिफेंस कॉरिडोर प्रदान कर यहां के उद्योगों व पश्चिमी उत्तर प्रदेश को नई पहचान देने का काम करें। पूर्वी यमुना नहर से औद्योगिक अस्थान तक एक नाले का निर्माण सत्र 2014 में हुआ था। उसे समय औद्योगिक इकाई भी बहुत कम थी। आज लगभग 250 औद्योगिक इकाई यहां कार्यरत हैं जिनका जल निकासी उस नाले से नहीं हो पा रहा है। शासन से नए ओपन नाले का बजट प्रस्ताव पास कराया जाए। औद्योगिक स्थान में लगभग 15000 कर्मचारी अपने गांव से रोजाना आते जाते हैं।

## मां ने युवती को बरामद करने की लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गुरुवार को थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़िता के पुत्री संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। काफी तलाश करने के बाद भी पीड़िता की पुत्री का कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़ित परिजनों ने अनहोनी के आशंका जताते हुए थाने पर तहरीर देकर लापता युवती को बरामद किए जाने की मांग की है।

पुलिस ने पीड़ित परिजनों को जल्द ही लापता युवती को बरामद किए जाने का आश्वासन दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर मिली है। शीघ्र ही लापता युवती को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# हनुमान अवतार व 12 ज्योतिर्लिंगों की महिमा का वर्णन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** अग्रवाल धर्मशाला थानाभवन में चल रही शिव महा. पुराण कथा के सातवें दिवस पर कथा व्यास परम पूज्य राज राजेश्वर महाराज ने भक्तों को भगवान शिव के विभिन्न रुद्रावतारों की दिव्य कथाओं का रसपान कराया। उन्होंने बताया कि हनुमान जी का जीवन प्रभु सीताराम के चरणों में पूर्णत: समर्पित रहा है।कथा में उन्होंने नंदी अवतार, दुर्वासा अवतार, पीपलाद अवतार और हनुमान अवतार की विस्तार से व्याख्या की। साथ ही भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों की महिमा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि ए सभी शिव के पवित्र धाम हैं जहां स्वयं भगवान शिव ज्योतिर्लिंग स्वरूप में प्रकट हुए थे। इन ज्योतिर्लिंगों के दर्शन और पूजन से भक्तों के सात जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

कथा के विश्राम दिवस पर अजामिल कथा, नरकों का वर्णन, तथा मां दुर्गा द्वारा रक्तबीज, महिषासुर, चंड-मुंड, शुंभ-निशुंभ के वध का प्रेरणादायक प्रसंग सुनाया गया। महाराज जी ने बताया कि कैसे मां दुर्गा की कृपा से अधर्म का नाश होता है और धर्म की स्थापना होती है।

महाराज ने श्रद्धालुओं से एकता और समरसता बनाए रखते हुए सनातन धर्म की रक्षा करने का आह्वान किया। कथा में हरिद्वार से पधारे 1008 महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमदास महाराज (विजरोल वाले) तथा वृह्मनिष्ठ स्वामी राम नरेश महाराज (गोघा म्हाड़ी) ने भी आशीर्वचन प्रदान किए।

इस अवसर पर योगेश तायल, मनोज कुच्छल, नवीन गोयल, सुखपाल शर्मा, संजय कश्यप, पीयूष गोयल, लवी गोयल, नीरज शर्मा, विनोद सैनी, संदीप मित्तल, भानु शर्मा सहित नगर व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।कथा स्थल पर आध्यात्मिक वातावरण, मंत्रोच्चार और श्रद्धा से परिपूर्ण दृश्य हर किसी को भावविभोर कर रहा है। आयोजकों ने बताया कि कथा का समापन भंडारे और विशाल हवन यज्ञ के साथ होगा।

## नोटिस/सूचना

नाम रईस अहमद पुत्र नईम, तुमको सूचित किया जाता है कि तुम्हारी पत्नी फरहाना पुत्री जाहिद हसन मोमिन नगर दिल्ली रोड शमशान वाली गली शामली ने तुम्हारे खिलाफ एक मामला महकमा-ए-शरिया जिला मेरठ में दाखिल किया है कि तुमने करीब तीन साल से अपनी पत्नी के हुकूक अदा ही नहीं किए हैं और ना ही उसके खर्च का कोई इंतजाम किया है। इस सिलसिले में तुम्हारे घर के पते पर दो नोटिस बजरिया डाक और एक नोटिस दस्ती भेजा गया, जिसको तुम्हारे घर वालों ने वसूल करने से इन्कार कर दिया। अब इस अखबारी और आखिरी नोटिस के जरिये तुमको सूचित किया जाता है कि इसके प्रकाशित होने के एक माह के अंदर महकमा-ए-शरिया शाही जामा मस्जिद हाजिर हो जवाबदेही करो। अगर तुमने कोई तवज्जो नहीं की, तो तुम्हारे तान्नुत की वजह से मुकदमे का शाई फैसला कर दिया जाएगा। जिसके बाद तुमको किसी भी तरह की चारा जोई का हक नहीं होगा और ना ही तुम्हारा कोई उज्र काबिले कुबूल होगा।

**मौलाना खुरशीद अहमद कारत**
**जनरल सेक्रेट्री**
**महकमा-ए-शरिया, जिला मेरठ**

## बाल एवं किशोर पुस्तकालय के संबंध में दिशा निर्देश जारी

**शामली।** निदेशक पंचायतीराज के पत्र दिनांक 20 जून, 2025 एवं प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र दिनांक 17 मार्च, 2025 के द्वारा शासनादेश 30.10.2023 के अनुपालन में जनपद शामली की 66 ग्राम पंचायतों में डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना के सम्बन्ध में निर्देश जारी किए गए हैं। यह जानकारी देते हुए आज जिला पंचायत राज अधिकारी शामली संदीप अग्रवाल अवगत कराया उक्तानुसार चयनित 66 ग्राम पंचायतों में डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना हेतु स्थानीय भाषाओं के साहित्यकारों, स्थानीय प्रकाशन, स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों, राष्ट्रनायकों एवं शहीदों की जीवनी, प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे छात्रों के आवश्यकतानुसार तथा महिलाओं एवं बाल साहित्य से सम्बन्धित ज्ञानवर्धक पुस्तकों को शामिल करते हुए क्रय किया जाना हैं। इच्छुक प्रकाशक अपने प्रकाशन की पुस्तकों की सूची मूल्य सहित हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में पुस्तकों की आपूर्ति हेतु कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, शामली में, ई-मेल dproshamli@gmail.com पर 3.8.2025 की शाम 5 बजे तक करें।

# जलालाबाद में निवार्ण महोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** जलालाबाद में निवार्ण महामहोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भारी संख्या श्रद्धालु उपस्थित रहे।

गुरुवार को 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जलालाबाद में 1008 पार्श्वनाथ मोक्ष कल्याणक का महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम प्रात: विधि विधान के साथ पं0 राजकुमार जैन सहारनपुर के द्वारा संगीतमय के साथ श्रीजी का प्रक्षाल पूजन किया गया। प्रक्षाल के बाद मूलनायक वेदी पर भगवान पार्श्वनाथ जी का अभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद शांतिधारा करने का सौभाग्य प्रथम बोली सुरेन्द्र कुमार जैन निर्दोष कुमार जैन ऋषभ अतिशय जैन पुरखा जी वालो को प्राप्त हुई। द्वितीय बोली नवीन जैन रमेश चन्द्र जैन सहारनपुर को प्राप्त हुई। तृतीय बोली आकाश जैन दिल्ली को प्राप्त हुई।

शान्तिधारा के बाद 23 दीपो से से आरती करने का उषा जैन रितिका जैन नवीन जैन महावीर कॉलोनी सहारनपुर को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में राकेश जैन पूर्व मैनेजर मुख्य अतिथि रहे । इन कार्यक्रमो के पश्चात धर्म ध्वजारोहण स्व. हीरामणी जैन धर्मपत्नि स्व. सतेन्द्र जैन पुत्र राजीव जैन, संजीव जैन, संदीप जैन सपरिवार सहारनपुर वालो ने किया। मूल नायक वेदी पर 23 किलो के लडडू चढाने का अशोक जैन ऋषभ जैन त्रिनगर दिल्ली वालो को सौभाग्य प्राप्त हुआ।

दाए तरफ की वेदी पर 11 किलो का लडडू चढाने का आलोक जैन शामली को प्राप्त हुआ। बाए तरफ की वेदी पर 11 किलो का लडडू चढाने का सौभाग्य आशीष जैन शामली को प्राप्त हुआ। श्रावको ने समस्त कार्यक्रमो में दिल्ली, देहरूदन, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, शामली, रामपुर, नानौता, बडौत, बागपत दूर दराज से आए जैन श्रद्धालुओं ने बढचढकर भाग लिए। वात्सल्य भोज सतेन्द्र जैन सर्राफ सपरिवार सहारनपुर की ओर से किया गया। समस्त कार्यक्रमो को सफल बनाने में अध्यक्ष तरुण कुमार जैन, उपाध्यक्ष राकेश जैन, मंत्री सुशील कुमार जैन जलालाबाद, मुकेश जैन, प्रदीप कुमार जैन, जे0के0 जैन, सुभाष चन्द्र जैन, सुभाष चन्द्र जैन नानौता, उमेश जैन, भूपेन्द्र जैन, सुशील जैन, सतीस जैन, प0 सनत जैन, अर्पण जैन, डा0 पदम सिंह चौहान,श्याम बाबू खान, मनोज भरतरी, मुकेश शास्त्री, राजेंद्र भगत, मुरारी नारंग, सुनील जैन पानीपत, राजेश सैनी पूर्व सभासद, रणवीर सैनी, डॉ यशपाल शर्मा, अशोक अग्रवाल, सुशील गोयल,रेशू सेठी, प्रज्ञा जैन सुमित जैन भोपाल, ऋषिका जैन, सचिका जैन, ऋषभ जैन, सचिन जैन आदि ने सहयोग किया।

# गांव मोहम्मदपुर राई में जांच को पहुंचे आपूर्ति निरीक्षक



गत दिवस दर्जनों पुरुष व महिलाओं ने एसडीएम कैराना को शिकायतीं पत्र देकर राशन डीलर पर लागए थे गंभीर आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव मोहम्मदपुर राई में ग्रामीणों ने राशन विक्रेता के खिलाफ मोर्चा खोल खोलते हुए एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया था। जिसके बाद जांच पूर्ति निरीक्षक को सौंपी गई थी। आज दोपहर के समय पूर्ति निरीक्षक कैराना मदनपाल पीड़ित राशन उपभोक्ताओं के बयान दर्ज करने पहुंचे,ग्रामीणों का कहना है कि जांच अधिकारी ने सरकारी सिस्टी गल्ले की दुकान तक जाना भी मुना. सिब नही समझा और वापस लौट आए।

गत बुधवार को गांव मोहम्मदपुर राई के दर्जनों महिला एवं पुरुष ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज को शिकायती-पत्र सौंपाते हुए आरोप लगाया था कि वह गांव के राशन डीलर के पास अपना राशन लेने जाते हैं तो राशन डीलर ई-पॉश मशीन में अंगूठा लगवाकर उनके हाथों में एक पर्ची थमाकर बाद में राशन लेने को कहता है और फिर ग्रामीणों से चक्कर कटवाता रहता है।बाद में उन्हें धमकाकर भगा दिया जाता है। मामले में एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज के निर्देश पर आज दोपहर आपूर्ति निरीक्षक कैराना मदनपाल गांव मोहम्मदपुर राई में पहुंचे, जहां उन्होंने शिकायतकर्ता ग्रामीणों से बातचीत की और उनके ब्यान दर्ज किए। इस दौरान मौके पर कई दर्जन ग्रामीण पुरुष व महिलाएं मौजूद रहीं।

**सस्ते गल्ले की दुकान पर नही पहुंचे अधिकारी**

ग्रामीणों की शिकायत पर गांव मोहम्मदपुर राई में जांच को पहुंचे सप्लाई इंस्पेक्टर मदनपाल ने ग्रामीणों से बातचीत की और उनके द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की। ग्रामीणों का कहना है कि इस दौरान ग्रामीणों द्वारा बार-बार आग्रह करने पर भी पूर्ति निरीक्षक कैराना राशन डीलर की दुकान का स्टॉक चौक करने नही पहुंचे,जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि राशन डीलर की निष्पक्ष जांच के बाद उसके खिलाफ कठोर कार्रवई की जाए।

# दो होमगार्ड्स को भावभीनी विदाई, मिठाई खिलाकर किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** गढ़ीपुख्ता थाना में तैनात दो वरिष्ठ होमगार्ड राजेंद्र सिंह और चंद्रवीर सिंह को उनके सेवा. निवृत्ति के अवसर पर गुरुवार को सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई। सेवा के आखिरी दिन थाना परिसर में एक सादे लेकिन गरिमापूर्ण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें थाना स्टाफ और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम में दोनों को मिठाई खिलाई गई और गले में फूल मालाएं डालकर उनका सम्मान किया गया। राजेंद्र सिंह ने विभाग में कुल 38 वर्ष सेवा दी, जबकि चंद्रवीर सिंह ने 37 वर्षों तक विभाग को अपनी सेवाएं दीं। इस मौके पर थाने के प्रभारी, सहकर्मियों और क्षेत्रवासियों ने दोनों की सेवा भावना और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### चोरों ने खेत पर बने कोठे से केबिल स्टाटर किया चोरी, मुकदमा दर्ज

**कैराना।** नगर के मुहल्ला आर्यपुरी निवासी प्रेमसिह पुत्र फूलसिंह ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका खेत कैराना बाहर हदूद हलका 1 में स्थित हैं। जहांखेत की टड्बवैल व कोठा बना हुआ हैं। मंगलवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने कोठे में नकब लगाकर करीब 14 मीटर सबमर्शीबल का केबिल, तीन बटनों का एक स्टाटर व तीन कटाउट चोरी कर लिए। वहीं निकट स्थित दूसरे किसान के कोठे का ताला तोडकर कोठे मे रखा एक स्टाटर, तीन कटाउट व तीन मीटर सबमर्शीबल का केबिल चोरी कर ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी हैं।

## एक नजर

### ऑपरेशन क्लीन के तहत माल विनष्टीकरण अभियान चलाया



**शामली/कैराना।** थाना कैराना पुलिस द्वारा ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत विस्फोटक अधिनियम के 9 अभियोगों के मालो की विनिष्टीकरण की कार्यवाही की गई। न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कैराना शामली के आदेश को थाना कैराना के वर्ष 2018 से वर्ष 2023 तक के विस्फोटक अधिनियम के 9 अभियोगों का माल मुताबित सूची के नष्ट किए जाने के आदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी शामली व पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा माल विनिष्टीकरण हेतु गठित टीम मान उपजिला मजिस्ट्रेट तहसील कैराना शामली के निर्देशन में नायब तहसीलदार सतीश यादव तहसील कैराना, क्षेत्राधिकारी कैराना श्याम सिंह, अभियोजन अधिकारी शामली उतेश जौहरी, BDS प्रभारी जनपद सहारनपुर उ0नि0 उदयवीर सिंह, कार्यालय लिपिक ADJ/FTC कोर्ट कैराना रवि मलिक व कार्यालय लिपिक CJM कोर्ट कैराना हरिनन्दन सिंह व प्रभारी निरीक्षक कैराना धर्मेन्द्र सिंह व हैड मोहर्रिर संजीत सिंह के समक्ष अंदर मालखाने से निकलवाकर विस्फोटक अधिनियम से सम्बन्धित मालो को प्राइवेट वाहन ट्रेक्टर ट्राली की मदद से यमुना घाट चौकी क्षेत्र यमुना ब्रीज पर जे।सी।बी।के माध्यम से गढढा खुदवाकर विनिष्टीकरण की कार्यवाही फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी कराते हुए की गई।

# दिन दहाड़े महिला से लूटपाट, चाकू की नोक पर गहने छीने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** गांव बुंटा में एक नकाबपोश युवक ने दोपहर के समय घर में घुसकर महिला से मारपीट करते हुए चाकू की नोक पर गहने लूट लिए और मौके से फरार हो गया। महिला ने साहस दिखाते हुए आरोपी को धक्का देकर बाहर की ओर भागकर शोर मचाया, जिसके बाद वह बेहोश होकर गिर गई।

पीड़िता के पति रिजवान पुत्र अकरम ने बताया कि दोपहर करीब 2:35 बजे का समय था। उनकी पत्नी रिजवाना जब बाथरूम से बाहर निकली, उसी दौरान एक नकाबपोश युवक छत के रास्ते सीढ़ियों से मकान में घुस आया। युवक ने पीछे से मुंह दबाकर पहले उसे बेहोश करने की कोशिश की, फिर गर्दन पर चाकू लगाकर कानों से पंजाबी बाली, दो छोटी बालियां और गले का लॉकेट छीन लिया। इसके बाद युवक ने रिजवाना के सिर के बाल पकड़कर पेट में लात मारी। मगर महिला ने साहस दिखाते हुए उसे धक्का दिया और घर से बाहर भागकर 'चोर-चोर' चिल्लाना शुरू कर दिया। तभी वह बेहोश होकर सड़क पर गिर गई। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी खालिद मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक आरोपी छत के रास्ते भाग चुका था। घटना के समय घर में केवल रिजवाना ही मौजूद थी। परिवार के अन्य सदस्य कृ पिता अकरम नमाज पढ़ने, मां सितारा पड़ोस में और दोनों बेटे रिजवान व जिशान अपनी वेल्डिंग की दुकान पर थे। सूचना मिलते ही गढ़ीपुख्ता पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। रिजवान ने बताया कि पड़ोस में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में एक बाइक सवार युवक नजर आया है, जिससे शक और बढ़ गया है। हलका इंचार्ज एसआई सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। घर के सामने लगे कैमरों की फुटेज में कोई संदिग्ध व्यक्ति गली से आता-जाता नहीं दिख रहा है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी रामकौर में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विवा. हता की मौत से परिजनों कोहराम मच गया। सूचना पर मृतक विवाहिता के परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने मृतक विवाहिता के शव का पंचराम भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

थाना क्षेत्र के गांव गढी रामकौर निवासी कृष्ण के पुत्र राम समन्दर की शादी जनपद सहारनपुर के मोहल्ला पंत नगर निवासी अनिका के साथ हुई थी। गुरुवार की सुबह को अनिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विवाहिता की मौत से परिजनों में को. हराम मच गया। मृतक विवाहिता के ससुराल पक्ष के लोगों ने मामले की सूचना मृतक महिला के परिजनों को दी। सूचना पर मृतक महिला के परिजन भी मौके पर आ गए। मृतक विवाहिता के परिजनों ने हंगामा करते हुए मृतक विवाहिता के ससुरालियों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया। सूचना पर पुलिस भी गांव में पहुंच गई और मृतक विवाहिता के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि गांव गढ़ी रामकौर में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। विवाहिता के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक विवाहिता के परिजनों ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### अब्दाननगर में करंट की चपेट में आने से भैंसे की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के गांव अब्दाननगर में विद्युत विभाग की लापरवाई के कारण एक भैंसे की करंट लगने से मौत हो गई। गनीमत रही की बालक को सिर्फ करंट का झटका लगा वरना बड़ा हादसा हो जाता। लोगों ने ऊर्जा निगम के खिलाफ नारे बाजी कर विरोध जताया। घेर में बंधा वाजिद का भैंसा किसी कारण से खुलकर बाहर तरफ चला गया। भैंसे को पकड़ने के लिए वाजिद का पुत्र अरशद उसके पीछे पीछे जा रहा था तभी खुले में रखें ट्रांसफार्मर के पोल से लगने पर भैंसे की करंट लगने से मौत हो गई जबकि अरशद को करंट का झटका लगकर पीछे गिर गया, जिससे उसकी जान बच गई वरना बड़ा हादसा हो जाता।

भैंसे की मौत से परिजनों में सदमा है। बिजली विभाग की लापरवाही के चलते लाखों रूपए की कीमत के भैंसे की मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि अगर ट्रांसफार्मर के चारों ओर बेरिकेटिंग होती तो यह घटना होने से बच जाती। विद्युत विभाग की लापरवाही से हुई भैंसे की मौत पर ग्राम वासियों ने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में साजिद अल्वी, रवि प्रजापत, रिजवान अल्वी, अमित पंवार, जुल्फिकार अली, इमरान, नूरदीन, अब्दुल कादिर, दिलशाद, करमशाह, अली मोहम्मद आदि ग्रामीण मौजूद रहे। अवर अभियंता संजीव सौरव ने बताया कि गांव अब्दाननगर में भैंसा मरा है, लेकिन करंट लगने से मरा है या नहीं यह जांच का विषय है।

### बाइक चालक पर नाबालिग के टक्कर मारने का आरोप, मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पीड़ित पिता ने लापहरवाही से बाइक चलाने व टक्कर मारकर नाबालिग पुत्री की टांग तोड़ने के आरोप में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। नगर के मुहल्ला बिसातियान निवासी रामबीर पुत्र रोहताश ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि गत मंगलवार की सायं लगभग छह बजे दस वर्षीया पुत्री राधिका के साथ फास्ट फूड की दुकान से पैदल घर वापिस लौट रहे थे। उसकी पुत्री राधिका को एक अज्ञात मोटरसाइकिल बड़ी तेजी से आई और राधिका को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी टांग टूट कर लटक गई और काफी चोट लग गई। घटना को अंजाम देकर अज्ञात बाइक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कार्रवाई में जुटी हैं।

### झिंझाना में प्रशासनिक कार्रवाई के बाद बढ़ा विवाद, पीड़ितों ने ADM को सौंपी शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** बुधवार को एंटी भू-माफिया पोर्टल की शिकायत पर हुई प्रशासनिक कार्रवाई के बाद झिंझाना में विवाद गहरा गया है। कार्रवाई से प्रभावित कई प्लॉट खरीदारों ने अपर जिलाधिकारी शामली को पत्र सौंपते हुए लेखपाल और एक कथित भूमाफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। झिंझाना कस्बे के वैभव नामदेव, शशांक गोयल, अमरीश जिंदल, पूनम, लिंकन कुमार और अक्षय जैन ने आरोप लगाया कि उन्होंने ग्राम जमालपुर द्धकैरानाऋ में खरीदे गए प्लॉटों में नींव भरने व खड़ंजा डालने का कार्य शुरू किया था। लेकिन लेखपाल लवकेश ने बिना नोटिस जेसीबी से निर्माण तुड़वा दिया और पुलिस से धमकाया। उनका आरोप है कि यह कार्रवाई अर्पित लाला नामक व्यक्ति के दबाव में की गई, जबकि उनका बैनामा उससे एक साल पुराना है। शिकायत में अर्पित लाला को भूमाफिया बताते हुए कहा गया है कि वह अधिकारियों से मिलीभगत कर गरीबों को बेदखल करा रहा है। पीड़ितों ने लेखपाल व अर्पित लाला के खिलाफ जांच व यथास्थिति बनाए रखने की मांग की है।

### सगे भाई पर जानलेवा हमला करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**कैराना।** पत्नी के ऊपर पालतू कुत्ते से हमला कराने के विरोध पर दो सगे भाइयों ने लाठी डंडों व पलकटी से भाई पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपित दोनो भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। क्षेत्र के गांव भूरा निवासी महताब पुत्र लियाकत ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने घर की पहली मंजिल पर परिवार संग रहता हैं। वहीं नीचे मकान में उसके भाई वासिल रहता हैं। आरोप हैं कि वसील ने एक पालतू कुत्ता पाल रखा है। आरोप हैं कि कुत्ता कई बार पीड़ित की पत्नी व बच्चों पर हमला कर चुका हैं। जिसके बाद वासिल से कई बार कुत्ता बांधने के लिए कहा गया है। गत सोमवार की सांय लगभग साढ़े सात बजे वासिल अपने मकान के आगे बैठा हुआ था। पीड़ित की पत्नी फातमा घरेलु कार्य की वजह से ऊपर से नीचे आई तो वासिल ने कुत्ते की ओर इशारा किया जिससे कुत्ते ने फातमा के ऊपर हमला बोल दिया। पत्नि की चींख पुकार सुनकर पीड़ित दौडकर उसे बचाने के लिए पहुंचा तो वासिल व जाकिर दोनों भाई लाठी व पलकटी लेकर आए और आते गाली गलोच करते हुए। उसे अंदर घर मे खींच कर मारपीट कर उसे घायल कर दिया। जिसके बाद डायल 112 पर सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपित घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार कराया। पुलिस ने जांच कार्रवाई शुरू कर दी।

### किशोर के साथ मारपीट करने का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

**कैराना।** क्षेत्र के गांव बसेडा निवासी हारून पुत्र उमरदीन ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि गत मंगलवार की प्रात: लगभग साढ़े आठ बजे उसका पुत्र आमिल भान्जे प्रवेज पुत्र हाशिम निवासी गोगवान के साथ अकबरपुर सुनहेटी मे गेंहू का आटा पिसवाने के लिए गया था। आरोप हैं कि आमिल व प्रवेज सुनहेटी मे सादिक पुत्र रूकमदीन के मकान के पास पहुंचे तो वहां पर पहले से ही अपने हाथो मे लाठी, डन्डे लेकर खडे सादिक पुत्र रूकमदीन व सरवर पुत्र नवाब व एक महिला व तीन चार अज्ञात ने देखते ही अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए आमिल को मोटर साईकिल से जबरदस्ती घसीट कर मारपीट शुरू कर दी। पुलिस मामले की जांच में कार्रवाई में जुटी हैं।

# मुनिराज ने बताए तीन तरह के मनुष्य चरित्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को शहर के जैन धर्मशाला में 108 विव्रत सागर मुनिराज ने 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक अवसर पर प्रवचन देते हुए कहा कि . ष्टिकोण के अनुसार संसार की अनुभूति होती है। जैसे कोई सर्प को विष के लिए जानता है तो कोई उसकी मणि के लिए। उन्होंने तीन प्रकार के मनुष्यों का उल्लेख किया। विष चाहने वाले, रत्न चाहने वाले और रत्नत्रय सम्यक दर्शन, ज्ञान, चारित्र चाहने वाले।

मुनि ने बताया कि रत्नों का संयोग पुण्य का प्रतीक है। जीवन पुण्य और पाप के रहट के समान है, जिसमें पुण्य और पाप का चक्र चलता रहता है, चाहे वह गृहस्थ हो या मुनिराज। मुनि ने पुण्य के भोग और उपयोग का अंतर समझाते हुए कहा कि जब पुण्य का उपयोग आत्मकल्याण के लिए होता है, तो वह क्षीण नहीं होता बल्कि बढ़ता है। पेन और डायरी जैसे साधनों के उपयोग से उदाहरण देकर उन्होंने बताया कि मुनिराज इनका उपयोग धर्म कार्य के लिए करते हैं। गर्मी, तूफान और अन्य बाधाओं में भी तीर्थंकर स्मरण से आत्मिक शांति प्राप्त होती है। मुनि ने पार्श्व प्रभु के मोक्ष को आत्मा की स्वतंत्रता बताया, जैसे राष्ट्रपति के सामने कोई कैदी केवल आजादी की याचना करता है। उन्होंने श्रोताओं की उपस्थिति को भक्ति की सच्ची परीक्षा बताते हुए सराहना की और लड्डू चढ़ाने के महत्व पर प्रकाश डाला कि यह मिठास और शुद्धता का प्रतीक है, जिससे जीवन भी मधुर और निर्मल बनता है। कार्यक्रम की शुरुआत में चित्र अनावरण रमेश चंद्र, राहुल जैन परिवार, दीप प्रज्जवलन मुकेश जैन, पाद प्रक्षालन अनिल जैन, मुकेश जैन परिवार, शास्त्र भेंट रीना जैन, अनीता जैन कंडेला वाले परिवार, महाआरती रमेश चंद्र, राहुल जैन परिवार ने की। पंडित नमन सरूरपुर वालों ने बहुत ही आनंद पूर्वक समस्त कल्याण मंदिर विधान को संपन्न कराया। मौके पर महेश चंद जैन, अर्पित जैन, मोहित जैन, अरुण जैन, अनिल जैन, विदेश जैन, संजीव जैन, शुभम जैन, मौजूद रहे।

# कुत्तों ने दर्जनों लोगों पर हमला कर किया घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर एवं क्षेत्र में आवारा कुत्ते, बंदर बिल्ली सहित आदि जानवर खूंखार होते जा रहे हैं। खूंखार कुत्ते नगर एवं क्षेत्र के लोगों पर जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर रहे हैं गुरुवार को दर्जनों लोगों ने अस्पताल में पहुंचकर अपना उपचार कराया। चिकित्सकों ने आवारा जानवरों से दूर रहने की सलाह दी है। विगत एक माह से लगातार नगर एवं क्षेत्र में आवारा कुत्ते खूंखार होते जा रहे हैं। कस्बा निवासी राजीव शर्मा की एक महा पूर्व कुत्ते के काटने से मौत हो गई थी। लगभग एक सप्ताह पूर्व गांव ढुडार निवासी दीपक के 9 वर्षीय बालक त्रिदेव की भी कुत्ता काटने के बाद दुखद मौत हो गई थी। आवारा कुत्ते, बिल्ली, बंदर खूंखार होते जा रहे हैं जिनके हमले से सैकड़ो लोग अस्पताल में पहुंचकर अपना उपचार करा रहे हैं। गुरुवार को गांव मखमूलपुर निवासी आरव, कस्बा निवासी अजहर, शकील, रविन्द्र, मोमिन, महिला शुहना,एलम निवासी फुरकान, राजपुर गढ़ी निवासी सलीम, इस्सोपुरटील निवासी प्रेम सिंह, रसूलपुर निवासी महिला परी, भभीसा निवासी उज्जवल, सहित आदि दर्जन लोगों ने बताया कि उनके ऊपर खूंखार कुत्ते व बंदरों ने हमला कर घायल किया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी पीड़ितों को एंटी रेबीज की वैक्सीन लगाकर उनका उपचार किया। और बताया कि अगर कोई भी आवारा कुत्ता बंदर व बिल्ली काट लेता है तो घबराने की जरूरत नहीं तुरंत साबुन से साफ पानी में धुलाई कर उसके बाद सरकारी अस्पताल में पहुंचकर अपना उपचार कराए।नगर एवं क्षेत्र में लगातार आवारा कुत्ते खूंखार होते जा रहे हैं लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है प्रशासनिक अधिकारी कोई भी कम नहीं उठा रहे है। पालिका लिपिक अशोक कुमार का कहना है कि जल्दी जिला प्रशासन से अनुमति लेकर अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़वाया जाएगा।

# मूसलाधर बारिश ने खोली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की पोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिले में पिछले दो दिनों से जारी मूसलाधार बारिश ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शामली की हालत को उजागर कर दिया है। गुरुवार को बारिश के बाद सीएचसी परिसर में पानी भर गया, वहीं अस्पताल की जर्जर बिल्डिंग से जगह-जगह पानी टपकने लगा। जिससे मरीजों के साथ साथ चिकित्सकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

पिछले दो दिनों से शहर में लगातार रूक-रूककर बारिश हो रही है। बारिश के बाद सीएचसी शामली की जर्जर बिल्डिंग की हालत भी उजागर हो गई है। सीएचसी की छतों से पानी टपकने के कारण चिकित्सकों और कर्मचारियों को भीगते हुए काम करना पड़ा। गुरूवार को इमरजेंसी से लेकर मरीजों के वार्ड तक में बिल्डिंग की छतों से पानी रिसाव होने से पानी टपक रहा था। वहीं वार्ड में भर्ती मरीजों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रिसाव के चलते वार्डों में जगह-जगह पानी भर गया, जिससे मरीजों के बिस्तर भी भीग गए।



शामली। स्वास्थ्य केंद्र की दीवारों में घुसा बारिश का पानी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल की बिल्डिंग लंबे समय से जर्जर हालत में है, लेकिन प्रशासन की ओर से मरम्मत की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। मरीजों और स्टाफ की सुरक्षा को देखते हुए जल्द से जल्द मरम्मत कार्य कराने की मांग की जा रही है। सीएचसी प्रभारी डा। दीपक कुमार का कहना है कि संबंधित विभाग को बिल्डिंग की हालत की सूचना दे दी गई है और शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### युवक के साथ रंजिशन मारपीट में चार के विरुद्ध एनसीआर दर्ज

**कांधला।** कस्बे के शिवाला मार्ग पर युवक के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार आरोपी युवकों के विरुद्ध एनसीआर दर्ज की है पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। कस्बे के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी सोनू पुत्र सत्तार ने बताया था कि विगत दिवस बुधवार को वह शिवाला मार्ग पर खड़ा हुआ था तभी आरोप है कि कई युवकों ने रंजिश के चलते पीड़ित को घेर कर उसके साथ लाठी डंडों व लात-घूंसों से जमकर मारपीट की थी। मारपीट के दौरान पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया था परिजनों ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। पीड़ित ने अपना उपचार कराने के बाद शाहिद,बल्लू, बिलाल एवं जुनैद के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर पर चारों आरोपियों के विरुद्ध एनसीआर दर्ज करते हुए मामले की छानबीन कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि एनसीआर दर्ज कर ली गई है आरो. पियों को गिरफ्तार करेंगे।

### मुस्लिम राजपूत वेलफेयर एसोसिएशन ने किया संगठन विस्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली में मुस्लिम राजपूत वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए जिला उपाध्यक्ष और ऊन ब्लॉक अध्यक्ष किया मनोनीत।

सामाजिक संगठन मुस्लिम राजपूत वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयोजक राव अब्दुल सत्तार की संस्तुति पर जिला अध्यक्ष राव सालिम द्वारा संगठन के प्रति निष्ठा और समर्पण को देखते हुए मास्टर जाकिर राना निवासी भाट्टू को जिला उपाध्यक्ष और एडवोकेट मुजम्मिल राव निवासी भड़ी चौसाना को ऊन ब्लॉक का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष राव सालिम ने कहा कि संगठन बिराद. री में फैली कुरीतियों को समाप्त करने और सामाजिक मुद्दों पर सुधार,शिक्षा के क्षेत्र में कार्य, नौजवानों,छात्रो की बेहतरीन शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में सहयोग के लिए प्रयास करता रहता है। हम बच्चों की हौसला अफजाई के लिए लगातार कार्य करते रहते हैं। शादी में फिजूल खर्ची, निकाह को आसान करना और नौजवानों को नशे से बचाए रखने के लिए लगातार अभियान चलाते रहें है।

# बाईक की टक्कर से ई-रिक्शा सड़क पर पल्टी

हादसे में किशोर की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति समेत कई महिलाएं घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बाइक से टकरा कर अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा सड़क पर जा पलटी। इसमें सवार किशोर की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति समेत कई महिलाएं घायल हो गई। किशोर की मौत से परिवार में मातम पसर गया। परिजनो का रो रोकर बुरा हाल हैं। मृतक किशोर के परिजन बिना किसी कार्रवाई किये जाने की बात कहकर शव अपने साथ ले गए।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मानकी निवासी वसीम का बेटा 14 वर्षीय अदनान परिवार की कुछ महिलाओं को साथ लेकर देर शाम ई-रिक्शा में सवार होकर देवबंद से वापस अपने गांव लौट रहे थे। जब वह देवबंद-मंगलौर मार्ग पर हाशिमपुरा और मानकी गांव के समीप पहुंचे तो ई-रिक्शा सड़क किनारे जा रही बाइक से टकरा गई और अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में अदनान गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि कई महिलाएं और बाइक सवार मामूली रुप से घायल हो गए। अदनान को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि किशोर परिवार के साथ वापस अपने गांव लौट रहा था। ई-रिक्शा के पलटने के कारण हादसा हुआ है। परिजन शव को बिना किसी कार्रवाई के साथ ले गए।

# विद्यालयों के बंद करने के विरोध में निकाली रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** प्राथमिक विद्यालयों को प्रदेश सरकार द्वारा बंद करने के विरोध में प्रगतिशील युवा मंच एवं ग्राम पंचायत के बैनर तले रैली का आयोजन हुआ। इस दौरान स्कूली बच्चे हाथों में सरकारी स्कूल बंद करने का फैसला वापस लो और प्राइवेट स्कूल बंद करो जैसे नारे लिखे बैनर हाथो में लिये हुए थे।

थामना गांव में प्रगतिशील युवा मंच के महासचिव चरण सिंह गौतम ने कहा कि सरकार के सरकारी प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने का फैसला जनविरोधी और गरीब विरोधी है। क्योंकि यदि सरकारी विद्यालय बंद हो जाएंगे तो गरीब लोग अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में नहीं भेज सकते, बच्चों का भविष्य बर्बाद हो जाएगा। प्रधान संत कुमार ने कहा कि सरकार ने प्राथमिक विद्यालयों को बंद करके करोड़ों बच्चों का भविष्य बर्बाद किया है। जबकि दूसरी ओर अध्यापकों के लाखों पद भी समाप्त कर दिए जाएंगे। जिससे रोजगार की समस्या और बढ़ेगी।

इसलिए सरकारी विद्यालयों को अधिक से अधिक खोलना चाहिए और प्राइवेट स्कूलों को बंद करना चाहिए। इस मौके पर अमित सिंह, शोभाराम, समंदर, विजयपाल, नरपाल, शीशपाल, विपिन,




सोनू, जोगिंद्र, रविंद्र, अर्जुन सिंह आदि छात्र-छात्राओं सहित ग्रामीण शामिल रहे।

# लक्ष्मी शंकर की मौत के मामले में पुलिस ने किया मामला दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** रणखंडी गांव निवासी लक्ष्मी शंकर की मौत के मामले में 22 दिन बाद पुलिस ने जहर देकर हत्या के आरोप में पिता-पुत्र सहित पांच के लोगो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रणखंडी निवासी मृतक के भाई विष्णु ने बताया कि उसके भाई लक्ष्मी शंकर का गांव के ही दिनेश के पास उठना बैठना था। आरोप है कि दिनेश ने अपने पुत्र अंकित और गांव के ही कन्हैया सहित दो अज्ञात पर आरोप लगाया कि उन्होंने बीती चार जुलाई को शराब में कुछ जहरीला पद्धार्थ मिलाकर लक्ष्मी शंकर को पिला दिया। जिससे उसकी हालत खराब हो गई। जिसके बाद गंभीर स्थिति में उसे देवबंद स्थित एक चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत में सुधार न होने के चलते सात जुलाई को उसको रेफर कर दिया गया। उसके मुताबिक मेरठ ले जाते हुए रास्तें में विष्णु शंकर ने बताया कि उसे उक्त आरोपियों ने शराब में मिलाकर जहर दिया है। लेकिन इस दौरान मेरठ हास्पिटल में उपचार के लिए भर्ती होने के बाद आठ जुलाई को उसकी मौत हो गई। जिसके बाद मेरठ मेडिकल में ही उसके भाई का पोस्टमार्टम किया गया। मृतक के भाई विष्णु की तहरीर पर पुलिस ने 22 दिनों के बाद आखिरकार सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

पुलिस के मुताबिक मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। शीघ्र ही आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# हरियाली तीज के उपलक्ष में महिलाओं ने दी सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** महाराजा अग्रसैन महिला मंडल समिति द्वारा हरियाली तीज के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया। महिलाओं ने सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया।

बुधवार रात रेलवे रोड स्थित एक सभागार में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापिका रचना कंसल और डा. आशा सनवार ने फीता काटकर और रीटा अग्रवाल ने महाराजा अग्रसैन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। दीप प्रज्जवलित श्वेता गोयल व अर्पणा अग्रवाल द्वारा किया गया। समिति की महिलाओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। आभा तीज क्वीन चुनी गई।



संस्थापिका रचना कंसल ने कहा कि हरियाली तीज का पर्व प्रकृति की सुंदरता और सावन के महीने की हरियाली का उत्सव है। इस दौरान वर्षा अग्रवाल को समिति का अध्यक्ष, योगिता सचिव व मिनी मंगल को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। अरुणा अग्रवाल, सुमन सिंघल, चित्रा सिंघल, पूनम सिंघल, पूजा बंसल, वंदिता तायल, अर्चना तायल, तरू, शिप्रा व स्वाभि आदि महिलाएं शामिल रहीं।

# नगर के अधिकांश आधार सेंटर बंद होने से लोगों को हो रही असुविधा

## आधार कार्ड बनवाने एवं फोटो अप्डेट कराने के लिए भटक रहें हैं क्षेत्रवासी

नगर के अन्य सेंटर फिलहाल बंद होने की वजह से आधार बनवाने और अपडेट कराने वाले लोग डाकघर पहुंच रहे है। डाकघर में चल रहे आधार केंद्र पर प्रतिदिन 30-40 ही आधार कार्ड ही बन पाते हैं। अधिक भीड़ न हो इसलिए एक सप्ताह तक का समय दिया जा रहा है।अरविंद गुप्ता, डाकघर अधीक्षक देवबंद।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आधार सेंटर अधिकांश बंद होने के कारण आधार बनवाने या अपडेट कराने में क्षेत्रवासियों को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। फिलहाल नगर में केवल मुख्य डाकघर में ही आधार कार्ड बनाने का कार्य चल रहा है। जिसके चलते कार्ड बनवाने वालों को कई कई दिन इंतजार करने लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

नगर में मुख्य डाकघर के अलावा पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक, स्टेट बैंक आफ इंडिया में आधार कार्ड बनवाने और अपडेट कराने का कार्य चल रहा था। निर्धारित शुल्क से अधिक पैसे वसूलने की शिकायत के चलते एक माह पहले संबंधित विभाग की टीम ने यहां छापामारी की थी। जिसके बाद से



सभी सेंटर बंद पड़े हैं। फिलहाल आधार कार्ड बनवाने को लेकर मारामारी मची हुई हैं और जरूरतमंद लोगा मुख्य डाकघर का रुख कर रहे हैं।

डाकघर में भीड़ बढने के चलते यह स्थिति है कि लोगों के नाम लिखकर उन्हें दोबारा आने के लिए आठ से 10 दिन का समय दिया जा रहा है। आलम यह है कि उमस भरी गर्मी में डाकघर परिसर में लोग अपने आधार कार्ड बनवाने और अपडेट कराने को लेकर लंबा इंतजार करते दिखाई देते है।

आधार कार्ड बनवाने डाकघर पहुंची भायला रोड निवासी नीलम ने बताया कि वह पिछले एक माह से आधार कार्ड में फोटो अपडेट कराने के लिए भटक रही है। किसी ने उसे डाकघर के बारे में बताया तो वह यहां पहुंची है। मोहल्ला खानकाह निवासी जमशेद और मानकी निवासी रियासत ने बताया कि उसे अपने बच्चे का नया आधार कार्ड बनवाना है। वह कई बार आधार सेंटरों के चक्कर लगा चुका है, लेकिन वहां ताले लटके हुए है। आज वह थक हार कर डाकघर में आधार कार्ड बनवाने पहुंचा है। कायस्थवाड़ा निवासी अरुण के मुताबिक बैंक में दस्तावेज जमा करने के लिए उसे आधार में मोबाइल नंबर अपडेट कराना है, वह पिछले कई दिन से आ रहा है लेकिन भीड़ अधिक होने के चलते वापस लौट जाता है। लोगों की मांग है कि नगर में अन्य सेंटर भी पूर्व की भांति संचालित कर दिए जाए जिससे कि जरूरतमंद लोगों को परेशानी न उठानी पड़े।

# सिलाई सेंटर से प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं को वितरित किए प्रमाण पत्र

**देवबन्द।** पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज द्वारा महिलाओं एवं छात्राओं के लिए विशेष शैक्षणिक, नैतिक और इस्लाही (सुधार) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दुआ सिलाई सेंटर से प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किये गए।

शेखुल हिंद हॉल में पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ शुरुआत छात्रा लबीबा और आलिया की तिलावत-ए-कलाम पाक से हुई। जबकि सोफिया और सिदा ने हम्द और बशरा, जुवैरिया और युसरा ने नात-ए-पाक सुनाई। कार्यक्रम में दिल्ली से आईं शिक्षाविद रुखसाना ने कहा कि छात्राओं का सबसे कीमती गहना शिक्षा है, जो पूरे समाज को संवारने का साधन बनता है। नवाज गर्ल्स पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल फौजिया अब्दुल्ला खान, इरम उस्मानी, हबीबा, शाइस्ता परवीन, सबीहा और जैनब अर्शी ने विभिन्न प्रशिक्षणात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की और वर्तमान के हालात से अवगत कराया। कॉलेज की प्रधानाचार्य सबा हसीब सिद्दीकी ने बताया कि संस्था पिछले पचास वर्षों से छात्राओं की शैक्षणिक, नैतिक और इस्लाही प्रशिक्षण में निरंतर कार्यरत है। इसमें शबाना, जहांआरा, अफशा, आमना रोशी, फैजी सिद्दीकी, शाकिरा, सलीम, शमाइला, शाहिद, हुमा जमाल आदि महिलाएं शामिल रहे।

# धूमधाम से मना पार्श्वनाथ का निर्वाण कल्याण महोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जैन धर्म के 23वें तीर्थकर भगवान पार्श्वनाथ का निर्वाण कल्याणक महोत्सव गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। जैन मंदिरों में श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा तथा निर्वाण लाडू अर्पित किए गए। इस मौके पर जैन समाज ने नगर में शोभायात्रा भी निकाली।

श्री दिगंबर जैन पंचायत समिति एवं वर्षायोग समिति के तत्वावधान में बैंडबाजों के बीच शोभायात्रा निकली। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर नेचलगढ़ में भगवान पार्श्वनाथ के समक्ष रविंद्र कुमार, रजत कुमार, सजल जैन, अर्णव जैन, मुकेश जैन व वैभव जैन आदि ने बोली में भाग लिया और चारों जैन मंदिरों में 23-23 किलो के निर्वाण लाडू अर्पित किए। आचार्य अरुण सागर महाराज की आहारचर्या डा. डीके जैन के आवास पर हुई। इस दौरान आचार्य ने कहा कि भगवान पार्श्वनाथ को 83 दिनों की कठोर तपस्या के बाद सम्मेद शिखर पर



कैवल्यज्ञान (पूर्ण ज्ञान) प्राप्त हुआ था। उन्होंने समाज के लोगों से भगवान पार्श्वनाथ के दिखाए मार्ग का अनुसरण करने का आह्वान किया। उधर, भक्तामर विधान में 21वें काव्य का पाठ सुनाया गया। इस दौरान सुदेश जैन, अतुल जैन, अनुज जैन, सुनील जैन, अजय जैन, शुभम जैन,अंकित जैन, मोनी जैन, नूतन जैन, मनोज जैन, सतीश जैन, अंकित जैन, अखिल जैन आदि मौजूद रहे।

# एनआईए अदालत द्वारा आरोपियों को बरी किया जाना एजेंसियों की विफलता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के महासचिव मौलाना हकीमुद्दीन कासमी ने मालेगांव बम धमाके मामले में एनआईए अदालत द्वारा आरोपियों को बरी किए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह फैसला देश की जांच एजेंसियों की शर्मनाक विफलता को दर्शाता है।

मौलाना हकीमुद्दीन कासमी ने जारी अपने ब्यान में कहा हैं कि इन एजेंसियों की स्थापना इसलिए की गई थी कि वह आतंकवाद जैसे संगीन और संवेदनशील मामलों में सच्चाई तक पहुंचकर असली दोषियों को न्याय के कटघरे में लाएं और पीड़ित एवं प्रभावित परिवारों को न्याय प्रदान करें। लेकिन दुर्भाग्यवश इनकी भूमिका लगातार भ्रामक साबित हुई है। उन्होंने कहा कि यह पहला अवसर नहीं है कि किसी हाई प्रोफाइल मामले में ऐसा परिणाम सामने आया है, बल्कि पूर्व में भी बीस-बीस वर्ष तक निर्दोष लोगों को जेलों में रहना पड़ा जो बाद में वह बाइज्जत बरी हो गए। उन्होंने सरकार और न्यायपालिका से संगीन मुद्दों को गंभीरता से लेने, जांच एजेंसियों के गैर जिम्मेदाराना रवैया के खिलाफ कदम उठाने और अधिकारियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# तुलसीदास जयंती उत्साह से मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गुरूवार को महाकवि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती को अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रवि बंसल व प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार के कर-कमलों द्वारा महाकवि तुलसीदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंगलाचरण एवं तुलसीदास के जीवन से संबंधित विचार गोष्ठी से हुआ। छात्राओं ने तुलसीदास के जीवन, उनके साहित्यिक योगदान तथा रामचरितमानस जैसे कालजई ग्रंथ की महत्ता पर सुंदर वक्तव्य प्रस्तुत किए।



प्रबंधक रवि बंसल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने अपनी वाणी से सम्पूर्ण समाज को एक नई दिशा दी। उनके आदर्श आज भी हमें सच्चाई, भक्ति और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे तुलसीदास के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और सदैव सन्मार्ग पर चले। इस अवसर पर संजीव कुमार, संदीप कुमार, अमित कुमार, रवि कुमार, कविता रानी, उपासना, अनीता, मोनिका, सुरभि मौजूद रहे।

# पौधारोपण कर फैलाई जागरूकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** महापुरुषों का वंदन प्रकृति का संरक्षण एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के शिल्पी देश के प्रथम गृहमंत्री भारत रतन लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी के 150वे जयंती वर्षीय उपलक्ष में 31 जुलाई 2025 को भायला पीजी कॉलेज भायला सहारनपुर में वन विभाग द्वारा आयोजित एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया। महाविद्यालय के निदेशक डॉ बीएस यादव ने कहा कि पेड़ पौधों के बिना धरती पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। हमें जब भी मौका मिले पौधारोपण करना चाहिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रवीण कुमार अग्रवाल ने कहा कि सभी छात्र अपने आसपास के पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए अपने खेतों घरों तथा सार्वजनिक स्थलों पर अधिक से अधिक पेड़ पौधों का रोपण करने के बाद उनकी देखभाल का संकल्प लें। सोमपाल सिंह कार्यालय अधीक्षक ने कहा कि पौधारोपण केवल एक कर्मकांड नहीं बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी है।



# रक्तदान शिविर में किया ब्लड डोनेट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा शहर के औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्लब के पदाधिकारियों के साथ अन्य लोगों ने रक्तदान किया।

गुरूवार को लायंस क्लब शामली क्राउन व एचडीएफसी बैक शामली के सहयोग से फैक्ट्री परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर का उदघाटन अध्यक्ष गौरव मित्तल एडवोकेट व शाखा प्रबंधक रवि वर्मा ने किया। शिविर का मुख्य उदेश्य अस्पतालो मे रक्त की कमी को दूर करना व जरूरतमंदो जैसे थेलेशिनिया रोगी व दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को उचित समय पर आवश्यक रक्त की उपलब्धता कराना है। इस अवसर पर निदेशक तरूण कुमार जैन, गौरव गोयल, सुमेश मित्तल, विकास गोयल, अजय विश्वकर्मा, निपुन जैन, प्रदीप विश्वकर्मा, प्रशांत सिंघल, अभिलाष अग्रवाल, विवेक बंसल, अमित कुच्छल मौजूद रहे।

# भैंस की मौत मकान की छत गिरने से महिला गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते एक किसान के मकान की छत गिर गई। मकान की छत गिरने से किसान की भैंस की मौत हो गई, जबकि किसान की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर शराबा होने पर आस-पड़ोस के लोगों ने महिला को मलबे से निकलकर प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया।

पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान का निवासी किसान विनोद के मकान की छत भर भरा कर गिर गई। मकान की छत गिरने से मकान में बंधी लाखों रूपए की दुधारू भैंस की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि किसान की पत्नी सुदेश मलबे के नीचे दब गई। शोर शराबा होने पर आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और मलबे के नीचे दबी किसान की पत्नी को निकाला। आस पड़ोस के लोगों ने किसान की पत्नी को कस्बे के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित किसान ने प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र भेज कर मुआवजे की मांग की है।

# यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में शामली राइपफल क्लब का शानदार प्रर्दशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 23 जुलाई से 28 जुलाई तक डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज तुगलकाबाद दिल्ली में आयोजित 28वीं प्री यूपी स्टेट शूटिंग चौंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए शामली राइफल क्लब के प्रशिक्षु निशानेबाजों ने पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया।

शामली राइफल क्लब की प्रशिक्षु निशानेबाज ग्राम कासमपुर निवासी किसान सुखपाल सिंह की सुपुत्री नेशनल शूटर मीनाक्षी पूनिया ने एयर पिस्टल आईएसएसएफ वूमेन वर्ग में 555ध600 अंकों के साथ स्वर्ण पदक प्राप्त किया, एयर पिस्टल एनआर जूनियर वर्ग में सिसौली निवासी शिवम बालियान ने 357ध400 अंकों के साथ कांस्य पदक तथा एयर पिस्टल एनआर जूनियर टीम वर्ग में शिवम बालियान, अभिनव पंवार एवं कुणाल मलिक ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया। गुरूवार को क्लब आगमन पर एसओजी प्रभारी इंस्पेक्टर समयपाल अत्री, क्लब अध्यक्ष मुकेश चौधरी, क्लब डायरेक्टर तपन मलिक ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए स्वागत किया। इस अवसर पर नेशनल शूटर दीपांशु चौधरी, ऋषभ चौधरी, वासु चौधरी, अभिनव मलिक, संस्कार सिंघल, आयुष गर्ग, प्राची पुनिया आदि मौजूद रहे।



# मेडिकल एसेसमेंट कैंप में दिव्यांगों ने किया प्रतिभाग

**शामली।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मती लता राठौर जी शामली के कुशल निर्देशन में आज को ब्लॉक ऊन पर मेडिकल एसेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पांचवी वर्षगांठ के अवसर पर दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र निर्गत हेतु कुल 42 दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस कैंप में अस्थि अक्षमता से ग्रसित 13 बच्चे, बौद्धिक अक्षमता से ग्रसित 13, सेरेब्रल पॉलिसी 04 श्रवण दिव्यांग के 09 एवं अल्प .ष्टि के 03 बच्चों ने प्रतिभाग किया। उक्त मेडिकल कैंप में 05 बच्चों का प्रमाण पत्र जारी हुआ। 13 बच्चों को मेडिकल कॉलेज मेरठ एवं जिला अस्पताल शामली में रेफर किया गया। उक्त कैंप में चिकित्सक दल में नोडल डॉक्टर विनोद कुमार ,नेत्र सर्जन डॉ विनोद कुमार, ऑर्थोपेडिक डॉ राघव, एवं फिजिशियन डॉक्टर तरुण एवं ऑडियोलॉजिस्ट आशिर भारद्वाज द्वारा दिव्यांग बच्चों का एसेसमेंट किया गया। सहयोगी के रूप में कासीफ और सुबोध थे।साथ ही स्पेशल एजुकेटर योगेश कुमार, अखिलेश मौर्या, सचिन शर्मा,चंद्रवीर सिंह, दीपचंद चौधरी, मनोज कुमार, अजय कुमार उपस्थित रहे।यह कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी ऊन विकास कुमार एवं जिला समन्वयक समेकित शिक्षा जितेंद्र कुमार के देखरेख में कैंप को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।





## फोर्टिस-गंभीर विवाद

# कोच को पिच देखने का पूरा अधिकार है: गिल

● **हम सभी ने इतना क्रिकेट खेला है कोच और कप्तान समेत कई बार हम पिच पर गए है , समझ नहीं आता इतना हंगामा किस बात का था**

**लंदन, वार्ता।** मंगलवार को अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय टीम को ओवल में सरे के मुख्य ग्राउंड्समैन ली फोर्टिस द्वारा पिच को करीब से देखने से रोकने को भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने अनावश्यक करार दिया।

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर और फ़ोर्टिस के बीच तब नोकझोंक हुई जब वे मुख्य स्क्वायर के आसपास भीड़ और प्रशिक्षण सामग्री होने से चिंतित थे। कथित तौर पर उन्होंने भारतीय टीम को सुझाव दिया कि उन्हें पिच से 2.5 मीटर दूर खड़े होकर पिच देखनी चाहिए। गंभीर को फोर्टिस की ओर उंगली दिखाते और बार-बार यह कहते हुए देखा गया कि वे 'सिर्फ एक ग्राउंड्समैन' हैं।

गिल, जो उस घटना के दौरान मैदान पर मौजूद नहीं थे, ने ओवल में पांचवें टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा कि कल जो हुआ, मुझे लगा कि वह बिल्कुल गैर-जरूरी था। यह पहली बार नहीं है जब हम विकेट देख रहे थे, हम लगभग दो महीने से वहां हैं। एक कोच को पूरा अधिकार है कि वह पास जाकर विकेट देख सके और मुझे नहीं लगता कि इसमें कुछ गलत है। मुझे सच में समझ नहीं आ रहा कि क्यूरेटर ने हमें विकेट देखने की इजाजत क्यों नहीं दी। गिल ने कहा कि सीरीज के पिछले चार स्थानों हेडिंग्ले, एजबस्टन, लॉर्ड्स और ओल्ड ट्रैफर्ड पर किसी भी क्यूरेटर ने भारतीय टीम को पिच या स्क्वायर देखने से नहीं रोका था। गिल ने कहा कि जहां तक मुझे याद है, हमें कभी कोई निर्देश नहीं मिले थे। अगर आप रबर स्पाइक्स पहने हों या नंगे पैर हों, तो आप विकेट को पास से देख सकते हैं। हम इस सीरीज में पहले ही चार मैच खेल चुके हैं, और हमें पिच देखने से किसी ने नहीं रोका। हम सभी ने इतना क्रिकेट खेला है, हम कोच और कप्तान समेत कई बार पिच पर गए हैं, मुझे समझ नहीं आता कि इतना हंगामा किस बात का था। भारत के सीरीज में 2-1 से पिछड़ने के बाद, आखिरी टेस्ट से पहले, गिल से पूछा गया कि क्या जरूरी मैच जीतने के दबाव ने गंभीर की प्रतिक्रिया को उकसाया होगा। गिल ने कहा कि बिल्कुल नहीं, अगर कोई पिच क्यूरेटर आकर हमें विकेट की तरफ देखने के बजाय तीन मीटर पीछे से देखने के लिए कहेगा, तो ऐसा हमारे साथ पहले कभी नहीं हुआ। हम इतने लंबे समय से क्रिकेट खेल रहे हैं और जब तक आप रबर स्पाइक्स पहने हुए हैं या नंगे पैर हैं, आपको विकेट को पास से देखने की इजाजत है। यह कोच और कप्तान का काम है। लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट के बाद से टीमों के बीच कई बार तीखी बहस हुई है, इसके बावजूद गिल ने कहा कि इंग्लैंड और भारत के बीच रिश्ते मजबूत बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें और उनकी टीम ने इन घटनाओं के दौरान जिस तरह का व्यवहार किया, उसका 'कोई अफसोस' नहीं है। उन्होंने कहा, ''रिश्ता बहुत अच्छा है, लेकिन जब आप मैदान पर होते हैं, तो आप अंततः मैच जीतने की कोशिश करते हैं, और दोनों टीमें काफी प्रतिस्पर्धी रही हैं।

---

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### नागपुर में दिव्या देशमुख का भव्य स्वागत

**नागपुर, वार्ता।** युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख, जिन्होंने हाल ही में जॉर्जिया के बटुमी में फिडे महिला विश्व शतरंज कप 2025 का खिताब जीता, का नागपुर में भव्य स्वागत किया गया। समारोह की शुरुआत डा. बाबा साहेब अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई, जहां दिव्या का भव्य स्वागत किया गया। शहर द्वारा अपनी 'शतरंज रानी' का सम्मान किए जाने पर हवाई अड्डा जयकारों, तालियों और पारंपरिक बैंड की धुनों से गूंज उठा। हवाई अड्डे से, एक भव्य अभिनंदन रैली शहर के मध्य की ओर बढ़ी, जिसके मार्ग में लोग पुष्प वर्षा कर रहे थे और तिरंगा लहरा रहे थे। विभिन्न सामाजिक और खेल संगठनों ने दिव्या का स्वागत किया और उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाया। दिव्या ने वैश्विक शतरंज मंच पर नागपुर, महाराष्ट्र और भारत का नाम रोशन किया है। नागपुर शहर की सड़कें दिव्या को बधाई देने वाले बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स से सजी हुई थीं।

### अलेक्जेंडरसन ने 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय अंडर-20 महिला टीम के मुख्य कोच, एलेक्जेंडरसन ने म्यांमार में 6 से 10 अगस्त तक होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप 2026 क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय टीम की आज घोषणा की। यंग टाइग्रेसेस को ग्रुप डी में रखा गया है और उनका सामना 6 अगस्त को इंडोनेशिया, 8 अगस्त को तुर्कमेनिस्तान और 10 अगस्त को यांगून के थुवुन्ना स्टेडियम में मेजबान म्यांमार से होगा। ग्रुप विजेता और सभी आठ ग्रुपों में से तीन सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें अगले साल अप्रैल में थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

---

# बारिश के कारण दूसरी बार रुका 5वां टेस्ट

## सुदर्शन-नायर नाबाद, भारत 85/3, गिल 21 रन बनाकर रनआउट, गावस्कर का रिकॉर्ड तोडा

**ओवल, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां टेस्ट लंदन के द ओवल स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी है। फिलहाल, बारिश के कारण खेल रुका हुआ है। अगर बारिश शुरू नहीं हुई तो रात 9.15 बजे खेल शुरू होगा। भारतीय टीम ने पहली पारी में 3 विकेट पर 85 रन बना लिए हैं।

साई सुदर्शन और करुण नायर नाबाद हैं। कप्तान शुभमन गिल 21, केएल राहुल 14 और यशस्वी जायसवाल 2 रन बनाकर आउट हुए। गिल को गस एटकिंसन ने डायरेक्ट थ्रो पर रनआउट किया। जबकि राहुल को क्रिस वोक्स ने बोल्ड और जायसवाल को एटकिंसन ने पगबाधा आउट किया। भारतीय कप्तान शुभमन गिल इस सीरीज में 743 रन बना चुके हैं। वे एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान बने हैं। गिल ने सुनील गावस्कर (732 रन) का रिकॉर्ड तोड़ा। जो गावस्कर ने 1978-79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था। शुभमन गिल इंग्लैंड में एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी कप्तान बने हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के गैरी सोबर्स (722 रन) का रिकॉर्ड तोड़ा। वे वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान ने 1966 में बनाया था। बारिश के कारण 80 मिनट देरी से शुरू हुआ दूसरा सेशन साउथ लंदन स्थित द ओवल मैदान पर बारिश के कारण जल्दी लंच कर दिया गया था। करीब एक घंटे 20 मिनट के बाद दूसरे सेशन का खेल शुरू हुआ। इस दौरान ग्राउंड स्टाफ ने कड़ी मेहनत करके मैदान को सुखाया। साउथ लंदन में फिर से बारिश लौट आई है। ऐसे में फिर से खेल रोकना पड़ा है। अहम बात यह कि भारत ने दूसरे सेशन के आधे घंटे में कप्तान गिल का विकेट गंवा दिया है। 28वें ओवर में भारतीय टीम ने तीसरा विकेट गंवा दिया है। यहां भारतीय कप्तान शुभमन गिल 21 रन बनाकर रनआउट हो गए। उन्हें गस एटकिंसन ने डायरेक्ट थ्रो पर रनआउट किया। गिल टेस्ट करियर में दूसरी बार रनआउट हुए हैं। इससे पहले वे राजकोट टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ रनआउट हुए थे। ओवल टेस्ट के दूसरे सेशन का खेल करीब 2 घंटे की देरी से शुरू हुआ।

शाम 5रू23 बजे बारिश के कारण जल्दी लंच का ऐलान कर दिया गया था। 23 ओवर के इस सेशन में इंग्लिश बालर्स का दबदबा रहा। भारतीय ओपनर केएल राहुल 14 और यशस्वी जायसवाल 2 रन बनाकर पवेलियन लौटे। 16वें ओवर में भारतीय टीम ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां केएल राहुल 14 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें क्रिस वोक्स ने बोल्ड कर दिया। इससे पहले यशस्वी जायसवाल (2 रन) गास एटकिंसन का शिकार बने थे। वे स्ठॅ आउट हुए। 13वें ओवर में जोश टंग की यार्कर बाल खेलने के प्रयास में साई सुदर्शन क्रीज पर गिर गए। टंग ने ओवर की दूसरी बाल पर इनस्विंग यार्कर डाली, जो आफ स्टंप की ओर से रही। बाल ने बल्ले का अंदरूनी किनारा लिया और सुदर्शन के पैड पर लगी। इससे सुदर्शन पिच पर गिर पड़े। इस ओवर के साथ पहले घंटे के खेल का समापन हुआ। ड्रिंक्स ब्रेक तक भारतीय टीम ने एक 36 रन बनाने में एक विकेट गंवाया। केएल राहुल और साई सुदर्शन की जोड़ी नाबाद रही। ओली पोप ने बतौर फील्डिंग कैप्टन 14 रिव्यू लिए हैं। इनमें से पहला रिव्यू सफल रहा है। इससे पहले 12 रिव्यू असफल रहे, जबकि एक अंपायर्स काल पर गया था। भारत ने ओवल टेस्ट की पहली पारी के तीसरे ओवर में विकेट गंवा दिया। यहां ओपनर यशस्वी जायसवाल 2 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें गस एटकिंसन ने स्ठॅ किया।

---

# पाकिस्तान वेटरन लीग डब्ल्यूसीएल के फाइनल में

● **भारत ने सेमीफाइनल खेलने से मना कर दिया था, चैंपियनशिप में चौथे नंबर पर रही भारतीय टीम**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रिटायर्ड क्रिकेटर्स के टूर्नामेंट वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में पाकिस्तान फाइनल में पहुंच गया है। डब्ल्यूसीएल ने बुधवार देर रात यह जानकारी दी। भारत ने पाकिस्तान के साथ सेमीफाइनल मैच खेलने से मना कर दिया था। यह मुकाबला कल बर्मिंघम में खेला जाना था।

इससे पहले भारतीय प्लेयर्स ने पाकिस्तान के साथ 20 जुलाई को होने वाला ग्रुप मैच भी नहीं खेला था। तब मैच रद्द करके दोनों टीमों में अंक बांट दिए गए थे, लेकिन अब पाकिस्तानी टीम अपने ग्रुप में टाप पर होने और चार जीत के साथ नौ अंक हासिल करने के कारण फाइनल में पहुंच गई है। वहीं, भारत छह टीमों वाले इस टूर्नामेंट में चौथे नंबर पर रहा। टीम को एक मैच में जीत और तीन में हार मिली, जबकि एक मैच बेनतीजा रहा। पाकिस्तान का मुकाबला दूसरे सेमीफाइनल के विजेता (आस्ट्रेलिया या साउथ अफ्रीका) से होगा। डब्ल्यूसीएल बोला- हम जो करते दर्शकों के लिए करते हैं, डब्ल्यूसीएल ने देर रात एक्स पर पोस्ट करके पाकिस्तान के फाइनल में पहुंचने की जानकारी दी। डब्ल्यूसीएल ने एक्स पोस्ट में लिखा कि हम हमेशा खेल की ताकत पर भरोसा करते हैं। हालांकि, जनभावना का हमेशा सम्मान किया जाना चाहिए। आखिर हम जो कुछ भी करते हैं, अपने दर्शकों के लिए ही करते हैं। हम भारत चैंपियंस के सेमीफाइनल से हटने के फैसले का सम्मान करते हैं व पाक चैंपियंस की प्रतिस्पर्धा करने की तैयारी का भी सम्मान करते हैं। सभी बातों को ध्यान में रखते हुए भारत चैंपियंस और पाकिस्तान चैंपियंस के बीच का मैच रद्द कर दिया गया है। पाकिस्तान चैंपियंस फाइनल में जाएगा। लीग की स्पान्सर कंपनी ईजमाई ट्रिप ने भी बुधवार को ही सेमीफाइनल मैच से हटने का ऐलान किया था।

कंपनी के को-फाउंडर निशांत पिटी ने ग पोस्ट में लिखा था कि हम डब्ल्यूसीएल में भारत के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हैं। हालांकि, पाक के खिलाफ आगामी सेमीफाइनल कोई साधारण मैच नहीं है। आतंकवाद और क्रिकेट साथ साथ नहीं चल सकता। ईजमाई ट्रिप भारत के साथ खड़ा है। हम ऐसे किसी भी आयोजन का समर्थन नहीं कर सकते जो आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देश के साथ संबंधों को सामान्य बनाने का प्रयास करता हो। कुछ चीजें खेल से भी बड़ी होती हैं। देश पहले, व्यापार बाद में।

---

# 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की काकीनाडा में होगी शुरुआत

● **महिला जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन -ए में देश की शीर्ष 12 टीमें शामिल है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** नए प्रारूप के साथ एक अगस्त से 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में शुभारंभ होगा।

यह टूर्नामेंट 12 अगस्त तक चलेगा और इसमें 30 टीमें भाग लेंगी। इसमें नए प्रारुप को लागू किया जायेगा। टूर्नामेंट को डिवीजन ए, डिवीजन बी और डिवीजन सी में विभाजित किया जाएगा। डिवीजन ए और बी की निचली टीमों को क्रमशः डिवीजन बी और डिवीजन सी में स्थानांतरित किया जाएगा, और डिवीजन बी और डिवीजन सी की शीर्ष दो टीमों को अगले साल हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन ए और डिवीजन बी में पदोन्नत किया जाएगा। महिला जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन ए में देश की शीर्ष 12 टीमें शामिल हैं और पूल ए में गत चैंपियन झारखंड, पूल बी में पिछले साल की उपविजेता मध्य प्रदेश और पूल सी में दूसरे उपविजेता हरियाणा शामिल होंगे। इस बीच, डिवीजन बी और डिवीजन सी में वे टीमें शामिल होंगी जो शीर्ष 12 राष्ट्रीय रैंकिंग में नहीं हैं, और अगले साल की राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए रैंकिंग में ऊपर चढ़ने और उच्च डिवीजन में जगह बनाने के लिए स्पर्धा करेंगी।

---

# भारत और इंग्लैंड को विश्व कप में हराना सबसे मुश्किल होगा: कप्तान एलिसा हीली

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने भविष्यवाणी की है कि इस साल होने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में उनकी टीम के लिए भारत और इंग्लैंड दो ऐसी टीमें होंगी जिन्हें हराना सबसे मुश्किल होगा। हीली ने आज यहां क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के एक प्रायोजन कार्यक्रम में पत्रकारों से बात की और इस अनुभवी विकेटकीपर ने खुलासा किया कि ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए सब कुछ सही दिशा में है क्योंकि वे 37 सालों में महिलाओं के 50 ओवरों के विश्व कप खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बनने की कोशिश में हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पूर्व कप्तान शेरोन ट्रेड्रिया के नेतृत्व में 1982 और 1988 में लगातार दो विश्व कप जीते थे और सात बार की चैंपियन टीम इस साल



● **ऑस्ट्रेलिया भारत और श्रीलंका में होने वाले टूर्नामेंट की ट्रॉफी को उठाने का प्रबल दावेदार**

भारत और श्रीलंका में होने वाले इस आयोजन में इस प्रसिद्ध ट्रॉफी को उठाने की प्रबल दावेदारों में से एक के रूप में उतरेगी। लेकिन हीली दुनिया की नंबर 1 वनडे टीम को लेकर कुछ भी हल्के में नहीं ले रही हैं और उन्होंने रैंकिग में अपने सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वियों इंग्लैंड (दूसरे) और भारत (तीसरे) को 30 सितम्बर से शुरू होने वाले आठ टीमों के टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए संभावित बाधा के रूप में नामित किया है। हीली ने कहा कि मैं अभी इंग्लैंड को पूरी तरह से खारिज नहीं करूंगी , मुझे लगता है कि वे लोटी (शार्लोट एडवर्ड्स) के नेतृत्व में अपनी लय हासिल कर लेंगे। लेकिन मुझे लगता है कि जिस तरह से भारत घरेलू परिस्थितियों में खेल रहा है, उसे हराना वाकई मुश्किल होगा। हीली पिछले साल आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में लगी पैर की चोट से वापसी के करीब पहुंच रही हैं और प्रतिस्पर्धी मैचों में वापसी के लिए भारत ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए की आगामी घरेलू श्रृंखला पर नजर गड़ाए हुए हैं।

---

# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत अंडर-19 की अगुवाई करेंगे म्हात्रे

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत अंडर-19 दल की अगुवाई करेंगे जो कि 21 सितम्बर से शुरू होगा। 17 सदस्यीय दल में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को भी जगह मिली है।

भारत ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कुल पांच मैच खेलेगा जिसकी शुरुआत तीन वनडे मैच से होगी। तीनों मुकाबले नॉर्थ्स में 21, 24 और 26 सितम्बर को खेले जाएंगे। इसके बाद दो चार दिवसीय मैच 30 सितम्बर और 7 अक्टूबर से मैके में शुरू होंगे। हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर गए दल में से मौल्यराजसिंह चावड़ा, युद्धजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र और मोहम्मद एनान शामिल नहीं हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयनित दल में वेदांत त्रिवेदी, खिलन पटेल, उधव मोहन और अमन चौहान को जगह दी गई है। खिलन दाएं पैर में स्ट्रेस रिएक्शन के चलते इंग्लैंड दौरे पर



● **17 सदस्यीय दल में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को भी जगह मिली है**

दल का हिस्सा नहीं बन पाए थे। इंग्लैंड दौरे पर प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले पंजाब के शीर्ष क्रम बल्लेबाज विहान मल्होत्रा को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। इंग्लैंड में चार दिवसीय दोनों मैचों में म्हात्रे ने कुल चार पारियों में सर्वाधिक 340 रन बनाए थे और वनडे मुकाबलों में सूर्यवंशी ने पांच पारियों में सर्वाधिक 355 रन बनाए थे।

---

# ईसीबी ने छह हंड्रेड टीमों के लिए फ्रैंचाईजी सौदों की पुष्टि की

● **सन टीवी नेटवर्क ने 100 प्रतिश हिस्सेदारी के लिए ईसीबी के साथ समझौता पूरा कर लिया है**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने द हंड्रेड टूर्नामेंट के आठ निवेशकों में से छह के साथ फ्रेंचाइजी समझौतों पर हस्ताक्षर की पुष्टि की। दो अन्य के साथ बातचीत चल रही है, जिसमें रिलायंस समूह भी शामिल है, जिसने ओवल इनविसिबल्स टीम के लिए सफलतापूर्वक बोली लगाई थी। इसमें शामिल छह समूहों में अमेरिका स्थित टेक टाइटन्स भी शामिल है, जिसने लॉर्ड्स स्थित लंदन स्पिरिट में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की है। संजीव गोयनका के आरपीएसजी समूह ने मैनचेस्टर ओरिजिनल्स का 70 प्रतिशत अधिग्रहण पूरा कर लिया है और उम्मीद है कि वह आईपीएल और दक्षिण अफ्रीका 20 में अपनी सुपरजायंट्स फ्रेंच. इजी के अनुरूप टीम का नाम बदलकर मैनचेस्टर सुपरजायंट्स कर देगा। चेन्नई स्थित सन टीवी नेटवर्क ने हेडिंग्ले स्थित नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए ईसीबी के साथ समझौता पूरा कर लिया है। जीएमआर समूह ने साउथम्प्टन की टीम, सदर्न ब्रेव, में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी ले ली है। एमएलसी में वाशिंगटन फ्रीडम टीम के मालिक संजय गोविल ने वेल्श फायर टीम में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी लेकर खुद को शामिल कर लिया है, जबकि बर्मिंघम फीनिक्स टीम का 49 प्रतिशत हिस्सा नाइटहेड कैपिटल मैनेजमेंट, एलएलसी ने अपने निवेशकों (नाइटहेड) की ओर से ले लिया है। ओवल इनविसिबल में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए रिलायंस समूह के अहस्ताक्षरित समझौते के अलावा, कैन इंटरनेशनल और एरेस मैनेजमेंट ने अभी तक ट्रेंट रॉकेट्स में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए हस्ताक्षर नहीं किए हैं। ईसीबी ने कहा कि नए मालिक 1 अक्टूबर, 2025 से परिचालन नियंत्रण अपने हाथ में ले लेंगे। मीडिया विज्ञप्ति में आगे स्पष्ट किया गया है कि नए साझेदार द हंड्रेड टीमों में निवेश कर रहे हैं, जबकि ईसीबी प्रतियोगिता का पूर्ण स्वामित्व अपने पास रखेगा, और इसके साथ ही, नियमों, विडो की अवधि और अन्य महत्वपूर्ण मामलों जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर नियंत्रण रखेगा, जिनका खेल पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। ईसीबी ने कहा कि सामूहिक रूप से, आठ साझेदारियों के परिणामस्वरूप टीमों का मूल्यांकन 975 मिलियन पाउंड से अधिक है, जिसमें से 500 मिलियन पाउंड से अधिक अब अंग्रेजी और वेल्श क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश किए जाने की योजना है। यह भी खुलासा किया गया कि एक नया 'द हंड्रेड बोर्ड' स्थापित किया जाएगा, जिसमें ईसीबी और टीमों (निवेशक और मेजबान क्लब दोनों) के प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिन्हें 'द हंड्रेड की रणनी. तिक दिशा और व्यावसायिक विकास से संबंधित कुछ निश्चित मामलों पर अधिकार सौंपा जाएगा, जैसे कि द हंड्रेड प्रायोजन और लाइसेंसिग सौदे, खिलाड़ियों का वेतन और खिलाड़ियों का ड्राफ्ट और रिटेंशन तंत्र। आठ टीमों में से चार आईपीएल फ्रेंचाइजी के स्वामित्व में हैं।

---

# तेलुगु टाइटन्स और तमिल थलाइवाज की भिड़ंत से होगी पीकेएल की शुरूआत

● **पीकेएल सीजन-12**

● **प्रो कबड्डी लीग सीजन-12 में 29 अगस्त को विशाखापत्तनम में टूर्नामेंट की होगी शुरुआत**

**मुंबई, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 में 29 अगस्त को विशाखापत्तनम में तेलुगु टाइटन्स और तमिल थलाइवाज के बीच मुकाबले से टूर्नामेंट की शुरुआत होगी।

इस टूर्नामेंट में 12 टीमें विशाखापत्तनम, जयपुर, चेन्नई और दिल्ली में प्रतिस्पर्धा करेंगी। विशाखापत्तनम के राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में तेलुगु टाइटन्स और तमिल थलाइवाज के बीच मुकाबले से इस टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। यह सात साल बाद होगा जब इस तटीय शहर में इस टूर्नामेंट की वापसी होगी। दिन के दूसरे मैच में बेंगलुरु बुल्स का सामना पुनेरी पलटन से होगा। अगले दिन घरेलू टीम तेलुगु टाइटन्स एक बार फिर मैदान पर उतरेगी, इस बार शाम के पहले मैच में यूपी योद्धा के खिलाफ, उसके बाद यू मुंबा का सामना गुजरात जायंट्स से होगा। तीसरे दिन सुपर संडे को तमिल थलाइवाज और यू मुंबा भिड़ेंगे। मौजूदा चैंपियन हरियाणा स्टीलर्स बंगाल वॉरियर्स के खिलाफ अपने खिताब की रक्षा के लिए पहला मैच खेलेंगे।

12 सितम्बर से जयपुर के इंडोर हॉल, एसएमएस स्टेडियम में मुकाबला होगा, जहां दो बार की चैंपियन जयपुर पिंक पैंथर्स और बेंगलुरु बुल्स के बीच रोमांचक मुक. ाबले होंगे, इसके बाद तमिल थलाइवाज का सामना बंगाल वॉरियर्स से होगा। गुलाबी नगरी पीकेएल की लोककथाओं में एक विशेष स्थान रखती है, क्योंकि 2023-24 में ऐतिहासिक सीजन 10 के दौरान ऐतिहा. सिक 1000वें पीकेएल मैच की मेजबानी करेगा। तीसरे चरण में 29 सितम्बर को चेन्नई के एसडीएटी मल्टीपर्पस इंडोर स्टेडियम में यूपी योद्धा का सामना गुजरात जायंट्स से होगा, जबकि दबंग दिल्ली केसी का सामना हरियाणा स्टीलर्स से भिड़ेंगे। सीजन 12 का लीग चरण 13 अक्टूबर से दिल्ली के त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अपने चरम पर पहुंचेगा।

---

### बीसीए अध्यक्ष ने भारत अंडर-19 टीम में शामिल होने पर सूर्यवंशी को बधाई दी

**पटना, वार्ता।** बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत अंडर-19 टीम में शामिल होने पर आज बधाई दी।

आईपीएल 2025 में धूम मचाने के बाद, बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी पिछले महीने इंग्लैंड दौरे पर सुर्खियों में छा गए। इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ चौथे वनडे में, वैभव (14 वर्षीय) ने 52 गेंदों में शतक जड़कर युवा वनडे में सबसे तेज शतक लगाने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए अपना नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज करा लिया। बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने वैभव की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें वैभव से बहुत उम्मीदें हैं।

उन्होंने अपने प्रदर्शन से बिहार और भारत को बेहद गौरवान्वित किया है और अब उनके पास ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एक शानदार अवसर है। मैं उन्हें इस नए अध्याय के लिए शुभकामनाएं देता हूं। बीसीए प्रमुख राकेश तिवारी ने भी वैभव सूर्यवंशी जैसी उभरती प्रतिभाओं को राज्य में प्रोत्साहित करने और उनका समर्थन करने के लिए बिहार क्रिकेट संघ की प्रतिबद्धता दोहराई।

# तैनाती स्थल पर निवास करें चिकित्सक: डीएम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि चिकित्सक अपने तैनाती स्थल पर ही निवास करें। साथ ही प्रसव भी शत प्रतिशत संस्थागत हो। उन्होने टीकाकरण कार्यक्रम में लापरवाही न बरतने के निर्देश भी दिये।

जिलाधिकारी मनीष बंसल की कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत गठित जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की समीक्षा बैठक कर रहे थे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मुख कैंसर जांच सर्वे अभियान के तहत स्क्रीन किए गए व्यक्तियों का डिजिटली डाटा सुरक्षित रखा जाए जिससे मुख कैंसर संदिग्ध कोई भी व्यक्ति छूटे नहीं। सर्वप्रथम स्क्रीनिंग करवाते हुए फिजीकली एवं क्लीनिकली देखकर आगे की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जाए। जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों के लंबित भुगतान हेतु पुंवारका एवं सढौली कदीम के एमओआईसी का वेतन रोकने के साथ ही स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने के लिए किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। शत प्रतिशत बच्चों को कुपोषणमुक्त किया जाए। आगामी बैठक में टी बी स्क्रीनिंग का विकासखंडवार डाटा लेकर आएं। स्क्रीनिंग के साथ ही निक्षय पोर्टल पर फीडिंग सुनिश्चित करें। टीबी मरीजों को कम से कम 01 माह की दवाई उपलब्ध कराई जाए। सभी वीएचएसएनडी सत्रों पर आशाओं की डिमांड के अनुसार कम से कम एक एडल्ट एवं एक चाइल्ड वेट मशीन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इन मशीनों का रख-रखाव आंगनवाडी कार्यकत्रियों द्वारा किया जाएगा। आशाओं के रिक्त पदों पर यथाशीघ्र भर्ती को जाए। संचारी रोगों की रोकथाम हेतु बेहतर साफ सफाई के साथ ही नियमित तौर पर फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाए। आमजन को जागरूक किया जाए कि कहीं पर भी पानी का जमाव न होने दें। सभी संबंधित विभाग अपनी निर्धारित जिम्मेदारी को शत-प्रतिशत निभाना सुनिश्चित करें। लार्वा की साईकिल 7 दिनों की होती है इसको ब्रेक करें ताकि डेंगू से सभी को बचाया जा सके। घरों में मिलने वाले डेंगू सोर्स स्थल पर जुर्माना लगाने का भी प्राविधान किया जाए ताकि स्वच्छता बनी रहे। सभी स्वास्थ्य की दृष्टि से समृद्ध रहें।

सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सभी चिकित्सक अपने तैनाती स्थल पर ही निवास करना सुनिश्चित करें। सुनिश्चित किया जाए कि प्रसव शत प्रतिशत संस्थागत ही हो। जिन क्षेत्रों में घर पर ही प्रसव कराए जा रहे है उन क्षेत्रों की एएनएम के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। संस्थागत प्रसव बढाने के लिए बेहतर कार्ययोजना बनाई जाए। जून एवं जुलाई माह के स्टिल बर्थ का डेटाबेस तैयार कर संबंधित आशा एवं एएनएम की जिम्मेदारी तय की जाए। प्रसवों की ऑनलाइन फीडिंग हेतु आवश्यकता अनुसार डेटा एंट्री ऑपरेटर की नियुक्ति की जाए। प्रतिरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत टीकाकरण में खराब प्रगति पर एमओआईसी रामपुर मनिहारान का स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, सीएमएस डॉ. इंद्रा, जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती शिवांका गौड तथा समस्त सीएचसी एवं पीएचसी से चिकित्सक मौजूद रहे।

# संसद में बोले राज्यमंत्री बिजली उत्पादन क्षमता दोगुनी, लागत घटाने के प्रयास जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** संसद में सांसद इमरान मसूद द्वारा बिजली उत्पादन की लागत, कोयला आयात के प्रभाव और उत्पादन क्षमता बढ़ाने को लेकर पूछे गए प्रश्न का उत्तर केंद्रीय विद्युत राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने बताया कि मार्च 2014 में देश की कुल स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता 2,48,554 मेगावाट थी जो जून 2025 तक बढ़कर 4,84,819 मेगावाट हो गई है। इसमें कोयला आधारित तापीय बिजली की क्षमता 1,39,663 मेगावाट से बढ़कर 2,42,040 मेगावाट और नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता 75,519 मेगावाट से बढ़कर 2,33,999 मेगावाट हो गई है।

सरकार ने विद्युत उत्पादन बढ़ाने के लिए कई अहम पहल की हैं, जिनमें हरित ऊर्जा कॉरिडोर निर्माण, अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पार्क, बड़े पनबिजली संयंत्रों को नवीकरणीय स्रोत घोषित करना, और पारदर्शी कोयला आवंटन के लिए "शक्ति" नीति लागू करना शामिल है। उन्होने कहा कि ट्रांसमिशन नेटवर्क में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और आज देश में एक कोने से दूसरे कोने तक 1,18,740 मेगावाट बिजली स्थानांतरित करने की क्षमता है।

संसदीय कार्य प्रभारी विपिन जैन ने बताया है कि विद्युत राज्य मंत्री ने लिखित उत्तर में बताया कि जहां तक लागत की बात है, कोयला आधारित उत्पादन की लागत कोयले की कीमत, मालभाड़ा और आयातित कोयले की लागत पर निर्भर करती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोयले की कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण लागत बढ़ती है। हालांकि, अक्टूबर 2024 से कोयले के मिश्रण की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है, जिससे घरेलू कोयले की आपूर्ति से लागत को संतुलित किया जा रहा है। इसके चलते 2022-23 और 2023-24 के बीच औसत बिजली खरीद लागत में 5 पैसे की गिरावट आई है। उन्होने कहा कि उत्पादन लागत घटाने के लिए भी सरकार ने कई और कदम उठाए हैं।

**■ सांसद इमरान ने बिजली उत्पादन व लागत को लेकर पूछे थे सवाल**

# पीडीए तय करेगा देश की दिशा: इसरार




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा द्वारा दिवानी कचहरी में पीडीए कार्यक्रम को लेकर सपा अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव जमाल सबरी के चेंबर पर मीटिग हुई।

मीटिग में सपा के प्रदेश सचिव व रामपुर मनिहारान विधानसभा प्रभारी इसरार चौधरी ने कहा की पीडीए परिवार ही देश की दिशा व दशा तय करेगा। पीडीए एक ऐसा जनआंदोलन है जिसमें पिछड़े दलित अल्पसंख्यक मुस्लिम सिख बौद्ध ईसाई जैन व अन्य सभी शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा शोषण पीडीए परिवार का हो रहा है। सपा अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव जमाल साबरी एडवोकेट व महानगर अध्यक्ष मोहम्मद शाहजहां एडवोकेट ने कहा जनता सपा शासन को याद कर रही है अधिवक्ता सभा घर घर जाकर समाजवादी सरकार लगाने के लिए जन जागरण अभियान चला रहा है क्योंकि अधिवक्ताओं के हितों के लिए समाजवादी पार्टी ही कार्यरत है। इस मौके पर मेहरुद्दीन खान एडवोकेट, चौधरी अल्ताफ मलिक एडवोकेट, शाकिर एडवोकेट, जुबेर अली एडवोकेट, रूमन लाम्बा एडवोकेट, शाजिया कुरैशी एडवोकेट, शिवानी एडवोकेट, बालेस एडवोकेट, शानिया एडवोकेट, नफीस एडवोकेट साकिब एडवोकेट, अंकिता लाम्बा एडवोकेट आदि शामिल रहे।

## विद्युत आपूर्ति ठप्प

**चिलकाना।** बुधवार की रात को हवा व बारिश के चलते नगर में विद्युत आपूर्ति ठप रहने से सुबह के समय पेयजल का संकट गहराया।

बुधवार की रात लगभग दस बजे आई हवा व बारिश के बाद नगर में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप्प हो गई। अचानक बिजली गुल होने की घटना ने लोगों की रात की नींद खराब कर दी, बल्कि बृहस्पतिवार की सुबह भी मुसीबतों से भरी रही। लोगो को पेयजल आपूर्ति से जूझना पड़ा। सबसे अधिक दिक्कत सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों व आफिस जाने वाले लोगों को उठानी पड़ी।

रात भर विद्युत कटौती के कारण लोगों के इनवर्टर और बैटरी भी जवाब दे गए। रात को उमस ने लोगों की हालत खराब कर दी। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह नौ बजे के बाद बिजली आने पर नगर वासियों ने राहत की सांस ली।

# कूड़ा कलेक्शन में पूरा करें मानक: गिरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में निगम के सहयोगी आईटीसी मिशन सुनहरा कल से सम्बद्ध एनजीओ उमंग, फोर्स व स्पेस को लक्ष्य निर्धारित कर काम करने और अपने मानको को उत्साह के साथ पूरा करने पर जोर दिया।



नगरायुक्त ने तीनों एनजीओ के वालंटियर्स व संचालकों को आज निगम सभागार में सम्बोधित करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए एक सुगठित और सुनियोजित योजना के तहत कार्य करना होगा। लेकिन यह तभी होगा जब मौहल्ला समितियां सक्रिय होंगी। उन्होंने ग्राउण्ड स्तर पर कार्य करते हुए उसका पूरा विवरण भी संग्रहित व सुरक्षित रखने पर जोर दिया। नगरायुक्त ने तीनों एनजीओ से उनकी कार्य प्रणाली की विस्तार से जानकारी लेते हुए और बेहतर ढंग से काम करने के टिप्स दिए। उन्होंने एनजीओ को मौहल्ला समितियों को प्रशिक्षित करने का भी सुझाव दिया ताकि वे उनकी और अधिक मददगार बन सकें।

बैठक को अपर नगरायुक्त मृत्युंजय व नगर स्वास्थय अधिकारी प्रवीण शाह ने भी सम्बोधित किया। वालंटियर्स ने भी ग्राउण्ड स्तर पर कार्य करते हुए आने वाली समस्याओं से अवगत कराते हुए निगम से सहयोग का अनुरोध किया। बैठक में एनजीओ उमंग के मयंक पाण्डेय, फोर्स के मौहम्मद अर्श व स्पेस के मदन भारती आदि मौजूद रहे।

# उपभोक्ता हितैशी बनाने के लिए मजबूत कदम: आरएस वर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद में आरडीएसएस योजना के अंतर्गत बिजली विभाग के विकास कार्यों को तीव्र गति देने और शहर में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए एवं उपभोक्ता हितैषी बनाने के लिए यह एक मजबूत कदम है।

यह बात विद्युत नगरीय वितरण मंडल के अधीक्षण अभियंता आरएस वर्मा ने कही, उन्होंने बताया आरडीएसएस योजना के अंतर्गत विद्युत वितरण प्रणाली के आधुनिकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य तेजी से प्रगति पर है, उपभोक्ताओं को बहुत सुरक्षित और निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए विभिन्न तकनीकी कार्य पूरे किए जा रहे हैं। जिसमें शहरी क्षेत्र सहारनपुर में 11 केवी लाईन का 3 किमी फीडर बाइफरकेशन अर्थात जहां एक ही फीडर पर अधिक लोड था उसे दो या अधिक हिस्सों में बांटा गया है यह कार्य पूर्ण किया जा चुका है जिससे अधिक लोड वाले फीडरो को विभाजित करने से बिजली की आपूर्ति बाधित स्थिर और निर्बाध होगी तथा वोल्टेज की समस्या में भी कमी आएगी और बार-बार बिजली ट्रिप होने की समस्या में भी भारी कमी आएगी। इसके अलावा संचालित योजना के अंतर्गत घरों में वोल्टेज का झटका नहीं लगेगा, घरेलू उपकरण खराब नहीं होंगे. जर्जर हो चुकी लाइनों के स्थान पर नई और मोटी क्षमता वाली लाइन बिछाई जा रही हैं, जिससे बिजली के फॉल्ट जैसे शॉर्ट सर्किट स्पार्किंग, भारी बारिश या तेज हवाओं से भी निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं ट्रांसफार्मर तक बेहतर सप्लाई, जिससे वोल्टेज स्थिर रहता है बिजली आपूर्ति विश्वसनीय भी होगी। उन्होंने बताया शहरी क्षेत्र में आरडीएसएस योजना के अंतर्गत अब तक लगभग 23 करोड रुपए का कार्य पूरा किया जा चुका है। अधीक्षण अभियंता आर.एस वर्मा ने बताया यह योजना सबका साथ सबका विकास की भावना के अनुरूप एक सशक्त कदम है।

# मौहल्ला समितियां हों और अधिक सक्रिय : शिपू

**■ नगरायुक्त ने किया मौहल्ला समितियों एवं आरडब्लयूए प्रतिनिधियों से संवाद**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने कहा है कि हर शहरी की पहचान उसके शहर से होती है, यदि हमारा शहर साफ-सुथरा और स्वच्छ होगा तो हमारी पहचान भी अलग होगी। उन्होंने मौहल्ला समितियों से और अधिक सक्रिय होकर शहर को स्वच्छता में और आगे लाने की अपील की।

नगरायुक्त शिपू गिरि महानगर को संवारने तथा और अधिक स्वच्छ बनाने के लिए जनमंच में मौहल्ला समिति एवं रेजिडेंट एसोसियेशन के प्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने स्वच्छता के मानकों को आधार बनाकर रेजिडेंट वेल्फेयर एसोसियेशनों (आरडब्लयूए) के मध्य प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम तो अपना कार्य करेगा ही लेकिन यदि मौहल्ला समितियां और आरडब्लयूए सक्रियता के साथ स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुक करें तो डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन अभियान और अधिक प्रभावी बन सकेगा। उन्होंने पार्कों के रखरखाव में भी मौहल्ला समितियों और आरडब्लयूए से सहयोग की अपेक्षा की।

अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने कहा कि आरडब्लयूए अपने स्तर पर कूडे़ को कम्पोस्ट में परिवर्तित कर कूड़ा प्रबंधन में मददगार हो सकती हैं। उन्होंने अनेक आरडब्लयूए का उदाहरण देते हुए बताया कि उनके स्तर पर कूडे़ से कम्पोस्ट बनाकर अपने उपवनों और गमलों में उसका उपयोग किया जा रहा है। नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ.प्रवीण शाह ने कहा कि शहर में स्वच्छता के क्षेत्र में अभी काफी काम किया जाना बाकि है। उन्होंने लोगों से 'मेरा कूड़ा-मेरी जिम्मेदारी' को अपनाने का आह्वान किया। मौहल्ला समितियों की ओर से पंडित अनिल कोदण्ड, राजेन्द्र पाण्डेय तथा गुलशन खां ने जहां निगम के स्वच्छता अभियान की सराहना की वहीं ग्रीन पार्क कॉलोनी के अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने शहर में पुलिस की तरह स्थान-स्थान पर अधिकारियों के नाम व नंबर लिखवाने का सुझाव दिया। वार्ड 58 के राजेश जैन ने स्वच्छता के साथ अतिक्रमण हटवाने का सुझाव दिया। कुछ प्रतिनिधियों ने प्लाटों में कूड़ा डालने वालों के चालान कराने पर जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल व अनेक सफाई निरीक्षक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वीरेन्द्र आजम ने किया।

# लखनऊ कोर्ट में पेश हुए जिले के कांग्रेसी नेता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लखनऊ विधानसभा के सामने वर्ष 1991 में हुए युवा कांग्रेस के प्रदर्शन से संबंधित 34 वर्ष पुराने मामले की सुनवाई आज लखनऊ सिविल कोर्ट में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एमपी-एमएलए कोर्ट) आलोक वर्मा की अदालत में हुई।

इस अवसर पर पूर्व विधायक विनोद चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के दर्जनों वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भारी संख्या में न्यायालय में उपस्थित हुए। उल्लेखनीय है कि इस मामले में आज चार्जशीट दाखिल होनी थी, जिसके चलते कांग्रेसजनों ने एकजुट होकर अपनी हाजिरी कोर्ट में दर्ज कराई। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी से नरेंद्र शर्मा (सहारनपुर), वरिष्ठ नेता राम टंडन (आगरा), पूर्व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, वेज बंसल, खान सिंह, सुशील दुबे, नेत्रपाल सिंह (मथुरा), अंजुम इलाही (लखनऊ), हरवीर सिंह (मथुरा), राजू पंडित, सोगरण पहलवान, मुन्ना सिंह, सतवीर सिंह, प्रेम सिंह, सुरेश पंडित सहित कांग्रेस के कई प्रमुख कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

महेश बंसल ने बताया कि यह मुकदमा जन आंदोलन और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा से जुड़ा हुआ है, जिसे लेकर कांग्रेस पार्टी पूरी गंभीरता से लड़ रही है। पार्टी का यह संकल्प है कि हर स्तर पर न्याय की रक्षा की जाएगी।

## मारपीट के तीन आरोपी पकड़े

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने पेट्रोल पम्प कर्मचारी के साथ मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

विगत दिवस वादी पवन गुप्ता पुत्र कैलाश चंद प्रबंधक गणपति फीलिंग स्टेशन निकट अम्बेडकर चौक के पास थाना जनकपुरी ने थाने में बताया था कि एक्टीवा पर सवार तीन व्यक्तियों ने पेट्रोल पम्प कर्मचारी के साथ कहासुनी व हाथापाई की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। थाना जनकपुरी पुलिस ने आज थाना प्रभारी संजीव कुमार व उपनिरीक्षक शशांक गिरि के नेतृत्व में मुकदमा उपरोक्त में शामिल तीनों आरोपियों ऋषभ पुत्र अनिल कुमार, जितिन पुत्र नैनसिंह व प्रिंस उर्फ पीयूष पुत्र बृजभूषण निवासीगण ग्राम सड़क दूधली थाना जनकपुरी को गिरफ्तार कर लिया।

# शिक्षकों ने की पुरानी पेंशन की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चेतनारायणगंज की जनपद कार्यकारिणी द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष रजनीश चौहान एवं प्रदेश मंत्री डॉ. युद्धवीर सिंह के नेतृत्व में एक सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया।

इस ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश के शिक्षक कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की गई। साथ ही जनपद के माध्यमिक विद्यालयों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक को भी सौंपा गया। जिला विद्यायल निरीक्षक ने सभी समस्याओं के निस्तारण के लिए 10 अगस्त तक का समय निर्धारित किया है। कुछ समस्याओं का समाधान वार्ता के दौरान ही कर दिया गया। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से रजनीश चौहान (प्रदेश उपाध्यक्ष), डॉ. युद्धवीर सिंह (प्रदेश मंत्री), भूपेंद्र सिंह (जिला अध्यक्ष), शिवकुमार राठौर (मंडलीय मंत्री), राजेंद्र सिंह राठौर (जिला मंत्री), राजवीर सिंह यादव, विजय सिंह यादव, संजय शर्मा, सुरेंद्र कुमार, चरण सिंह, श्रीमती अमृता चौरसिया, अपर्णा रोहिल्ला, दशरथ सिंह, प्रदीप कुमार, जयदीप त्यागी, संदीप कुमार, अनिल सिंह, राकमसिंह, सतीश कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# ज्ञापन सौंप फरहाद ने मांगा मर्ज स्कूलों का ब्यौरा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पीडीए पाठशाला लगाने वाले समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता फरहाद आलम गाडा ने आज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जनपद में बंद किये जा रहे प्राइमरी स्कूलों की सूची मांगी।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिये ज्ञापन में फरहाद आलम गाडा ने कहा कि शासन के आदेश पर जनपद में प्राइमरी स्कूल के बंद होने से गरीबों तक के बच्चे शिक्षा के अधिकार से वंचित हो रहे हैं इसलिये जनपद में कितने प्राइमरी स्कूलों को बंद किया गया है यह अवगत कराया जाए। साथ ही यह भी बताया जाए कि जनपद में बंद किए गए प्राइमरी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के संख्या कितनी थी और उनके लिए क्या व्यवस्था की गई है।

फरहाद आलम ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने ज्ञापन लेते हुए बताया कि अभी प्रक्रिया पूरी नही हुई है। जैसे भी होगा अवगत करा दिया जायेगा। इस दौरान देशराज, उमर अली, नसीम सलमानी, अनुज कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, मनोज कश्यप, शहवाज गाडा, जुबैर आलम, रविश कुमार आदि मौजूद रहे।

## अखिलेश के संघर्ष से झुकी सरकार: फरहाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा के वरिष्ठ नेता फरहाद आलम गाडा ने प्राइमरी स्कूलों के मर्जीकरण पर सरकार द्वारा लिये गये निर्णय की सराहना करते हुए इसे सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के संघर्ष की जीत बताया। बताते दे कि फरहाद आलम गाडा द्वारा प्राइमरी स्कूलों को मर्ज किये जाने के विरोध में पीडीए पाठशाला शुरू की थी। जो नेशनल मीडिया में छाई रही और संसद में भी इसकी गूंज सुनाई दी। फरहाद आलम ने कहा कि अखिलेश यादव के सिपाही गरीब बच्चों के साथ खडी है

# डीएवी कंस्ट्रक्शन कंपनी हुई ब्लैक लिस्ट

## सीएम ग्रिड योजना में काम कर रही कंपनी की जमानत राशि जब्त अनुबंध भी निरस्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम ने सीएम ग्रिड फेज-1 योजनान्तर्गत जिलाधिकारी कार्यालय से थाना सदर होते हुए सिविल कोर्ट तक सड़क निर्माण कार्य कर रही कंपनी डीएवी कन्स. प्रा.लि. का अनुबंध समाप्त करते हुए जमानत जब्त कर कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर दिया है। नागरिक सुरक्षा एवं यातायात को गंभीर रूप से खतरा उत्पन्न करने पर एफआईआर के भी निर्देश दिए गए हैं।

सीएम ग्रिड योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य का महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने निरीक्षण के दौरान बार-बार निर्माण कार्य कर रही कंपनी को चेतावनी देते हुए गुणवत्ता के साथ कार्य समय से पूरा करने के निर्देश दिए थे, लेकिन कंपनी द्वारा निगम के साथ किये गए अनुबंध के अनुरुप कार्य न कर लगातार नियम विरुद्ध कार्य किया गया। यहां तक कि अर्थदण्ड लगाने के बाद भी कंपनी ने अपनी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं किया। जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त था। उसीके परिणाम स्वरुप आज नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर निर्माण कार्य कर रही डीएवी कन्स. प्रा.लि. कंपनी का अनुबंध समाप्त कर उसे ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की गयी है।

मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा दिए गए आदेशों का अनुपालन न करने, अनुबंध अनुसार योजना में प्रगति प्राप्त न करने, जनमानस को असुविधा पहुंचाने,नागरिक सुरक्षा एवं यातायात को गंभीर रूप से खतरा उत्पन्न करने ,अर्थदण्ड आरोपित करने के उपरांत भी कार्यशैली में कोई सुधार न करने, कांवड़ जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम में अवरोध उत्पन्न करने तथा कार्य को स्थल पर बार-बार बंद रखने के कारण उक्त कंपनी का अनुबंध समाप्त करते हुए जमानत राशि जब्त कर कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया गया है।

## कथा में त्रिपुरासुर का वृतांत सुनाया

**चिलकाना।** चौरी मंडी गांव के शिव मन्दिर में चल रही शिव महापुराण में कथा वाचक महात्मा आत्मानन्द गिरि महाराज ने त्रिपुरासुर की कथा सुनाई।

महाराज ने बताया कि दैत्य तारकासुर के तीन पुत्र थे, जिनके नाम तारकाक्ष, विद्युन्माली और कमलाक्ष थे। इन्होंने ब्रह्माजी की कठोर तपस्या करके वरदान मांगा कि उन्हें तीन मायावी नगर जे सोने, चांदी और लोहे के बने हों वह दिए जाएं, जो एक-दूसरे से दूर रहें और जब तक वे एक सीध में न आएं, तब तक उन्हें कोई भी देवता न मार सके। त्रिपुरासुर ने इन तीन नगरों में रहकर देवताओं को बहुत परेशान किया। उन्होंने तीनों लोकों में आतंक मचाया और देवताओं को पराजित किया। देवताओं ने भगवान शिव से प्रार्थना की। भगवान शिव ने त्रिपुरासुर का वध करने का संकल्प लिया।

# गोगा म्हाड़ी बनी चोरों का निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** गांव लतीफपुर में गोगा जाहरवीर जी की म्हाड़ी एक बार फिर चोरी की वारदात का शिकार बन गई। अज्ञात चोरों ने महाड़ी में लगे दानपात्र का ताला तोड़कर करीब 8 हजार रुपये नकद उड़ा लिए।



गुरुवार को सेवादार मुकेश कुमार के मुताबिकϋ रात कϋरीब साढ़े आठ बजे जब उन्होंने देखा कि मϋहाड़ी पर लगी लाइट बंद थी। तो तभी उन्हें शक हो गया। कϋरीब जाकर देखा दानपात्र टूटा पड़ा था और नकदी गायब थी। सेवादार ने बताया कि इससे पहले भी दो बार चोरी की वारदात हो चुकी है।

घटना के बाद पूर्व प्रधान योगेश कुमार, राकेश शर्मा, सोनू शर्मा, रवि पांचाल, राजपाल कश्यप, मोहनलाल शर्मा, पहल सिंह, विनोद राणा सहित कई ग्रामीण कोतवाली पहुंचे।

उन्होंने जल्द से जल्द चोरी के खुलासे की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इन दिनों गोगा जी की यात्राएं चल रही हैं। ऐसे माहौल में पवित्र स्थल पर चोरी होना आस्था और अमन दोनों के लिए बड़ी चुनौती है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 1 अगस्त 2025

# ट्रम्प के बिगड़ते बोल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पूरी तरह बेलगाम होते दिखाई दे रहे हैं। वे किसके विषय में कब क्या बोल दें कोई नहीं जानता। उनके फैसले भी बेहद अटपटे दिखाई दे रहे हैं। भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद अब उन्होंने कह दिया है कि भारत और रूस की इकोनॉमी डेड हो चुकी है। आम बोलचाल में डेड इकोनॉमी उस स्थिति को कहते हैं जब किसी देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह ठप हो जाए या बिल्कुल सुस्त पड़ जाए। यह एक तरह से किसी देश के दिवालियापन जैसा हो सकता है, जहां न कोई नौकरी रहती है न लोगों की कमाई बढ़ती है। लोग आर्थिक तंगी में फंस जाते हैं।

अब उन्होंने यह बात किस आकलन के आधार पर कही यह तो वही जानें, लेकिन इससे यह तो पता चलता ही है कि वह भारत को लेकर बेहद ही बेरुखा रुख अपना रहे हैं और यह तब है जब वह भारत को मित्र देशों की श्रेणी में भी रखते दिखाई देते हैं। ट्रम्प को समझना होगा कि हर देश की अपनी सीमाएं हैं अपने हित हैं, उसको उन्हीं के हिसाब से फैसले लेने होते हैं। जैसेकि गुरुवार को उद्योगमंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में कहा भी कि सरकार राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगी। सरकार अपने देश के किसानों, मजदूरों, सूक्ष्म, लघु व मझोले उद्योगों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। गोयल ने यह भी कहा कि अब तक अमेरिका के साथ चार दौर की बातचीत हो चुकी है और बातचीत अभी टूटी नहीं है।

लगता है कि ट्रम्प को इससे कोई मतलब नहीं है वह बेहद जल्दबाजी में हैं और वह ट्रेड को लेकर बेहद आक्रामक मुद्रा में हैं। वह किसी की सुनने के लिए भी तैयार नहीं हैं। उन्हें किसी की लाभ-हानि से कोई लेना-देना नहीं है। उन्हें केवल अमेरिका का हित दिखाई दे रहा है। उनकी तमाम कोशिश है कि अमेरिका को जो व्यापार में तमाम फायदें मिलें, जबकि दूसरे देशों को भी फायदा हो इससे उन्हें कोई सरोकार दिखाई नहीं दे रहा है। डोनाल्ड ट्रम्प को समझना चाहिए कि उनकी अर्थव्यवस्था बेहद मजबूत है और इस मजबूती के चलते उनका कोई दायित्व भी गरीब विकासशील देशों के प्रति बनता है। आखिर बड़ा वही कहलाता है, जो अपने छोटे देशों का भी ख्याल रखे, लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प व्यापार को लेकर किसी तरह का ख्याल रखने के मूड में नहीं हैं और न ही किसी देश की मजबूरी को समझ रहे हैं और सबसे बड़ी विचित्र बात तो यह है कि वह अपनी इस मंशा को छुपा भी नहीं रहे हैं। भारत के संदर्भ में वह खुलकर कह रहे हैं, क्योंकि भारत रूस से बड़ी संख्या में सैन्य साजो-सामान पेट्रोलियम पदार्थ व गैस की आपूर्ति कर रहा है। इसलिए वह भारत पर टैरिफ लगा रहे हैं। वह नहीं चाहते कि रूस के साथ कोई व्यापार करे। यह कैसे संभव है। हर देश अपनी जरूरत के हिसाब से किसी भी देश के साथ व्यापार करता है। अगर रूस हमें सस्ते दामों पर तेल व गैस दे रहा है, तो इस पर अमेरिका को क्यों आपत्ति होनी चाहिए, लेकिन आपत्ति हो रही है, बल्कि आपत्ति ही नहीं वह एक तरह से दंड भी देना चाहता है। टैरिफ लगाना यह दंड देने का ही एक तरीका है।

## केंद्र सरकार अपने आश्वासन पर खरी उतरे



उम्मीद है कि अमेरिकी टैरिफ को लेकर केंद्र सरकार अपने आश्वासन पर खरी उतरेगी, मित्र देश बताने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारतीय आयात पर 1 अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क तथा रूस से तेल आयात करने पर पेनाल्टी लगाने की घोषणा की गई है, इस नई चुनौती को केंद्र सरकार अवसर एवं आत्मनिर्भरता में बदलकर देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं होने देगी, इसको लेकर देश को दिए गए इस आश्वासन पर कि किसान, छोटे व मंझोले उद्योग और राष्ट्रहित से कोई समझौता नहीं करेगी, इस पर खरी उतरकर दिखाएगी, भारत गरीबों और मेहनतकश लोगों का देश है, हर हाथ को काम देने के साथ देश को आगे बढ़ाने की नीति बनाकर उस पर सही से अमल होना चाहिए।

**-सुश्री मायावती, बसपा सुप्रीमा**

# सियाम की परछाइयां: मंदिर, युद्ध और वैश्विक शतरंज



**वाहिद नसीम**



> राजा के भरोसेमंद लोग, जो सिर्फ सीमा पर तैनात कमांडर नहीं, बल्कि एक मानसिकता के वाहक हैं, जो थाईलैंड को ग्लोबल साउथ के उदय से काटकर, पश्चिम की गोद में बिठाना चाहते हैं। बैंकॉक का अभिजात वर्ग, जो BRI और BRICS के उदय को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। ये वे लोग हैं जो इतिहास से अधिक लाभ में विश्वास करते हैं और मंदि. रों के नाम पर युद्ध बेचते हैं, लेकिन लाभ के लिए शांति खरीदते हैं।

जब युद्ध अचानक प्रकट होता है, तो कहीं न कहीं कोई उसे वर्षों से यह फसल उगा रहा होता है धीरे, छुपकर, और गहरी चालों के साथ। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर उठता धुआं, कुछ विश्लेषकों के लिए सिर्फ एक पारंपरिक विवाद है, मगर इस लेख के मेरे लिए यह एक बहुत गहरे भू-राजनीतिक युद्ध की भूमिका है, जिसकी स्क्रिप्ट वाशिंगटन, लंदन और तेल अवीव में लिखी जा रही है। इसमें इस्तमाल किए गए हथियरों से संकेत स्पष्ट है। यह केवल थाई-कंबोडिया संघर्ष नहीं, यह चीन के खिलाफ छेड़ा जा रहा एक परोक्ष वैश्विक युद्ध का पहला कदम है, जिसमें दक्षिण-पूर्व एशिया, ब्रिक्स और पूरा ग्लोबल साउथ युद्ध के शतरंज पर मोहरे बन चुके हैं।

**प्राचीन मंदिर, आधुनिक महायुद्ध**

सीमा विवाद का प्रतीक बन चुका है प्रीह विहेयर मंदिर। एक प्राचीन खमेर मंदिर जो डांगरेक पर्वतों पर स्थित है, जिसकी दीवारें चुपचाप सियाम के उत्थान, खमेर साम्राज्य की गरिमा, और औपनिवेशिक सीमा-रेखाओं की क्रूरता की गवाह रही हैं।

थाई अभिजात वर्ग और सैन्य नेतृत्व, इस मंदिर को राज्य-गौरव का प्रतीक मानते हैं, जो 1907 की फ्रांस-सियाम संधि से कटे हुए अतीत को पुन:स्थापित करने का माध्यम बन सकता है। परंतु यह सिर्फ एक मंदिर विवाद नहीं। यह एक अवसर है, उस तीसरे पक्ष के लिए जो हर प्राचीन पीड़ा को भविष्य के युद्ध का बहाना बनाना बना रहा है।

**BRI: रेशमी सपनों की अस्थिर नींव**

चीन की Belt and Road Initiative एक 6,000 किमी लंबा महायोग, जो युन्नान से लेकर सिंगापुर तक दक्षिण-पूर्व एशिया की नसों को जोड़ता है। वर्तमान संघर्ष की बुनियाद में कहीं न कहीं गूंजती हुई छाया है।

थाईलैंड का हिस्सा (नोंग खाई एक्सटेंशन) भ्रष्टाचार में उलझा है, जबकि कंबोडिया और लाओस तेजी से बीआरआई के नक्शे पर चमक रहे हैं। में देख रहा हूं कि अमेरिका के लिए यह बेहद असहनीय है। वह नहीं चाहता कि बीजिंग सड़कों, रेल और बंदरगाहों के माध्यम से एक आर्थिक-सांस्कृतिक धुरी बना दे, जो पश्चिम के पुराने मार्गों को अप्रासंगिक कर दे। इसलिए, अराजकता फैलाना, कनेक्टिविटी को जड़ से उखाड़ना, और ASEAN को भीतर से फाड़ डालना अमेरिका की रणनीति बन चुकी है।

**कंबोडिया: अगला यूक्रेन?**

आश्यान के संगठित होते देशों की हलचल से इशारा मिलता हैं कि जिस तरह यूक्रेन को रूस के खिलाफ एक फॉरवर्ड बेस बनाया गया, उसी तरह कंबोडिया कृ जहां चीन ने रणनीतिक रूप से रियाम नौसैनिक अड्डा विकसित किया है कृ जिसे पश्चिम ष्चीन के खिलाफ एक जालष में बदलने की कोशिया में है।

अमेरिका को थाईलैंड जैसे सहयोगी की जरूरत है क्यों है, पश्चिमी हथियारों तक पहुंच रखता है और वहां एक ऐसा राजा और सैन्य वर्ग है जो प्राचीन गौरव और पश्चिमी पूंजी दोनों का मोह रखता है। इस समीकरण में, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव भड़काना, ताइवान को चीन के खिलाफ उकसाना, और थाईलैंड-कंबोडिया युद्ध को बढ़ाना। सब कुछ एक साझा रणनीति के धागों से जुड़ा है।

**अभिजात वर्ग और राजा के आदमी: खेल के भीतर खेल**

राजा के भरोसेमंद लोग, जो सिर्फ सीमा पर तैनात कमांडर नहीं, बल्कि एक मानसिकता के वाहक हैं, जो थाईलैंड को ग्लोबल साउथ के उदय से काटकर, पश्चिम की गोद में बिठाना चाहते हैं।

बैंकॉक का अभिजात वर्ग, जो BRI और BRICS के उदय को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। ये वे लोग हैं जो इतिहास से अधिक लाभ में विश्वास करते हैं और मंदिरों के नाम पर युद्ध बेचते हैं, लेकिन लाभ के लिए शांति खरीदते हैं।

**असल में कौन है तीसरा पक्ष?**

वह कोई एक सरकार नहीं, वह कोई एक सेना नहीं, वह एक गति है जो अराजकता को रणनीति में बदल देती है। CIA, MI6, NATO, तेल अवीव, लंदन सब मिलकर एक ऐसी भू-राजनी. तिक वॉर मशीन बनाते हैं, जो हर हिस्से में एक नया यूक्रेन बनाने के फिराक में है। मंदिर जो शांति का प्रतीक थे, युद्ध के बहाने बन गए। सीमाएं जो इतिहास में उकेरी गई थीं, आज हथियार बन गईं। लेकिन जिसे आप युद्ध समझते हैं, वह किसी और की शांति की योजना है और किसी और की गुलामी की तैयारी। ज्ञात रहे हर क्षेत्रीय युद्ध के पीछे एक वैश्विक ब्लूप्रिंट होता है। हर टकराव के पीछे लाभ का गणित छिपा होता है और हर विरोध में एक ऐसी खामोशी दबी होती है, जो कभी भूगोल से, तो कभी इतिहास से, उभर आती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्व की राजनीतिक मामलों पर गहरी पकड़ रखते हैं, ये विचार उनके निजी विचार हैं)

# अपमान के लिए महिलाएं खुद जिम्मेदार

**अनिरुद्धाचार्य ने अपने बयान को लेकर उपजे विवाद व हंगामे के बाद एक वीडियो जारी कर यह कहा है कि मेरी कुछ बहनें प्रसारित हो रहे वीडियो से आहत हैं। कहना चाहता हूं कि कुछ लड़कियां ऐसी होती हैं कि लिव इन में रहकर चार जगह मुंह मार के किसी के घर जाएंगी, तो क्या वे किसी रिश्ते को निभा पाएंगी। इसलिए लड़की हो या फिर लड़का दोनों को चरित्रवान होना चाहिए। यह कहकर मुआफी मांग. नी तो क्या उन्होंने अपनी चार जगह मुंह मारने जैसी सड़क छाप भाषा शैली का फिर से इस्तेमाल किया। शायद वे सोच रहे हों कि बदनाम अगर होंगे तो क्या नाम न होगा? जरा सोचिए कि किरण बेदी व कल्पना चावला के देश में जहां लड़कियां चांद पर पहुंचने की होड़ में लगी हुई हैं। उस देश की महिलाओं को यह अशिक्षित रहकर शिक्षा ग्रहण करने की उम्र में शादी रचाने की सलाह देते हैं।**



**निर्मल रानी**

हमारे देश में अनेकानेक स्वयंभू संत, प्रवचनकर्ता, ज्योतिषी व धर्मगुरु टीवी स्क्रीन की शोभा बढ़ा हैं। ऐसे कई स्वयंभू संत व प्रवचनकर्ता जब कैमरे के सामने प्रकट होते हैं तो उनका साज श्रृंगार, मेकअप उनकी निराली अदाएं सब कुछ देखने लायक होती हैं।

ऐसे ही एक कथावाचक व आध्यात्मिक गुरु कहे जाने वाले अनिरुद्धाचार्य का नाम अक्सर किसी न किसी विवाद को लेकर चर्चा में रहता है। रूपहले पर्दे पर नजर आने का शौक रखने वाले अनिरुद्धाचार्य लाफ्टर शेफ्स में एक अतिथि के रूप में देखे जा चुके हैं। वे बिग बॉस 18 में शो के ग्रैंड प्रीमियर के दौरान अतिथि के रूप में भी शोभायमान हो चुके हैं परन्तु वे अपनी कई टिप्पणियों व अंधविश्वास पूर्ण बातों के लिए विवादों में भी रह चुके हैं। कभी कभी शब्दों को तोड़मरोड़कर पेश करने के लिए भी वे हास्य का पर्याय बन चुके हैं। जैसे उन्होंने बिस्किट को विष-की-किट यानी जहर का पैकेट परिभाषित कर दिया।

तो कभी पीजजा में पड़ने वाले चीज यानि पनीर को गोंद कहकर उसका मजाक उड़ाते सुने गए। एक बार उन्होंने यह भी कहा था कि महिलाओं को पीछे की ओर नहीं सोना चाहिए क्योंकि इससे उनके स्तन अशुद्ध हो जाएंगे। एक बार एक टीवी शो के दौरान उन्हें कुछ तार्किक व वैज्ञानिक सोच रखने वाले कुछ शिक्षित लोगों का सामना करना पड़ा। उस समय टीवी एंकर द्वारा उन्हें उनके प्रवचन का वह अंश याद दिलाया गया जिसमें उन्होंने यह कहा था कि गाय के गोबर में से गेहूं चुनचुन कर निकालकर उस गेहूं का पिसा आटा खाने से पुत्र रत्न प्राप्त होता है परन्तु पिछले दिनों अपने एक तथाकथित प्रवचन में तो अनिरुद्धाचार्य ने महिलाओं का अपमान करने की सभी सीमाएं पार कर दीं। यही महिलाएं जो ऐसे स्वयंभू संतों व प्रवचनकर्ताओं का प्रवचन शुरू होने से पहले सज संवरकर, अपने सिरों पर भारी कलश रखकर शहर में संतों व प्रवचन कर्ताओं की शोभा यात्रा निकाल. कर नगर में इनके प्रवचन में भीड़ जुटाने के लिए माहौल तैय्यार करती हैं। यही महिलाएं जो इनके प्रवचन में कभी तालियां बजाकर तो कभी नृत्य कर कभी अपने दोनों हाथ ऊपर उठाकर झूम झूम कर इनके समागम में समां बांधती हैं। यही महिलाएं जो इनके प्रवचन सुनाने अपने पति व अन्य पड़ोसियों को भी साथ लाती हैं। जो इन्हें दान देती हैं,जो रोज सुबह मंदिरों में सबसे पहले पहुंचती हैं। जो महिलाएं श्रद्धा पूर्वक मंदिरों व आश्रमों में सेवा करती हैं। इन्हें महिलाओं व उनकी पुत्रियों को लेकर जिस तरह के विकार पिछले दिनों अनिरुद्धाचार्य के मुख से निकले उसने न केवल आम लोगों को बल्कि स्वयं इनके भक्तों को भी आश्चर्य चकित कर दिया। जो शब्द उन्होंने महिलाओं के लिए इस्तेमाल किए शायद इससे अधिक घटिया शब्दों का चयन हो भी नहीं सकता है।

उन्होंने अपने एक प्रवचन के दौरान कुंवारी लड़कियों की शादी की उम्र को लेकर अत्यंत विवादित व आपत्तिजनक बयान दे डाला। उन्होंने कहा कि लोग विवाह के लिए लड़की लाते हैं पच्चीस साल की। अब 25 साल की लड़की चार जगह मुंह मार चुकी होती है। सब नहीं पर बहुत और वह पच्चीस साल की जब आती है तो पूरी जवान होकर आती है। जब जवान हो कर



आएगी तो स्वाभाविक है कि वह अपनी जवानी कहीं न कहीं वह, उसकी जवानी फिसल जाएगी। साथ ही उन्होंने 14 साल की उम्र में लड़की की शादी को जायज ठहराया। गौरतलब है कि भारत में बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत इस उम्र में शादी अवैध है। इस बयान के बाद तो गोया पूरे देश में भूचाल सा आ गया। मथुरा में भी महिलाएं व अन्य संगठनों ने इनके विरुद्ध प्रदर्शन किया। उनके पुतले फूंके गए। कई जगह से उनके विरुद्ध महिला संगठनों द्वारा एफ आई आर करने की खबरें सुनीं गईं। उधर एक बार फर इस विवादित बयान को लेकर भी टीआरपी की दौड़ में जुटे मीडिया समूहों को मसाला खबरें बेचने की सामग्री हासिल हो गई। महिलाओं के प्रति ऐसी विकृत मानसिकता रखने वाले स्वयंभू संतों की भक्ति में डूबी महिलाएं स्वयं ही जिम्मेदार हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अचानक इतनी फुर्ती में क्यों है डीजीसीए

**रजनीश कपूर**



जब भी कभी कोई विमान हादसा होता है या होते-होते टल जाता है तो भारत का नागर विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए और एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो ऐसी घटना की जांच करता है। ऐसे मामलों में जांच पूरी होने तक डीजीसीए उस विमान के पायलट व क्रू को ग्राउंड कर देता है यानी उड़ान भरने पर रोक लगा देता है। सवाल है कि क्या डीजीसीए का सिर्फ इतना ही फर्ज है?




सवाल यह भी है कि क्या ऐसी दुर्घटनाओं के बाद की जाने वाली ऐसी जांच में केवल एयरलाइन के स्टाफ की ही गलती क्यों सामने आती है? क्या डीजीसीए के अधिकारियों को हवाई जहाज की नियमित जांच और रख-रखाव की ऑडिट नहीं करनी चाहिए, जो उनका फर्ज है? यदि डीजीसीए द्वारा ऐसे निरीक्षण समय-समय पर होते रहें तो ऐसे हादसे टाले जा सकते हैं। हाल ही में भारत के एविएशन इतिहास में सबसे बड़ा हादसा अहमदाबाद में हुआ।

उसके बाद से ही तमाम जानकारियां सामने आने लगी कि एयर इंडिया के इस विमान हादसे में किसकी गलती हो सकती है। क्या पायलट दोषी हैं? क्या विमान बनाने वाली कंपनी दोषी है? क्या एयर इंडिया के विमान की रख-रखाव करने वाली एजेंसी दोषी है? इन सभी सवालों पर फिलहाल अटकलें ही लगाई जा रही हैं क्योंकि विमान हादसे की जांच अभी चल रही है, लेकिन कहीं पर भी आपको यह सुनने को नहीं मिलेगा कि क्या भारत का नागर विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए अपना काम जिम्मेदारी से कर रहा था? यदि हां तो फिर ऐसा हादसा कैसे हो गया? यदि नहीं तो क्यों नहीं?

एयर इंडिया के बोइंग विमानों में अचानक एक के बाद एक हादसों का होना एक गंभीर मुद्दा अवश्य है, लेकिन जिस तरह इन हादसों के बाद डीजीसीए अचानक हरकत में आया है वह कई सवाल उठाता है। क्या डीजीसीए द्वारा नियमित रूप से की जाने वाली ऑडिट में कहीं चूक हुई थी? गौरतलब है कि हर विमान, चाहे वो किसी भी एयरलाइन का क्यों ना हो, उसकी नियमित जांच व रख-रखाव करना अनिवार्य होता है। हर उड़ान से पहले विमान का पूरा निरीक्षण किया जाता है। ऐसे निरीक्षण को पहले टेक्नीशियन और उसके बाद इंजीनियर द्वारा किया जाता है।

विमान जो भी कमी पाई जाती है उसे विमान की लॉगबुक में दर्ज किया जाता है। इसके साथ ही विमान में पाई गई कमी को दुरुस्त करने की एंट्री भी इसी लॉगबुक में की जाती है जिसे विमान से संबंधित सभी लोग साइन भी करते हैं। इसमें पायलट, टेक्नीशियन और इंजीनियर शामिल हैं। इतना ही नहीं इस सबके ऊपर इन लॉगबुक्स का डीजीसीए द्वारा नियमित रूप से ऑडिट भी किया जाता है। यदि इसमें कोई कमी होती है तो डीजीसीए द्वारा संबंधित एयरलाइन को नोटिस दिया जाता है।

वहीं यदि किन्हीं कारणों से डीजीसीए द्वारा ऑडिट को केवल औपचारिकता के लिए किया जाए तो अनदेखी के चलते विमान हादसा कभी भी हो सकता है। ऐसा देखा गया है कि जब भी कभी कोई बड़ा विमान हादसा होता है तो डीजीसीए तुरंत हरकत में आकर कड़े ऑडिट करने शुरू कर देता है। इन ऑडिटों में डीजीसीए यह दिखाने की कोशिश करता है कि वह किसी भी तरह की लापरवाही के प्रति शून्य सहनशीलता (जीरो टॉलरेंस) रखता है, लेकिन क्या वास्तव में ऐसा सोचना सही है? यदि डीजीसीए के अधिकारी एयरलाइन की न सुनकर, कानून के हिसाब से हर एयरलाइन का नियमित व विस्तृत ऑडिट करते रहें तो डीजीसीए पर उंगलियां नहीं उठेंगी। पर पता नहीं किस लालच या दबाव में ए जांच नहीं होती।

एविएशन के जानकारों के अनुसार विमान के इंजन में होने वाली कोई खराबी का कारण नियमित रख-रखाव का न होना है। इसके अलावा विमान के स्पेयर पार्ट की गुणवत्ता और पायलट की उचित ट्रेनिंग का न होना भी है। इन घटनाओं के पीछे डीजीसीए के अधिकारियों द्वारा ऐसी कमियों को अनदेखा करना भी एक प्रमुख कारण है। यदि डीजीसीए के अधिकारी केवल इस बात पर जोर न दें कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा तो शायद ऐसी घटनाएं न हों।पिछले दिनों संसद में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए नागरिक उड्डयन मंत्री ने यह बताया कि डीजीसीए के स्वीकृत 1644 पदों में से 823 रिक्त हैं। यानी 50 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त हैं। इनमें से अधिकतर पद तकनीकी हैं। यह वही तकनीकी पद हैं जो विमानों की तकनीकी जांच करने में सक्षम होने चाहिए परंतु डीजीसीए के पास यदि टेक्निकल मैनपावर की कमी है तो वो टेक्निकल ऑडिट किस हद तक कर पाएगा इसका अनुमान कोई भी लगा सकता है। वहीं डीजीसीए के कुछ अधिकारी कुछ चुनिंदा एयरलाइंस, फिर वो चाहे शेड्यूल्ड एयरलाइन हों या नॉन-शेड्यूल एयरलाइन (प्राइवेट चार्टर कंपनी) हों, के साथ अच्छे संबंध बनाए रखता है। ऐसे संबंधों का यह नतीजा होता है कि यदि अच्छे संबंधों वाली एयरलाइन बड़ी से बड़ी गलती क्यों न करे उसे केवल एक चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता है और किसी को कानों कान भी खबर नहीं होती। वहीं किसी अन्य एयरलाइन द्वारा कोई मामूली सी गलती भी हो जाए तो उसके खिलाफ कड़े से कड़े नियमों के तहत कार्यवाही की जाती है। क्या डीजीसीए बताएगा कि ऐसे दोहरे मापदंड क्यों अपनाए जाते हैं?

एक अनुमान के तहत आनेवाले दो दशकों में भारत का नागर विमानन ट्रैफिक 5 गुना बढ़ने की संभावना है। यदि कनाडा और न्यूजीलैंड की तरह हमें भी एविएशन के क्षेत्र में एक अच्छी पहचान बनानी है तो डीजीसीए के अधिकारियों को अपने स्वार्थों को दरकिनार करते हुए यात्रियों की सुरक्षा और एयरलाइन कम्पनी के विमानों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। डीजीसीए के एयर सेफ्टी डिपार्टमेंट, फ्लाइट स्टेंडर्ड्स डिपार्टमेंट, एयरक्राफ्ट इंजीनियरिंग व एयरवर्थिनेस डिपार्टमेंट जैसे विभागों को विमानों की जांच के हर पहलू को कड़ाई से लागू करने को गम्भीरता से लेना होगा।

ऐसा करने से एक ओर हवाई यात्रा करने वाले यात्री अपने को सुरक्षित महसूस करेंगे। वहीं दूसरी ओर एयरलाइन कम्पनियों को भी इस बात का खौफ बना रहेगा कि छोटी सी भूल के चलते उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही भी हो सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# तिलमिलाए ट्रम्प ने छह भारतीय कंपनियों पर लगाया बैन

## कहा: ईरान से चोरी-छिपे कारोबार किया, ईरान बोला: अमेरिका इकोनॉमी को हथियार की तरह कर रहा इस्तेमाल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान से प्रतिबंधित रसायन और पेट्रोकेमिकल उत्पादों की खरीद करने वाली 24 कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया। इनमें 6 भारतीय कंपनियां भी हैं। इसके अलावा चीन की 7, यूएई की 6, हान्गकान्ग की 3, तुर्किये और रूस की 1-1 कंपनी शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इन प्रतिबंधों की घोषणा की।

मंत्रालय का कहना है कि इन कंपनियों ने 2024 में ईरानी मूल के 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा के उत्पाद यूएई के रास्ते मंगवाए। ईरान इस पैसे से न्यूक्लियर प्रोग्राम बढ़ा रहा है और आतंकी फंडिंग कर रहा है। ईरान पर 2018 से प्रतिबंध है। ईरान के पास दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेल भंडार है। देश की इकोनामी आयल पर काफी ज्यादा निर्भर करती है। ईरान के पास दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेल भंडार है। देश की इकोनामी आयल पर काफी ज्यादा निर्भर करती है। ईरान ने इसका जवाब देते हुए कहा कि अमेरिका अपनी इकोनामी को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। दूतावास ने कहा कि अमेरिका, ईरान और भारत जैसे आजाद देशों पर प्रतिबंध लगाकर उनकी प्रगति और विकास को रोकने की कोशिश कर रहा है। ये प्रतिबंध



**कंपनियों ने 2024 में ईरानी मूल के 1000 करोड़ से ज्यादा उत्पाद यूएई के रास्ते मंगवाए**

अंतर्राष्ट्रीय कानून और देशों की संप्रभुता का उल्लंघन करते हैं। यह एक तरह का आधुनिक आर्थिक साम्राज्यवाद है। इन नीतियों का विरोध करना मजबूत ग्लोबल साउथ के लिए खड़ा होना है। किन भारतीय कंपनियों पर कार्रवाई हुई-अलकेमिकल साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड-इस पर सबसे बड़ा आरोप है। कंपनी ने जनवरी से दिसम्बर 2024 के बीच 84 मिलियन डालर (करीब 700 करोड़ रुपये) से ज्यादा के ईरानी पेट्रोकेमिकल उत्पाद आयात किए। ग्लोबल इंडस्ट्रियल केमिकल्स लिमिटेड-जुलाई 2024 से जनवरी 2025 तक कंपनी ने 51 मिलियन डालर (करीब 425 करोड़ रुपये) से ज्यादा के ईरानी मेथनाल सहित अन्य उत्पाद खरीदे। ज्यूपिटर डाई केम प्राइवेट लिमिटेड-इसी अवधि में इस कंपनी ने टोल्यून समेत ईरानी उत्पादों का करीब 49 मिलियन डालर का आयात किया। रमणिकलाल एस. गोसालिया एंड कंपनी-इसने करीब 22 मिलियन डालर के पेट्रोकेमिकल्स खरीदे, जिनमें मेथेनाल और टाल्युइन शामिल हैं। पर्सिस्टेंट पेट्रोकेम प्राइवेट लिमिटेड-अक्टूबर से दिसम्बर 2024 के बीच कंपनी ने 14 मिलियन डालर का ईरानी मेथेनाल आयात किया। कंचन पालिमर्स-इस पर 1.3 मिलियन डालर के ईरानी पालीइथिलीन उत्पाद खरीदने का आरोप है।

## हो सकता है, भारत को तेल बेचे पाक: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पाकिस्तान के साथ आयल डील होने का ऐलान किया है। इसके तहत पाकिस्तान के तेल भंडारों का विकास करेंगे। साथ ही उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान भविष्य में भारत को तेल बेच सकता है। सोशल मीडिया पोस्ट करते हुए ट्रम्प ने लिखा कि हमने पाकिस्तान के साथ एक डील फाइनल की है, जिसमें अमेरिका और पाकिस्तान मिलकर वहां के विशाल तेल भंडारों का विकास करेंगे। एक तेल कंपनी को इस साझेदारी के लिए चुना जाएगा। शायद एक दिन वे भारत को भी तेल बेचें। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय आया है, जब कुछ ही घंटे पहले उन्होंने भारत पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। पाकिस्तान की समुद्री सीमा में पिछले साल सितम्बर में तेल और गैस का एक बड़ा भंडार मिला था। पाकिस्तानी मीडिया हाउस डान के मुताबिक, इलाके में एक सहयोगी देश के साथ मिलकर 3 साल तक सर्वे किया गया था। इसमें बाद तेल और गैस रिजर्व की मौजूदगी की पुष्टि हुई। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह भंडार दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेल और गैस का भंडार होगा। फिलहाल वेनेजुएला में तेल का सबसे बड़ा रिजर्व है, जहां 34 लाख बैरल तेल है। वहीं, अमेरिका का सबसे शुद्ध तेल का भंडार है, जिसे अब तक इस्तेमाल नहीं किया गया।



नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधीअपनी बहन व पार्टी सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा से बातचीत करते हुए।

## सिडनी में लीजियोनेयर्स रोग से एक की मौत, कई बीमार

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े शहरों में से एक सिडनी के उपनगर पॉट्स पॉइंट में लीजियोनेयर्स रोग से एक व्यक्ति की मौत हो गई है और एक अन्य का अस्पताल में इलाज चल रहा है। सिडनी स्थानीय स्वास्थ्य जिला (एसईएसएलएचडी) ने गुरुवार को बताया कि सिडनी हार्बर ब्रिज और सिडनी ओपेरा हाउस से दो किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित इस उपनगर के सात लोग मई से लीजियोनेयर्स रोग से संक्रमित हो चुके हैं जिनमें एक बुजुर्ग (80) भी शामिल है। बुजुर्ग व्यक्ति जून के अंत में बीमार हुआ था और उसकी मृत्यु हो गई है। शेष छह लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पांच लोगों को छुट्टी दे दी गई है और एक व्यक्ति ठीक हो रहा है। एसईएसएलएचडी ने कहा कि 45 से 95 वर्ष की आयु के सभी मरीज एक-दूसरे को नहीं जानते थे लेकिन हो सकता है कि वे क्षेत्र में संक्रमण के एक सामान्य स्रोत के संपर्क में आए हों। लीजियोनेयर्स रोग एक गंभीर प्रकार का निमोनिया है जो लीजियोनेला नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह रोग पानी या मिट्टी में मौजूद बैक्टीरिया को सांस के जरिए अंदर लेने से फैलता है, खासकर उन लोगों को जो कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले हैं या धूम्रपान करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन पर रूसी हमलों में छह मरे, 52 घायल

**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव पर गुरुवार तड़के रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों में कम से कम छह लोग मारे गए और अन्य 52 घायल हो गए। कीव शहर सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने टेलीग्राम पर यह जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ितों में एक छह साल का बच्चा भी शामिल है। शहर में 27 जगहों पर हमला हुआ। हमले वाली जगहों पर बचाव अभियान जारी है और पीड़ितों की संख्या बढ़ सकती है।

### नेपाल में मानसून जनित आपदाओं में 43 लोगों की मौत

**काठमांड।** नेपाल में इस साल मानसून का मौसम शुरू होने के बाद से बारिश के कारण आई आपदाओं में 43 लोगों की जान जा चुकी है और 116 अन्य घायल हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बुधवार शाम एक रिपोर्ट में कहा कि मानसूनी बारिश से आई 569 आपदाओं के चलते 16 लोग अभी भी लापता हैं।बाढ़ के कारण 15 लोगों की जान गई और सात घायल हुए। बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत हुई और 95 घायल जबकि भूस्खलन से 14 लोगों की मौत हुई है।

### चीन नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे जापान: बीजिंग

**बीजिंग/टोक्यो।** चीन ने टोक्यो में दो चीनी नागरिकों की गंभीर रूप से पिटाई की रिपोर्टों पर जापानी पक्ष से चीनी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी उपाय लागू करने का आग्रह किया है। गौरतलब है कि आज सुबह टोक्यो में चार लोगों ने दो चीनी नागरिकों पर हमला किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने बीजिंग में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चीन ने इन रिपोर्टों पर ध्यान दिया है।

### पकड़े गए सैनिकों को थाईलैंड रिहा करे: कंबोडिया

**नोम पेन्ह/बैंकॉक।** कंबोडिया ने थाईलैंड से युद्धविराम लागू होने के बाद पकड़े गए 20 कंबोडियाई सैनिकों को रिहा करने का आग्रह किया है। कंबोडियाई रक्षा मंत्रालय अवर सचिव और प्रवक्ता, लेफ्टिनेंट जनरल माली सोचेता ने बुधवार को कहा कि उनके 21 सैनिक, थाईलैंड सेना के कब्जे में थे। इसमें से एक मृत सैनिक का शव मिल गया है।

## इमरान खान की पार्टी के 166 सदस्यों को 10 साल जेल

**दो साल पहले ISI बिल्डिंग पर हमले मामले में अदालत ने सुनाया फैसला**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 166 नेताओं और कार्यकर्ताओं को 10-10 साल की जेल की सजा सुनाई।

यह सजा 9 मई, 2023 को पंजाब प्रांत में आईएसआई बिल्डिंग और अन्य सैन्य ठिकानों पर हमले के मामले में दी गई है। सजा पाने वालों में नेशनल असेंबली और सीनेट में विपक्ष के नेता और कई सांसद शामिल हैं। यह फैसला उस समय आया है जब पीटीआई 5 अगस्त से पूरे देश में इमरान खान को रिहा करो आंदोलन शुरू करने की तैयारी कर रही थी। पीटीआई ने फैसलाबाद की आतंकवाद निरोधी अदालत (एटीएस) के इस फैसले की कड़ी निंदा की है। पार्टी का कहना है कि यह फैसला उनके सांसदों को संसद से अयोग्य घोषित करने और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन को रोकने की साजिश का हिस्सा है। 9 मई, 2023 को इमरान खान की गिरफ्तारी के विरोध में पीटीआई कार्यकर्ताओं ने फैसलाबाद में आईएसआई बिल्डिंग, लाहौर में जिन्ना हाउस (कोर कमांडर हाउस), मियांवाली एयरबेस और रावलपिंडी में सेना मुख्यालय (जीएचआईक्यू) सहित कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया था। फैसलाबाद की एटीसी ने आईएसआई बिल्डिंग हमले के मामले में 185 में से 108 लोगों को दोषी ठहराया और 77 को बरी कर दिया।

## कनाडा भी देगा फलस्तीन को मान्यता, ट्रम्प को चढ़ा गुस्सा

### प्रधानमंत्री कॉर्नी ने किया ऐलान, सितम्बर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में औपचारिक घोषणा होगी

**ओटावा।** कनाडा भी फ्रांस और ब्रिटेन की तरह फलस्तीन को एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र के तौर में मान्यता देगा। प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने बुधवार को इसका ऐलान किया। यह मान्यता औपचारिक रूप से सितम्बर 2025 में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजहए) के दौरान दी जाएगी। इसके साथ ही कनाडा, फ्रांस और ब्रिटेन के बाद जी-7 का तीसरा देश बन गया है जिसने हाल ही में फलस्तीन को मान्यता देने का ऐलान किया है।

गाजा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच करीब दो साल से जंग जारी है। वहां में पानी और खाद्य संकट और रिफ्यूजी शिविरों की हमलों से मानवीय संकट गहरा गया है। इसके चलते इजरायल पर लगातार अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ रहा है। यूएन की इंटीग्रेटेड फूड सिक्योरिटी फेज क्लासिफिकेशन की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक गाजा में अकाल से भी बुरी स्थिति है। प्रधानमंत्री कार्नी ने मान्यता के लिए कुछ शर्तें भी रखी हैं। इन्हें फलस्तीन को पूरा करना होगा। अगले वर्ष चुनाव कराना अनिवार्य होगा, जो कि 2006 के बाद पहली बार होगा। चुनाव और शासन में हमास की कोई भागीदारी नहीं होगी। (हमास को आतंकी संगठन माना जाता है)। फलस्तीनी राज्य का डिमिलिटराइजेशन यानी यानी हथियारों और लड़ाकू क्षमताओं से मुक्त क्षेत्र बनाया जाएगा। कार्नी ने कहा कि उन्होंने फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से सीधे बात की है और इन शर्तों पर सहमति मिल गई है। उन्होंने कहा कि गाजा में जो हो रहा है, वह मानवता के खिलाफ अपराध जैसा है। उन्होंने इजरायल पर आरोप लगाया कि वह अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को राहत सामग्री देने नहीं दे रहा, जिससे हालात और बिगड़ गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक अब तक 60 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इनमें 89 बच्चों सहित 154 लोगों की मौत भुखमरी से हुई है। हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। कार्नी ने कहा कि गाजा में आम लोगों की पीड़ा अब बर्दाश्त से बाहर है। अब और देर करना, मानवता के साथ अन्याय होगा। कनाडा ने फलस्तीनी अथारिटी को 63 करोड़ रुपये देने का ऐलान किया है। इससे भविष्य में राज्य का ढांचा तैयार किया जाएगा। साथ ही, कनाडा ने 190 करोड़ रुपये की मानवीय सहायता देने की घोषणा की है।



**इजरायल ने कनाडा के फैसले की निंदा की, ब्रिटेन और फ्रांस पहले ही मान्यता देने का ऐलान कर चुके हैं**

### फलस्तीन पर कनाडा के फैसले से अमेरिका नाराज

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि फलस्तीन को मान्यता देने के कनाडा के फैसले से उसके साथ व्यापार समझौता करना मुश्किल हो जाएगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ पर कहा कि वाह! कनाडा ने अभी घोषणा की है कि वह फलस्तीन को राष्ट्र का दर्जा देने का समर्थन कर रहा है। इससे हमारे लिए उनके साथ व्यापार समझौता करना बहुत मुश्किल हो जाएगा। ओह कनाडा!!! जुलाई के मध्य में कार्नी ने कहा था कि इस बात के 'बहुत कम प्रमाण' हैं कि अमेरिका के साथ आयात शुल्क पर कोई समझौता हो सकता है। पिछले शुक्रवार को ट्रम्प ने इस वार्ता को लेकर निराशा जाहिर की थी। उधर कनाडा ने कहा कि अगर फलस्तीनी प्राधिकरण चुनाव कराने सहित कुछ बदलाव करने के लिए प्रतिबद्ध होता है, तो वह उसे राष्ट्र के रूप में मान्यता दे देगा।

## गाजा में कुपोषण से सात और लोगों की मौत

### गाजा संकट पर चर्चा करने के लिए इजरायल की यात्रा पर जाएंगे अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ

**दुबई।** गाजा पट्टी में पिछले 24 घंटों में कुपोषण से सात और लोगों की मौत हो गई है। फलस्तीनी क्षेत्र में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार मंत्रालय ने बताया कि 2023 में इज़रायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से कुपोषण से मरने वालों की कुल संख्या अब 154 हो गई जिसमें 89 बच्चे शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र समर्थित वैश्विक खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञों ने मंगलवार को चेतावनी दी कि गाज़ा में अकाल की सबसे खराब स्थिति वर्तमान में चल रही है। इज़रायल ने कहा है कि वह गाज़ा में आने वाली सहायता पर प्रतिबंध नहीं लगा रहा है, लेकिन उसका ये दावा यूरोप में उसके करीबी सहयोगियों, संयुक्त राष्ट्र और



गाज़ा में सक्रिय अन्य एजेंसियों द्वारा स्वीकार नहीं किया गया हैं। इस बीच अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ गुरुवार को गाजा संकट पर चर्चा करने के लिए इज़रायल की यात्रा पर जाएंगे। एक अलग घटनाक्रम में गाजा अस्पताल के सूत्रों ने बीबीसी को बताया कि बुधवार सुबह दक्षिणी गाजा के राफा इलाके में गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) के सहायता वितरण केंद्र के पास छह फलस्तीनी मारे गए। सूत्रों ने बताया कि भीड़ ने वितरण केंद्र के खुलने से कुछ देर पहले ही उसमें घुसने की कोशिश की थी और एक इज़रायली टैंक ने उन पर हमला कर दिया। जीएचएफ ने आरोपों का खंडन करते हुए बीबीसी को बताया कि उसके केंद्रों पर या उसके आसपास कोई हत्या नहीं हुई। इज़रायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने भी बीबीसी को बताया कि 'प्रारंभिक समीक्षा से पता चलता है कि हताहतों की संख्या आईडीएफ के पास मौजूद जानकारी से मेल नहीं खाती।'

**2023 में इजरायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से कुपोषण से मरने वालों की कुल संख्या अब 154 हो गई है**

## श्रीलंका में रिश्वतखोरी के आरोप में 34 गिरफ्तरी

**कोलंबो।** श्रीलंका में रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच आयोग ने घोषणा की कि 2025 के पहले छह महीनों में रिश्वत मांगने के आरोप में 34 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीआईएबीओसी के अनुसार आयोग को एक जनवरी से 30 जून 2025 के बीच 3022 शिकायतें मिलीं। इस अवधि के दौरान अधिकारियों ने 27 छापे मारकर 34 लोगों को गिरफ्तार किया। सीआईएबीओसी ने कहा कि संदिग्धों में दस श्रीलंकाई पुलिस अधिकारी, न्याय मंत्रालय के पांच अधिकारी, स्वास्थ्य मंत्रालय के दो और श्रीलंका परिवहन बोर्ड के दो अधिकारी शामिल हैं।

## रूस में लगातार दूसरे दिन भी आया 6.5 का भूकंप

**कल कामचटका द्वीप पर 8.8 तीव्रता से धरती कांपी थी, ज्वालामुखी भी फटा**

**व्लादिवोस्तोक।** रूस में लगातार दूसरे दिन भूंकप आया है। रूस के पूर्वी इलाके में मौजूद कुरिल आईलैंड्स पर गुरुवार सुबह आए इस भूकंप की तीव्रता 6.5 थी। नेशनल सेंटर फार सिस्मोलाजी (एनसीएस) के मुताबिक, यह भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 10:57 पर दर्ज हुआ। इसकी गहराई महज 10 किलोमीटर थी। इससे पहले बुधवार को कुरिल द्वीपों के पास समुद्र में 8.8 तीव्रता का भीषण भूकंप आया था।

जो अब तक दर्ज किए गए सबसे शक्तिशाली भूकंपों में छठे नंबर पर है। हालांकि, इसमें अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। 8.8 तीव्रता के भूकंप के बाद रूस, जापान, चीन और अमेरिका तक सुनामी लहरें पहुंची थीं। रूस में ये लहरें 4 मीटर ऊंची, जबकि अमेरिका में 1 मीटर तक ऊंची थीं। कुरील में कल भी एक 6.3 तीव्रता का भूकंप आया था। इसके अलावा कामचटका में भूकंप के बाद ज्वालामुखी भी फटा। यूएस जियोलाजिकल सर्वे के मुताबिक, 8.8 तीव्रता वाले मुख्य भूकंप के बाद बीते 16 घंटे में रूस के आसपास 125 से ज्यादा आफ्टरशाक्स आए हैं। इनकी तीव्रता 4.4 या उससे अधिक रही है। इनमें से तीन झटके 6.0 से अधिक तीव्रता के रहे, जिनमें सबसे जोरदार झटका 6.9 तीव्रता का था। यह मुख्य भूकंप के करीब 45 मिनट बाद महसूस हुआ। बुधवार को ही सुबह 11 बजे के करीब मुख्य भूकंप के केंद्र से 200 मील दक्षिण-पश्चिम में 6.4 तीव्रता का एक और आफ्टरशाक आया। बुधवार को आए 8.8 तीव्रता वाले भूकंप के कुछ ही घंटे बाद कामचाटका प्रायद्वीप पर क्लूचेवस्काया सोपका नाम का ज्वालामुखी फटा। पिछले कुछ दिनों से इस ज्वालामुखी में हलचल बढ़ रही थी। रात में इसके क्रेटर से रोशनी निकल रही थी और दिन में यह राख उगल रहा था। बुधवार को इसने करीब 3 किलोमीटर ऊंचाई तक राख का गुबार छोड़ा।

**D.A.V. COLLEGE, ARYA SAMAJ ROAD, MUZAFFARNAGAR**
**SHORT-TERM TENDER NOTICE**

Sealed tenders are invited from reputed and experienced Firms/ Suppliers for the supplying of following material for the session 2025-26.

| S | Particular of work | Approx Cost (in Lac) | Cost of Tender form | E.M.D. | Completion period |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Lab Equipments/ Chemical/ Glassware/ Polyware and other consumables | 10.00 | 1,000/- | 50,000/- | 30 Days from the date of order |
| 2 | Furniture | 5.00 | 1,000/- | 25,000/- | |
| 3 | Library Books | 2.00 | 1,000/- | 10,000/- | |
| 4 | Printing of College Magazine "VEENAPANI" Session 2024-25 | 5.00 | 1,000/- | 25,000/- | 45 Days from the date of order |

**NOTE**

1. Terms and Conditions are explained in Tender Documents. Description of Items to be purchased mentioned in Tender form.
2. The Tender form can be purchased from **Office Counter No. 03** between 10:30 am to 02:00 pm from 01st August to 7th August - 2025 at the cost of Rs. 1000/- by cash payment.
3. Tenders may be Submitted in **Office Counter No. 03** upto 7th August - 2025 upto 02:00 pm.
4. Tenders will be opened on 12th August 2025 at 02:30 pm in Principal Office.
5. The college reserves all the rights to reject any tender without explaining any reason.

**Dated: 30.07.2025** (Dr. Garima Jain)

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम

92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782
9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट